आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 193 | उज्जैन, मंगलवार 28 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### बैंक ऑफ बड़ौदा के कस्टमर्स का डेटा डार्क-वेब पर लीक

**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहकों का पर्सनल डेटा और बैंक के इंटरनल डॉक्यूमेंट्स डार्क वेब पर लीक हो गए हैं। मामले से जुड़े सूत्र और साइबरसिक्योरिटी रिसर्चर ने इस बात की जानकारी दी। कैशलेस कंज्यूमर के फाउंडर और साइबरसिक्योरिटी रिसर्चर श्रीकांत एल के अनुसार, लीक हुए डेटा में ग्राहकों की पर्सनल डिटेल्स, आइडेंटिफिकेशन डॉक्यूमेंट्स, लोन से जुड़े पेपर और बैंक के इंटरनल ऑडिट रिकॉर्ड शामिल हैं। इस डेटा लीक को कंफर्म करते हुए मामले से जुड़े सूत्र ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस घटना की जांच के लिए फोरेंसिक ऑडिट शुरू कर दिया है। हालांकि, इस लीक से कितने ग्राहक प्रभावित हुए हैं, इसकी सटीक संख्या अभी साफ नहीं हो पाई है।

### पीओके में हुआ विधानसभा चुनाव का पहला चरण

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सोमवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई मतदाता इस बार वोटिंग करने नहीं गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो वायरल है जिनमें वोटिंग सेंटर पर सिर्फ कर्मचारी नजर आए। जबकि वोटिंग के लिए वहां कोई मौजूद नहीं था। दरअसल, पीओके में पिछले दो महीनों से लगातार विरोध प्रदर्शन, हिंसा, गिरफ्तारियां और सरकारी कार्रवाई जारी है। यह विवाद उन 12 विधानसभा सीटों को लेकर है, जो भारत के जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान जाकर बसे शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं।

### न्यायालय ने अबू सलेम की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें उसने रिहा करने का अनुरोध किया है। सलेम ने याचिका में दावा किया है कि उसने भारत में जेल में 25 साल पूरे कर लिए हैं, जैसा कि पुर्तगाल से उसके प्रत्यर्पण की शर्तों में तय किया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ बंबई उच्च न्यायालय के अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सलेम की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सलेम ने याचिका में दावा किया कि उसकी तुरंत रिहा करने की याचिका समय से पहले और गलत आधार पर आधारित बताकर खारिज कर दी गई थी।

### सलमान की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश



#### काला हिरण' फिल्म का टीजर 24 घंटे में हटाने का निर्देश दिया

**मुंबई।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म 'काला हिरण: द बैटल फॉर लेगेसी' के टीजर को सोशल मीडिया से हटाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर प्रोड्यूसर 24 घंटे के अंदर टीजर के लिंक नहीं हटाते हैं, तो एक्स (ट्विटर) और यूट्यूब जैसी इंटरनेट कंपनियों को इसे हटाने के आदेश दिए जाएंगे। अभिनेता सलमान खान ने अपने पर्सनालिटी राइट्स और निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार की सुरक्षा के लिए याचिका दायर की थी। सलमान का आरोप है कि फिल्म में उन्हें अंडरवर्ल्ड से जुड़ा दिखाकर उनकी छवि खराब की जा रही है। 'कानून से ऊपर कोई नहीं'- प्रोड्यूसर के रवैये पर कोर्ट नाराज मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस ज्योति सिंह ने फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि आरोपी हर दिन अपनी सीमाएं पार कर रहा है और खुद को कानून से ऊपर समझ रहा है। जज ने टिप्पणी की कि किसी सामान्य नागरिक के साथ भी ऐसा बर्ताव नहीं किया जा सकता। साख बनाने में बहुत मेहनत लगती है और एक बार छवि खराब होने के बाद उसे वापस पाना आसान नहीं होता।

### नैनो न्यूज

- बिहार में छात्र प्रदर्शन के दौरान एके-47 से फायरिंग करने वाले सिपाही पर बड़ी कार्रवाई, निलंबन के बाद विभागीय जांच शुरू।
- यूपी : पैंट में पेशाब करने पर 5 साल के मासूम को गर्म चाकू से दागने का आरोप, टीचर और प्रिंसिपल पर एफआईआर दर्ज।
- सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार संवैधानिक, पुलिस का लाठीचार्ज जायज नहीं।
- भारत ने यूक्रेन के राजदूत को तलब किया, भारतीय क्रू मेंबर की मौत पर जवाब मांगा।
- मौसम विभाग ने कई राज्यों में भारी से अति भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।
- राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम ने 57वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं।
- आम आदमी पार्टी ने ई20 ईंधन नीति के विरोध में 1 अगस्त को राष्ट्रीय टाउन हॉल आयोजित करने की घोषणा की है।
- प्रधान के इस्तीफे के बाद सीजेपी की विक्ट्री पार्टी, सौरव दास लड़की ब्यूटीफुल गाने पर नाचे।

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने सरकार पर लगाया समझौता तोड़ने का आरोप, देशभर में सैकड़ों छात्र अरेस्ट, झूठे मुकदमे में फंसाया

## सीजेपी की चेतावनी- दोबारा आंदोलन करने पर मजबूर न करें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने सरकार पर समझौता तोड़ने का आरोप लगाया। आशुतोष ने एक्स पर लिखा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई पुलिस कार्रवाई नहीं करने के समझौते का पूरी तरह उल्लंघन हो रहा है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।

अगर ऐसा ही किया गया, तो हम फिर से आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। साथ ही, हम मांग करते हैं कि कानूनी मामलों को लेकर हुए लिखित समझौते की प्रति और भारत सरकार के साथ तय समय-सीमा हमें कल तक उपलब्ध कराई जाए। उधर सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास, आशुतोष रांका ने एडवोकेट कपिल सिब्बल के साथ शाम 5.30 बजे दिल्ली में तीन मूर्ति लेन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



### देश के अन्य राज्यों में छात्रों को गिरफ्तार किया जा रहा : सीजेपी

सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सोमवार को एक्स पर आरोप लगाया कि असम, पश्चिम बंगाल और बिहार में छात्रों और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जा रहा है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पार्टी का कहना है कि उसने देशव्यापी आंदोलन केंद्र सरकार के इस आश्वासन पर स्थगित किया था कि किसी भी प्रदर्शनकारी पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी। सीजेपी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपने वादे से पीछे हटती है, तो यह लाखों युवाओं के विश्वास के साथ धोखा होगा। पार्टी ने कहा कि अगर कल तक सभी हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा नहीं किया गया और एफआईआर वापस नहीं ली गई, तो वह आगे जरूरी कदम उठाएगी।

### सोनम हॉस्पिटल से डिस्चार्ज, राजघाट पहुंचे



सोनम वांगचुक को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। इसके बाद वे लद्दाख रवाना होंगे। उससे पहले वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट गए। वांगचुक ने शुक्रवार देर रात अपना 26 दिन का अनशन खत्म किया था। **अहिंसा के रास्ते चलें, समाधान जरूर मिलता है-** वांगचुक ने कहा- पिछले पांच-छह सालों से हम लद्दाख में गांधीजी के अहिंसक तरीके को अपनाते आ रहे हैं और हमें यह बहुत प्रभावी लगा। हालांकि मुझे संदेह था कि क्या यह तरीका राष्ट्रीय स्तर पर भी काम करेगा। लेकिन इस आंदोलन ने मेरा भरोसा और मजबूत किया कि गांधीजी का रास्ता आज भी पूरे देश में उतना ही असरदार है और आने वाले कई सालों तक रहेगा।

लोकसभा में परीक्षा संशोधन बिल पेश लेकिन चर्चा नहीं हो सकी

## विपक्ष छात्रों की पिटाई मामले पर बहस के लिए अड़ा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार को लोक परीक्षा संशोधन बिल पेश किया गया। हालांकि विपक्ष के हंगामे की वजह से पहले दिन चर्चा नहीं हो पाई। विपक्ष छात्रों पर नीट पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज के मामले पर बहस के लिए अड़ा रहा।

कांग्रेस का कहना है कि इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर बयान दें। इस वजह से लोकसभा की कार्यवाही दिन में 4 बार स्थगित हुई। जब भी कार्यवाही शुरू हुई, कांग्रेस, सपा के सांसद वेल में बैनर लेकर पहुंच जाते और नारेबाजी करने लगते।

स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बिल पर चर्चा के लिए सरकार और विपक्षी सांसद सहमति बनाकर आएं। इसके बाद बिरला ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार दोपहर 12 बजे चर्चा शुरू हो सकती है।



### प्रधान का एनडीए सांसदों ने किया स्वागत

पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफे के बाद सोमवार को पहली बाहर संसद पहुंचे। एनडीए सांसदों ने उन्हें शॉल और मिथिला पाग पहनाकर सम्मानित किया और संसद भवन के अंदर तक ले गए। सांसदों ने धर्मेंद्र प्रधान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। प्रधान ने नीट पेपर लीक विवाद के बीच 25 जुलाई को इस्तीफा दिया था।

### प्रधान के बाद अब गड़करी के इस्तीफे की मांग, संसद मार्च का ऐलान

देश में एथनॉल मिश्रित ई-20 पेट्रोल को लेकर विरोध तेज होता जा रहा है। खुद को ई-20 जनता पार्टी बताने वाले एक ऑनलाइन अभियान ने एथनॉल मिश्रण नीति के खिलाफ 4 अगस्त को संसद मार्च का ऐलान किया है। इस अभियान को टैक्सी और परिवहन संगठनों का भी समर्थन मिलने का दावा किया जा रहा है।

### लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह तक के लिए स्थगित

- **किरेन रिजिजू ने कहा-** कांग्रेस और उसके साथी जानबूझकर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। इतना महत्वपूर्ण बिल है, इस पर चर्चा होनी चाहिए। ऐसा काम मत कीजिए, आपकी इमेज बहुत गिर चुकी है। बदनाम होने वाला काम मत कीजिए। चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। स्पीकर चेयर पर बैठे कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने कहा, आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं। आप देश के युवा के भविष्य लिए चर्चा नहीं चाहते हैं। यदि आपको आज चर्चा नहीं करते हैं तो मैं सभा की कार्रवाई मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करता हूं।

- **अमित शाह सदन में आकर बयान दें-** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोले, 'हम चर्चा से डरने वाले नहीं हैं। मैं चाहता हूं कि अमित शाह को सदन में आना चाहिए और बताना चाहिए लाठीचार्ज क्यों करवाया।'
- **जंतर-मंतर पर 'ईवीएम हटाओ सेना' का धरना-** जंतर-मंतर पर रविवार को 'ईवीएम हटाओ सेना' के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के उपयोग पर सवाल उठाते हुए मतपत्र (बैलेट पेपर) से चुनाव कराने की मांग की। धरने में शामिल लोगों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर प्रणाली लागू की जानी चाहिए।

सीजेपी आंदोलन के बाद पहला केस

## महाराष्ट्र में नीट छात्रा ने किया सुसाइड

**एजेंसी ▸▸ अहिल्यानगर**

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में 19 साल की मेडिकल छात्रा अंकिता सांगले ने रविवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें अंकिता ने लिखा कि परीक्षा में उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिलने से वह मानसिक तनाव में थी और डॉक्टर बनने का उसका सपना अधूरा रह गया।

परिवार के मुताबिक घटना से पहले छात्रा अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थी। काफी देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं आने पर उसकी मां ने दरवाजा खोला, जहां वह मृत मिली।

नीट एग्जाम में हुई गड़बड़ियों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था। 25 जुलाई को धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद प्रदर्शन खत्म हो गया था। प्रदर्शन खत्म होने के बाद सुसाइड का यह पहला मामला है। नीट मुद्दे पर अब तक 23 स्टूडेंट आत्महत्या कर चुके हैं।

## केन-बेतवा प्रभावितों को न मुआवजा मिला और न पुनर्वास : राहुल गांधी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना में आदिवासियों की जमीन तो ले ली गई, लेकिन उन्हें न न्यायपूर्ण मुआवजा मिला और न ही सम्मानजनक पुनर्वास। राहुल ने सोमवार को एक्स पर प्रभावित किसानों और आदिवासियों के आंदोलन का वीडियो साझा किया। इसके साथ लिखा- मोदी सरकार सत्य और सत्याग्रह, दोनों से डरती है। शांतिपूर्ण आंदोलन पुलिस बल से कुचला जा रहा है। सत्य यह है कि आदिवासी देश के पहले मालिक हैं। जल, जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार उन्हीं का है और उनका सत्याग्रह इसी अधिकार की रक्षा के लिए है।

## पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन के लिए फांसी की मांग

### सजा 31 जुलाई को सुनाई जाएगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

आईबी अधिकारी अंकित शर्मा हत्याकांड में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों के लिए दिल्ली पुलिस ने फांसी की सजा मांगी है। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट में सजा पर बहस हुई। पुलिस ने दलील दी कि अपराधियों ने बेहद क्रूर और जघन्य तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया है। यह इन लोगों की सोची-समझी साजिश थी।



बचाव पक्ष ने दलील दी कि हर मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि 91 गवाहों की जांच के बाद कोर्ट ने 11 आरोपियों में से सिर्फ छह को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने अब सजा सुनाने के लिए 31 जुलाई की तारीख दी है। कड़कड़डूमा कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर हुसैन, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया था। वहीं, 11 आरोपियों में से 6 को बरी कर दिया गया था। यह मामला दयालपुर थाने में अंकित शर्मा के पिता रविंदर कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था। 25 फरवरी 2020 को अंकित शर्मा ऑफिस से घर लौटने के बाद दोबारा बाहर निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आए। परिवार उनकी तलाश कर रहा था, तभी लोगों ने बताया कि उनकी हत्या कर शव को चांदबाग पुलिया के पास खजूरी खास नाले में फेंक दिया गया है।

प्रदेश में अगले 4 दिन भारी वर्षा का अलर्ट

## शहडोल में बिजली गिरने से तीन की मौत, 5 घायल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में स्ट्रॉन्ग मानसूनी सिस्टम एक्टिव होने से एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। रविवार को प्रदेश के पूर्वी हिस्से में तेज बारिश हुई, जबकि 6 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

आइएमडी भोपाल के मुताबिक, अगले 24 घंटे में उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश का अनुमान है। इस बीच शहडोल जिले में रविवार को तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में 11 साल का बच्चा भी शामिल है। सभी घटनाएं खेतों और खुले स्थानों पर हुईं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रदेश में यह सिस्टम एक्टिव

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश से एक मानसून ट्रफ गुजर रही है। वहीं, लो प्रेशर एरिया और डिप्रेशन भी एक्टिव है। आने वाले दिनों में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा। इस वजह से 27 से 30 जुलाई के बीच भारी और अति भारी बारिश का अलर्ट है।

### प्रदेश में 15% बारिश कम

मौसम विभाग के अनुसार, अब तक प्रदेश में औसत 13.2 इंच (334.9 मिमी) बारिश हुई है, जबकि 15.5 इंच (395.2 मिमी) पानी गिर जाना था। इस तरह 2.3 इंच यानी, 15 प्रतिशत बारिश कम हुई है। दूसरी ओर, पूर्वी हिस्से में 18 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 13 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

## एसआईटी में सीए भी शामिल करो : सुप्रीम कोर्ट

### राममंदिर चढ़ावा चोरी की 2 हफ्ते में जांच रिपोर्ट दो, आरोपी और 14 दिन जेल में रहेंगे

**एजेंसी ▸▸ अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की सोमवार दोपहर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया- नई एसआईटी बना दी गई है। आईजी किरण एस इसे लीड कर रहे हैं। टीम में एक डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल, एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा- क्या चोरी की जांच कर रही एसआईटी की इस नई टीम को हर चीज का एक्सेस होगा? इसपर तुषार मेहता ने हामी भरी। दोपहर करीब 3.30 बजे सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा- हम इस जांच को बंद नहीं कर रहे हैं। चोरी के इस मामले में और भी सुधार के कदम उठाने होंगे। एसआईटी में फोरेंसिक ऑडिटर को शामिल करिए। ऑडिटर वित्तीय अपराधों का पता लगाने के लिए खातों और रिकॉर्ड्स की जांच करेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है। एसआईटी को निर्देश दिया है कि वह दो हफ्ते के भीतर अपनी जांच की स्टेटस रिपोर्ट अदालत में दाखिल करे।




राजस्थान के जैसलमेर जिले में दुखद घटना से मचा हड़कंप

## पानी की टंकी में मृत मिले एक ही परिवार के 4 सदस्य

**एजेंसी ▸▸ जैसलमेर**

राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक दुखद घटना से हड़कंप मच गया है। रामदेवरा पुलिस स्टेशन इलाके के लोहारकी गांव में एक ही परिवार के चार सदस्य पानी की टंकी में मृत पाए गए। शवों का पता रविवार देर रात चला। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। फिलहाल, पुलिस आत्महत्या के शक समेत सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 9 बजे हुई। रामदेवरा एसएचओ देवकिशन ने बताया कि जसराज के भाई ने उसे पानी की टंकी में कूदते हुए देखा और तुरंत शोर मचाया। परिवार के सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन जब तक वे टंकी तक पहुंचे, तब तक चारों की डूबने से मौत हो चुकी थी।



### पुलिस ने सबूत इकट्ठा किए

मृतकों की पहचान जुगताराम सुथार के बेटे जसराज सुथार (29), उनकी पत्नी निर्मा सुथार (25), उनके 10 साल के बेटे भरत और 5 साल की बेटी मनीषा के तौर पर हुई है। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने टंकी से शव निकाले और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिए जाएंगे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, सबूत इकट्ठा किए और महिला के रिश्तेदारों को सूचना दी।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों की घटती मांग

आम विद्यार्थी का सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों की घटती मांग बराबर सामने आने लगी है। युवाओं में तकनीकी शिक्षा एवं प्रोफेशनल शिक्षा की और सीधा रूझान बनने लगा है। सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों से सीधे तौर पर मन उचाट होता जा रहा है। हालत यह सामने आने लगी है कि प्रदेश में 550 सरकारी और लगभग 800 निजी कॉलेजों में इस वर्ष करीब 8.5 लाख सीटें उपलब्ध हैं। इनमें से करीब 5.5 लाख सीटों पर ही प्रवेश हो पाया है। इनमें भी स्नातक प्रथम वर्ष में लगभग चार लाख विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है, जबकि शेष सीटों के लिए पर्याप्त संख्या में विद्यार्थी नहीं मिल रहे हैं। कॉलेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) के दूसरे चरण के बाद भी विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय की खाली लगभग 3.5 लाख सीटों में से केवल 60 से 65 हजार सीटें ही भर सकी हैं। बड़े शहरों में अनेक कॉलेजों में नए प्रवेश लगभग रुक गए हैं। अंतिम तिथि नजदीक आने के बावजूद नए विद्यार्थी नहीं पहुंच रहे हैं। हालत यह है कि विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए आग्रह किया जा रहा है। सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों की मांग लगातार घट रही है। विद्यार्थी बीए और बीएससी जैसे पारंपरिक पाठ्यक्रमों की बजाय प्रोफेशनल और तकनीकी कोर्स चुन रहे हैं। कॉलेज और सीटों की उपलब्धता संबंधी सही जानकारी समय पर नहीं मिल पाती। सरकारी कॉलेजों में ई-उपस्थिति (75 प्रतिशत अनिवार्यता) का कड़ाई से पालन होने के कारण कई विद्यार्थी निजी कॉलेजों को प्राथमिकता देते हैं, जहां उपस्थिति को लेकर अपेक्षाकृत लचीलापन रहता है। बड़ी संख्या में विद्यार्थी 12वीं के बाद आईआईटी, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थानों का रुख कर रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि विद्यार्थियों की बदलती करियर प्राथमिकताएं, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की बढ़ती मांग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की प्रवृत्ति ने पारंपरिक स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कम संख्या से कालेजों पर संकट खडा कर देगी। सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों में घटती विद्यार्थी संख्या से इससे न केवल कॉलेजों की शैक्षणिक और वित्तीय व्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात बढ़ाने के सरकारी लक्ष्य पर भी असर पड़ सकता है।

## नैनो न्यूज

- जैन साध्वी वृंद का मंगल प्रवेश, जयकारों से गूंजा उज्जैन, विनय से मिलता है सुख, चातुर्मास आराधना को चरित्र में उतारने का आह्वान
- प्रेमचंद का साहित्य समाज की संवेदनाओं का जीवंत दस्तावेज, संस्कार भारती और विक्रमादित्य विवि की संगोष्ठी में प्रेमचंद की रचनाओं के नाटकीय तत्वों पर हुआ विमर्श
- कलाम सर्वधर्म सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों को किया सम्मानित
- शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर आम आदमी पार्टी ने मनाया जश्न मिठाई का किया वितरण
- उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने की सर्वकल्याण की प्रार्थना
- टॉवर चौक पर एकत्रित होकर लक्ष्मीनगर स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचेंगे कार्यकर्ता
- नेता प्रतिपक्ष सरकार पर साधा निशाना, कहा - जीवित होने के प्रमाण पत्र के नाम पर हो रही प्रताड़ना
- कालिदास अकादमी में पूर्व सैनिक कल्याण संगठन का आयोजन,
- महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. अभिषेक दास महाराज 'सिटी एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित
- प्रभु प्रेमी संघ परिवार 29 मनाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव, नृत्य नाटिका व भजन संध्या भी होगी

## ट्रेंडिंग




स्थानीय अखाड़ा परिषद पहुंची मेला अधिकारी से मुलाकात कर

# संतों ने मेला क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग रखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार पूर्वान्ह स्थानीय अखाडा परिषद सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त अशीषसिंह से मुलाकात करने उनके कार्यालय पहुंचा था। इस दौरान संतों ने उनके समक्ष मांग उठाई की मेला क्षेत्र में महामंडलेश्वर, खालसा एवं अखाडों की जमीन पर पक्के निर्माण किए गए हैं उन्हें हटाया जाए। मेले के दौरान इस स्थिति में जमीन को लेकर समस्या की स्थिति बनेगी। इसके साथ ही शिप्रा नदी में देवास एवं शिप्रा में उद्योगों का गंदा पानी एवं शहर में मिल रहे13 नाले तत्काल बंद करवाए जाएं।

अखाडा परिषद में 13 अखाडों के प्रतिनिधि शामिल हुए। महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज ने बताया कि अखाडों एवं संतों की मांगों को लेकर 16 बिंदुओं पर मांग एवं सुझाव पत्र मेला अधिकारी को देते हुए मेला क्षेत्र के ऐसे अतिक्रमण हटाने के लिए पक्ष रखा गया है जहां पूर्व सिंहस्थों में महामंडलेश्वरों, खालसा, अखाडों को जमीन आवंटित की जाती रही है। उन क्षेत्रों में से कुछ पर स्थाई तौर पर पक्के अतिक्रमण कर लिए गए हैं। शहर में चौड़ीकरण किया जाना चाहिए और सिंहस्थ मेला क्षेत्र में बनाई जा रही पक्की सड़कों को भी बनाया जाना चाहिए, लेकिन ऐसे अतिक्रमणों को तत्काल ही हटाया जाना चाहिए।

**सवाल उठाया- महामंडलेश्व, खालसा, अखाड़ा की जमीन पर पक्के निर्माण हटाएं**



### साधिकार समिति में रखेंगे

सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में आमोद-प्रमोद के बीच सिंहस्थ के निर्माणाधीन कार्यों को संतों ने अच्छा बताया। इस दौरान मेला अधिकारी ने संतों से चर्चा करते हुए 16 मांग एवं सुझाव पत्र पर विस्तृत चर्चा की और राज्य शासन साधिकार समिति के समक्ष उन्हें रखने का आश्वासन दिया है।

**संतों का 16 सूत्रीय सुझाव एवं मांग पत्र**

उन्होंने बताया कि पंचक्रोशी यात्रा के पुरातन चार द्वारों का निर्माण पत्थरों से भव्य रूप देते हुए किया जाना चाहिए। मेला क्षेत्र के शैव एवं वैष्णव क्षेत्र में इन द्वारों का निर्माण किया जाना चाहिए। वैष्णव क्षेत्र में आगर रोड पर रामानन्दाचार्य द्वार एवं शैव संप्रदाय के मुरलीपुरा चौराहे पर शंकराचार्य द्वार का निर्माण किया जाना चाहिए। नीलगंगा तालाब के पौराणिक महत्व को देखते हुए शैव संप्रदाय के पडाव स्थल के इस तालाब को गहरीकरण करते हुए ट्यूबवेल के स्वच्छ जल से इसे भरा जाना चाहिए ।तालाब के मुख्य द्वार पर अंजनी सरोवर नाम अंकित होना चाहिए ।यह तालाब माता अंजनी की तपस्थली है यहां माता की प्रतिमा स्थापित होना चाहिए। तालबा में गंगा जी प्रकट हुई थी। 84 महादेव मंदिरों पर ट्यूबवेल खनन कर शेड बनाना चाहिए। निजी भूमि में स्थित मंदिर के नाम से भूमि अधिग्रहित की जाना चाहिए। श्रावण मास में श्रद्धालु यहां पूजा कर सकें। देवास की फैक्ट्रियों का जहरीला पानी शिप्रा में मिल रहा है उसे रोका जाना चाहिए। शहर के मध्य पुष्कर सागर का क्षेत्रफल 3-5 बीघा है जिसकी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जाए। मेला क्षेत्र में संतों की निजी भूमि पर पक्के निर्माण की अनुमति दी जाना चाहिए। स्थानीय संतों के आश्रमों में मूलभूत सुविधा हेतु कम से कम 50-50 लाख का निर्माण कार्य करवाया जाए, पूर्व कुंभ में भी निर्माण कार्य हुए हैं ।सभी आश्रमों में ट्यूबवेल खनन कर पानी की टंकी स्थापित की जाना चाहिए। त्रिवेणी से कालियादेह महल तक शिप्रा को गहरीकरण किया जाना चाहिए। प्रमुख घाटों पर ट्यूबवेल खनन कर जल शिप्रा में प्रवाहित किया जाना चाहिए। वल्लभनगर से मंगलनाथ तक रोड शासकीय भूमि कांकड़ से निकालना चाहिए जिससे की कृषकों को मुआवजा नहीं देना पड़ेगा। सांदिपनि आश्रम से धर्मराज मंदिर तक का रोड पूर्व सिंहस्थ में कच्चा रोड स्थल पर ही बनाया जाए। इंदिरा नगर से गायत्री परिवार तक ईदगाह वाला रोड भी चौड़ा किया जाना चाहिए। भीड़ प्रबंधन में यह मार्ग सहयोगी होगा। खाक चौक से माधव कालेज भेरूगढ़ रोड तक सड़क निर्माण होना आवश्यक है। शहर के 13 नालों का गंदा पानी शिप्रा में मिल रहा है इन नालों को शिप्रा में मिलने से तुरंत रोका जाना चाहिए। मेला क्षेत्र में अतिक्रमण को रोका जाना चाहिए व अवैध निर्माण पर प्रतिबंध लगना चाहिए।

शिक्षा का कैलेंडर फाइलों एवं योजना तक सिमटा

# बाल सभा की राह देखते रहे बच्चे, बैंड स्पर्धा का बैंड बजा

## लोक शिक्षण संचालनालय के शैक्षणिक कैलेंडर के क्रियान्वयन पर उठे सवाल


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक शिक्षण संचालनालय के शैक्षणिक कैलेंडर शिक्षा सत्र 2026-27 में 25 जुलाई को प्रथम तीन काल खंडों में साप्ताहिक बाल सभा का आयोजन-सबल भारत के अंतर्गत नृत्य/संगीत के कार्यक्रम होना थे। इसके उलट बच्चों को इन काल खंडों में पढ़ाई करवाई गई। इसके साथ ही इसी दिन जिला स्तरीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता होना थी। हालत यह रही की प्रतियोगिता तो ठीक स्कूलों में भी बैंड नहीं बजा। विद्यार्थियों को बैंड देखने को भी नहीं मिला।

प्रति वर्ष लोक शिक्षण संचालनालय शैक्षणिक गतिविधियों का कैलेंडर जारी करता है। इस वर्ष भी इसका प्रकाशन किया गया और जिला स्तर पर इसके मुताबिक शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के संचालन के निर्देश भी दिए गए। शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही अप्रैल में इसे लागू कर दिया गया। जिले में शैक्षणिक कैलेंडर की बजाय स्थानीय स्तर पर स्कूलों के मान से ही काम चल रहा है।

### मात्र प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन

इधर सामने आ रहा है कि जिले में शैक्षणिक कैलेंडर के मान से मात्र प्रमुख कार्यक्रम ही आयोजित किए जा रहे हैं। अप्रेल में प्रवेशोत्सव का आयोजन पूरे जोर शोर से किया गया। इसके बाद शैक्षणिक गतिविधियों का तकरीबन पालन करने की बात सामने आ रही है लेकिन 20 मिनट की प्रार्थना सभा में अधिकांश स्कूलों में अक्सर मात्र कार्यपूर्ति की जा रही है। सामने आ रहा है कि 20 मिनट की प्रार्थना सभा में आज का कैलेंडर पंचांग 1 मिनट, राष्ट्रगान 52 सेकंड, सरस्वती वंदना 2 मिनट, प्रतिज्ञा 1 मिनट, सुभाषित/अमृतवचन 1 मिनट, समाचार वाचन क्षेत्रीय प्रादेशिक, राष्ट्रीय व खेल आदि 2 मिनट, जन्मदिन अभिनंदन 1 मिनट, सूचनाए प्राचार्य द्वारा 2 मिनट, पी.टी. / एरोबिक्स 5 मिनट, म. प्र. गान 3 मिनट, राष्ट्रगीत 1 मिनट के साथ देशगान, एवं किसी विशेष दिवस अथवा महापुरूष की जयंती पर संस्था प्राचार्य/वरिष्ट शिक्षक द्वारा उनके जीवन पर उद्बोधन का भी प्रावधान है। अधिकांश स्कूलों में विद्यार्थी इन सब से अनभिज्ञ ही हैं।



### विद्यार्थी कैलेंडर से अंजान

इधर 25 जुलाई को बालसभा को लेकर आधा दर्जन स्कूलों के बच्चों से जानकारी लेने पर उनका यही कहना था कि हमें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उत्कृष्ठ एवं पीएमश्री स्कूलों के विद्यार्थियों से जिला स्तरीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता के संबंध में जानने पर सामने आया कि न तो स्कूल स्तर पर इसकी कोई जानकारी ही साझा की गई है न हीं जिला स्तर पर ही ऐसे किसी आयोजन को लेकर सूचना ही है। विद्यार्थियों का कहना था कि बैंड में स्कूल में कौन-कौन से यंत्र हैं ये भी उनके देखने में अब तक नहीं आया है। इधर विभागीय स्तर पर भी जानकारी लेने पर यही स्थिति सामने आती रही। विद्यार्थी तो यहां तक बोले की हमें तो शैक्षणिक कैलेंडर की जानकारी ही नहीं है न ही हमें इसे लेकर कभी बताया जाता है। स्कूल में भी कैलेंडर कहां लगाया गया है देखने में ही नहीं आता है।

-शैक्षणिक कैलेंडर के मान से बाल सभा का आयोजन संस्था स्तर पर होना चाहिए था। संस्थ प्रमुख को इसे देखना है। जिले में उत्कृष्ठ एवं पीएमश्री विद्यालयों में बैंड की सुविधा है। शैक्षणिक कैलेंडर में अगर प्रतियोगिता के लिए निर्धारण था तो किया जाना चाहिए। कैलेंडर के मान से गतिविधि संचालन के इस मामले को दिखवाया जाएगा। संभव है कि 15-29 जुलाई गुरू पुर्णिमा पखवाड़े की व्यस्तता के कारण इन्हें बाद में आयोजित किया जाए।

**-महेन्द्र खत्री, जिला शिक्षा अधिकारी, उज्जैन**

# महाकाल की नगरी उज्जैन आ रहे हैं तो जरूरी बातों का रखें ध्यान

## बारिश के मौसम में बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या प्रशासन ने भी की सतर्क रहने की अपील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर, कालभैरव, हरसिद्धि, मंगलनाथ, चिंतामण गणेश और क्षिप्रा तट के दर्शन के लिए इन दिनों देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक उज्जैन पहुंच रहे हैं। सावन और वर्षा ऋतु के दौरान शहर में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए कुछ आवश्यक बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

मंदिर परिसर में प्रवेश से पहले निर्धारित सुरक्षा जांच से गुजरना अनिवार्य है। श्रद्धालु अपने साथ केवल आवश्यक सामान ही लेकर जाएं। मोबाइल, कैमरा और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के संबंध में मंदिर प्रशासन के निदेर्शों का पालन करें। दर्शन के दौरान धक्का-मुक्की न करें और कतार व्यवस्था बनाए रखें।

- **बारिश के मौसम में घाटों पर बरतें सावधानी-** इन दिनों क्षिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ सकता है। रामघाट, नरसिंह घाट और अन्य घाटों पर स्नान करते समय गहरे पानी में न उतरें। तेज बहाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। सेल्फी लेने या वीडियो बनाने के लिए नदी के किनारों और फिसलन वाले पत्थरों पर खड़े होना दुर्घटना का कारण बन सकता है।
- **पार्किंग और यातायात व्यवस्था-** भीड़भाड़ के दौरान शहर के कई मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू किया जाता है। वाहन केवल अधिकृत पार्किंग में ही खड़े करें। नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर चालानी कार्रवाई हो सकती है। शहर के प्रमुख मंदिरों तक पैदल मार्ग का भी उपयोग करना पड़ सकता है, इसलिए आरामदायक जूते पहनकर आएं।
- **खरीदारी करते समय रहें सतर्क-** उज्जैन के बाजारों में धार्मिक सामग्री, प्रसाद और स्मृति चिन्ह खरीदते समय पहले कीमत की जानकारी लें। अधिकृत दुकानों से ही खरीदारी करें और भुगतान की रसीद अवश्य लें। अनजान लोगों के झांसे में आने से बचें।
- **उज्जैन घूमने आए हैं तो इन प्रमुख स्थलों का भी करें भ्रमण-** महाकालेश्वर मंदिर के अलावा हरसिद्धि माता मंदिर, कालभैरव मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनि आश्रम, चिंतामण गणेश मंदिर, भर्तृहरि गुफा, गोपाल मंदिर, वेधशाला और रामघाट भी प्रमुख आकर्षण हैं। यदि समय हो तो शाम की क्षिप्रा आरती का भी आनंद लिया जा सकता है।

# महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए फिल्म निर्माता भंडारकर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक मधुर भंडारकर सोमवार तड़के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान महाकाल की प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर उन्होंने भस्म आरती के दिव्य दर्शन किए और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

मधुर भंडारकर तड़के करीब 3 बजे इंदौर से उज्जैन पहुंचे। वे इंदौर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और वहां से सीधे महाकाल मंदिर पहुंचे। भस्म आरती के दौरान वे भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए।

भस्म आरती के बाद मधुर भंडारकर ने नंदी महाराज का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद उन्होंने चांदी द्वार से पुजारी के माध्यम से भगवान महाकाल को जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

# सभी वार्डों में वृद्धजनों को उपकरण वितरित किए जाएंगे

## विधायक, महापौर एवं निगम अध्यक्ष की उपस्थिति में वृद्धजनों को उपकरण प्रदान किए गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत सोमवार को वार्ड क्रमांक 29 स्थित रवि शंकर नगर उद्यान में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय पार्षद रामेश्वर दुबे की उपस्थिति में वार्ड के वृद्धजनों को उपकरण प्रदान किए गए।

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप एवं मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वृद्ध जनों को उपकरण प्रदान किए गए, दिव्यांग जनों को तो हमेशा उपकरण प्राप्त होते हैं परंतु इस बार वृद्धजनों के लिए उपकरण वितरित किए गए जिसमें घुटने का दर्द, कमर दर्द, जोड़ों के दर्द इत्यादि के लिए उपकरण वितरित किए गए साथ ही समस्त वार्डों में क्षेत्रीय पार्षदों के सहयोग से यह उपकरण वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा इसमें प्रमाणीकरण भी पार्षद द्वारा किया जाएगा जिन्हें उपकरण प्रदान किया जाना है।

योजना के अंतर्गत संबंधित का आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र जिसमें आय 15000 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं होना चाहिए, बीपीएल राशन कार्ड उपरोक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत अर्जुन पोर्टल पर लाभार्थी का सत्यापन एवं डुप्लीकेशन जांच की जाएगी यदि यह पाया जाता है कि लाभार्थी को पिछले 03 वर्षों में कोई भी सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है तभी उन्हें योजना के अंतर्गत सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

भाटगली से प्रेमछाया मार्ग पर कीचड़-फिसलन से लोग परेशान, पूरा मार्ग दलदल में तब्दील

# बारिश में खुदाई बनी मुसीबत, बार-बार फिसल रहे वाहन चालक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भाटगली से प्रेमछाया मार्ग तक चल रही सड़क खुदाई आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। खुदाई के बाद सड़क पर कीचड़ और फिसलन फैल गई है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारिश के कारण पूरा मार्ग दलदल में तब्दील हो गया है और आए दिन लोग फिसलकर चोट खा रहे हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार, सड़क खोदने के बाद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। कई स्थानों पर न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। इससे दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि कीचड़ के कारण वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोग नगर निगम और संबंधित विभाग से मांग कर रहे हैं कि सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए। जब तक कार्य पूरा नहीं होता, तब तक मार्ग पर गिट्टी या मुरम डालकर फिसलन कम करने, उचित बैरिकेडिंग करने और चेतावनी संकेत लगाने की भी मांग की जा रही है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन आम नागरिकों की सुरक्षा और आवागमन की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। बारिश के मौसम में इस मार्ग की बदहाल स्थिति तत्काल सुधार की मांग कर रही है।






### चेंबर निर्माण बना मुसीबत, फिसलन से एक्टिवा सवार परिवार गिरा, बच्ची घायल

प्रेमछाया से भटगली जाने वाले मार्ग पर नगर निगम द्वारा चरक हॉस्पिटल की सीवर लाइन से जुड़े चेंबर निर्माण का कार्य किया जा रहा है। निर्माण के दौरान निकाली गई मिट्टी और मलबा सड़क पर फैला होने से मार्ग फिसलन भरा हो गया है। बारिश के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जिससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार सुबह एक दंपति अपनी छोटी बच्ची के साथ एक्टिवा से इस मार्ग से गुजर रहा था। सड़क पर फैली मिट्टी के कारण एक्टिवा अनियंत्रित होकर फिसल गई और तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में छोटी बच्ची घायल हो गई, जबकि माता-पिता को भी मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उनकी सहायता की। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर निगम द्वारा चरक हॉस्पिटल की सीवर लाइन के लिए चेंबर निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। सड़क पर फैली मिट्टी और मलबे की नियमित सफाई नहीं होने से आए दिन वाहन चालक फिसल रहे हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से मांग की है कि निर्माण कार्य के साथ-साथ सड़क की नियमित सफाई कराई जाए, आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं तथा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे की पुनरावृत्ति न हो।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 28 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. सुदाम खाड़े को अधिकारियों ने दी भावभीनी विदाई

**इंदौर।** वरिष्ठ अधिकारी भास्कर लक्षकार ने सोमवार को इंदौर संभाग के नए संभागायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे आयुक्त सह-संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ थे। श्री लक्षकार ने प्रदेश में मुरैना, गुना एवं रतलाम जिले के कलेक्टर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर निवर्तमान संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. खाड़े की पदस्थापना मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में हुई है। संभागायुक्त कार्यालय में अधिकारियों ने श्री भास्कर लक्षकार का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तथा डॉ. सुदाम खाड़े को उनके कार्यकाल के लिए भावभीनी विदाई दी।

### समय-सीमा के प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही एवं उदासीनता पाए जाने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने श्रम विभाग के सहायक आयुक्त डी.पी. सिंह को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध गैस सिलेंडर भंडारण पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध गैस सिलेंडर भंडारण एवं रिफिलिंग के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम ने देपालपुर स्थित वीर किराना बर्तन एवं जनरल स्टोर्स पर छापामार कार्रवाई की। खाद्य विभाग द्वारा की जांच के दौरान दुकान पर घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री एवं गैस रिफिलिंग का कारोबार संचालित होता पाया गया। मौके से अवैध रूप से संग्रहित 15 नग गैस सिलेंडर जब्त किए गए। संबंधित संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध रिफिलिंग या भंडारण की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें।

### बना 68वां ग्रीन कॉरिडोर, स्व. गौरव ने बढ़ाया इंदौर का मान



**इंदौर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की पावन नगरी में एक बार फिर मानवता और सेवा की मिसाल देखने को मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अंगदानियों के सम्मान में प्रारंभ किए गए गार्ड ऑफ ऑनर व्यवस्था के तहत आज एक और अंगदानी स्व. गौरव दवे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही अंगदानी स्व. गौरव दवे के शव को मानव श्रृंखला बनाकर पुष्प वर्षा करते हुए अश्रुपुरित बिदाई अपोलो हॉस्पिटल के प्रांगण में दी गई। इंदौर खजूरी बाजार निवासी 25 वर्षीय युवा फिल्म कास्टिंग कोऑर्डिनेटर एवं कलाकार स्व. श्री गौरव पिता सतीश दवे गंभीर ब्रेन हेमरेज के बाद अपोलो हॉस्पिटल फेस 2 में विगत 13 जुलाई से भर्ती थे। उपचार के अथक प्रयास के बावजूद उपचार के दौरान चिकित्सकों ने परिवार जनों को संभावित ब्रेन डेथ स्थिति की जानकारी दी गई। स्व. श्री गौरव के पिता श्री सतीश एवं माता श्रीमती कविता दवे की बहन श्रीमती वैदही राठी, बहनोई श्री पलकेश राठी और भाई रितिक चावरे की सहमति से अंगदान करने का फैसला लिया गया। इस सम्पूर्ण मानवता के कार्य में अपोलो हॉस्पिटल के चिकित्सकों तथा मुस्कान ग्रुप सेवादारों ने अहम भूमिका निभाई। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात इंदौर में 68वाँ ग्रीन कॉरिडोर अपोलो हॉस्पिटल से इंदौर एयरपोर्ट के लिए सुबह 8:02 बजे बना जो 13 मिनट में, दूसरा ग्रीन कॉरिडोर 9:15 पर चोइथराम हॉस्पिटल के लिए बना जो 16 मिनट में पूर्ण हुआ, जिसमें इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नैनो न्यूज

- **भोपाल को मिला चौथा रेलवे स्टेशन-** निशातपुरा रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन शुरू होने जा रहा है। 28 जुलाई को मुख्यमंत्री मोहन यादव इसका लोकार्पण करेंगे।
- **सड़क हादसों ने बढ़ाई चिंता-** पिछले 18 महीनों में मध्य प्रदेश में 90 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें 25,800 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। सरकार सड़क सुरक्षा पर नए कदम उठा रही है।
- **खाद्य मिलावट जांच में गिरावट-** प्रदेश में मिलावट के मामले कम दर्ज हुए हैं, लेकिन खाद्य सैंपलों की जांच में कमी और लैब की खराब स्थिति को लेकर चिंता जताई गई है।
- एमपीपीएससी भर्ती के आवेदन जारी- मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट टाउन प्लानर के 39 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी रखी है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।
- **मूंग खरीदी की रफ्तार धीमी-** मध्य प्रदेश को देश के कुल मूंग खरीदी कोटे का 87 प्रतिशत आवंटन मिला है, लेकिन अब तक केवल 2 प्रतिशत खरीदी ही हो सकी है।

इंदौर नगर निगम के कथित 103.42 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले में बड़ी कार्रवाई

# 32 आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र दाखिल

## जांच में 59.18 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त करने के साथ अधिकारियों को नोटिस जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंदौर नगर निगम के कथित 103.42 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले में अब बड़ी कार्रवाई की है। विशेष पीएमएलए अदालत, इंदौर में 32 आरोपियों के खिलाफ करीब 20 हजार पन्नों का अभियोजन शिकायत पत्र दाखिल किया है। शिकायत 24 जुलाई को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत दायर की गई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए आरोपियों को नोटिस और समन जारी किए हैं।

ईडी के अनुसार आरोपियों में ठेकेदार, इंदौर नगर निगम के अधिकारी, लोकल फंड ऑडिट एवं रेजिडेंट ऑडिट कार्यालय के अधिकारी तथा अन्य निजी व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने कथित रूप से अपराध से अर्जित धन को छिपाने, उसके लेन-देन और उपयोग में भूमिका निभाई। ईडी के अनुसार ठेकेदारों और निगम अधिकारियों की मिलीभगत से निकाली गई राशि को नकद निकाला गया, फिर उसे आपस में बांटा गया और विभिन्न संस्थाओं के जरिए वैध कारोबारी लेन-देन का रूप देकर छिपाया गया। बाद में इसी धन से चल-अचल संपत्तियां खरीदी गईं और खुद पर खर्च किए गए।



### फर्जी दस्तावेजों से निकाले गए करोड़ों रुपये

ईडी ने बताया कि जांच की शुरूआत एमजी रोड थाने में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर की गई थी। जांच में सामने आया कि फर्जी बिल, जाली वर्क ऑर्डर, फर्जी माप पुस्तिका (एमबी), नकली पूर्णता प्रमाण-पत्र और अन्य फर्जी दस्तावेजों के जरिए नगर निगम के खजाने से लगभग 103.42 करोड़ की धोखाधड़ी कर निकाले गए। जिन कार्यों के नाम पर भुगतान किया गया, वे या तो हुए ही नहीं थे या पहले ही पूरे किए जा चुके थे।

### कौन-कौन है इस घोटाले में शामिल?

ईडी की जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस पूरे फर्जीवाड़े के दायरे में कई प्रमुख लोग आए हैं। आरोपियों की सूची में विभिन्न ठेकेदार, इंदौर नगर निगम के वर्तमान और पूर्व अधिकारी, लोकल फंड ऑडिट विभाग के अधिकारी, रेजिडेंट ऑडिट कार्यालय के कर्मचारी और अन्य निजी व्यक्ति शामिल हैं। एजेंसी की अब तक की जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इन सभी ने आपसी मिलीभगत के जरिए अपराध से अर्जित अवैध धन को छिपाने, उसके जटिल लेन-देन करने और उसे अलग-अलग माध्यमों से ठिकाने लगाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस हाई-प्रोफाइल मामले में ईडी ने कड़ा रुख अपनाते हुए घोटाले के कथित मास्टरमाइंड अभय सिंह राठौर के अलावा मोहम्मद जाकिर और राहुल बडेरा को पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है। केंद्रीय एजेंसी का कहना है कि इन तीनों आरोपियों की अपराध से अर्जित अकूत संपत्ति के अवैध लेन-देन और उसे सफेद बनाने (मनी लॉन्ड्रिंग) में केंद्रीय और निर्णायक भूमिका रही है।

# विजयवर्गीय ने नीट पेपर मामले में रखी अपनी बात

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नीट पेपर लीक को लेकर हुए छात्र आंदोलन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बड़ा दावा किया है।

उनका कहना है कि छात्र आंदोलन शुरू होने के पहले ही दिन धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्री पद छोड़ने की पेशकश कर दी थी, लेकिन उस समय भाजपा नेतृत्व ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। इंदौर में मीडिया से चर्चा के दौरान विजयवर्गीय ने दावा किया कि बाद में जब पार्टी ने परिस्थितियों की समीक्षा की और निर्णय लिया, तब धर्मेंद्र प्रधान ने तत्काल इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि प्रधान ने अपने पूरे कार्यकाल में हर जिम्मेदारी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाई। कैलाश विजयवर्गीय के मुताबिक, छात्र आंदोलन शुरू होते ही धर्मेंद्र प्रधान ने भाजपा अध्यक्ष से कहा था कि यदि पार्टी उचित समझे तो वह शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। हालांकि, पार्टी नेतृत्व ने उस समय उन्हें स्पष्ट रूप से कहा कि इस मुद्दे पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है, इसलिए न तो इस्तीफा दें और न ही इस विषय पर सार्वजनिक चर्चा करें।

उन्होंने दावा किया कि बाद में जब पार्टी ने परिस्थितियों को देखते हुए फैसला लिया, तब धर्मेंद्र प्रधान ने बिना किसी देरी के अपना इस्तीफा सौंप दिया। विजयवर्गीय ने कहा किया कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा उन विदेशी ताकतों की योजना को विफल करने वाला कदम साबित हुआ, जो हिंसा फैलाकर भारत को अस्थिर करना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पहले बांग्लादेश और श्रीलंका में भी देखने को मिली हैं।


सावन में श्रद्धालुओं की सुविधा होगी बेहतर बनाने के उद्देश्य से

# उज्जैन के कालभैरव मंदिर को मुंबई के दानदाताओं ने दिए10 लाख के बैरिकेड्स

## 200 बैरिकेड्स अगले 15 दिनों में और पहुंचेंगे, सावन में भीड़ प्रबंधन और दर्शन व्यवस्था होगी बेहतर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के काल भैरव मंदिर में सावन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मुंबई निवासी मनीष पांचाल और समीर पांचाल ने मंदिर समिति को ?10 लाख कीमत के बैरिकेड्स दान किए हैं। नकद राशि देने के बजाय उन्होंने सीधे बैरिकेड्स तैयार करवाकर मंदिर को भेंट किए। बैरिकेड्स की पहली खेप रविवार को उज्जैन पहुंची। रात में विधि-विधान से पूजन के बाद इन्हें मंदिर समिति को सौंप दिया गया। बैरिकेड्स सौंपने की प्रक्रिया एसडीएम एलएन गर्ग, पटवारी महेश देपन, मंदिर प्रबंधक संध्या मारकंडे और व्यवस्थापक अनिल बोरासी की मौजूदगी में पूरी हुई।



### 100 बैरिकेड्स पहुंचे, 200 और आएंगे

एसडीएम एलएन गर्ग ने बताया कि फिलहाल 100 बैरिकेड्स मंदिर पहुंच चुके हैं। करीब 200 बैरिकेड्स की दूसरी खेप अगले 15 दिनों में मंदिर पहुंचेगी। इन बैरिकेड्स के उपयोग से सावन के दौरान श्रद्धालुओं की कतारों का बेहतर संचालन होगा और दर्शन व्यवस्था अधिक सुचारु बन सकेगी।

### पार्क विकास पर भड़कीं पूर्व सीएम की बहू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

राजधानी के आम्रपाली एनक्लेव में पार्क के विकास कार्य और शिव मंदिर निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। पूर्व मुख्य सचिव एबी सिंह की बहू उजमा राजा उर्फ अंजली द्वारा पार्क में चल रहे विकास कार्य और मंदिर निर्माण का विरोध किए जाने का मामला चर्चा में है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, अंजली के घर के सामने स्थित पार्क में पाथ-वे (पैदल मार्ग) का निर्माण किया जा रहा था। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इसी स्थान पर उनकी गाड़ियां पार्क होती थीं, जिसके चलते सोसाइटी की अध्यक्ष मोहक शर्मा और अंजली के बीच विवाद हो गया।

# डीएवीवी के कर्मचारी चुनाव में हुआ बड़ा उलटफेर

## एक पैनल का अध्यक्ष तो दूसरी पैनल के सभी अन्य पदाधिकारी जीते

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर




देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में कर्मचारी संघ के चुनाव हर वर्ष संपन्न होते हैं। ऐसे में इस बार कर्मचारी संगठन के चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कर्मचारी (गैर शिक्षक ) संघ के चुनाव 25 जुलाई को सम्पन्न हुए , उक्त चुनाव मे देवी अहिल्या पेंनल के चैनसिंह यादव लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गये। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्रीमती सियावती लोनारे से 65 वोटो से विजयी हुए,वही उपाध्यक्ष राकेश सिलावट 34 वोटो से महासचिव,कमल जायसवाल 36 वोटो से विजयी हुए, सहसचिव के दो पद एवं कोषाध्यक्ष पद पर जय हिन्द एकता पेनल के उम्मीदवार विजयी हुए, कार्यकारिणी के ग्यारह पदो मे आठ पदो पर जयहिंद एकता पेनल के उम्मीदवार विजयी हुए तीन उम्मीदवार देवी अहिल्या पेनल के विजयी हुए

भागीरथपुरा हादसे के बाद प्रशासन का बड़ा कदम

# हर जल स्त्रोत का बनेगा हेल्थ कार्ड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में भागीरथपुरा त्रासदी के बाद सरकार ने जल सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। भागीरथपुरा में दूषित पानी की वजह से हुए दर्दनाक हादसे में 35 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद की गई विस्तृत जांच में प्रशासन और सरकार ने इस घटना को दूषित पानी से फैलने वाली महामारी का गंभीर संकेत माना है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानी एनजीटी के कड़े निर्देशों का पालन करते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने हाल ही में राज्य के सभी 55 जिलों के पर्यावरण प्लान को संशोधित किया है। इसी योजना के तहत पानी की गुणवत्ता की लगातार जांच करने के लिए इंदौर जिले में एक विशेष मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। इसके साथ ही जिले में मौजूद सभी जल स्त्रोतों का एक विस्तृत हेल्थ रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा और जल स्त्रोतों की जियो टैगिंग भी की जाएगी ताकि उनकी सटीक स्थिति दर्ज रहे।

### उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी

भागीरथपुरा में हुए जल जनित हादसे को लेकर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विशेष कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इस जांच रिपोर्ट को इंदौर के नए एनवायरनमेंट प्लान में आधिकारिक तौर पर शामिल कर लिया गया है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि भागीरथपुरा की घटना पूरी तरह से एक जल जनित आउटब्रेक थी। लैब जांच के दौरान पानी के नमूनों में खतरनाक ई कोलाई बैक्टीरिया और अन्य दूषित तत्व पाए गए थे। इसी रिपोर्ट के आधार पर शासन ने सभी जिलों से उनके क्षेत्र के जल स्त्रोतों में सीवरेज का गंदा पानी मिलने से रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है।

### कार्ययोजना तैयार की गई

पानी को हर तरह के प्रदूषण से सुरक्षित रखने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए नौ प्रमुख बिंदुओं पर आधारित कार्ययोजना तैयार की गई है। इस नई योजना में सतही पानी, ग्राउंड वॉटर यानी भूजल और पारंपारिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं और बावड़ी के संरक्षण के साथ-साथ दूषित पानी के सही उपचार पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इंदौर में बनी वॉटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सेल जिले की नदियों, तालाबों और अन्य सभी स्त्रोतों की नियमित निगरानी रखेगी। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा के अनुसार पूरे जिले में स्वच्छ जल आपूर्ति और जल संरक्षण के लिए यह नई योजना तैयार की गई है।

# महिला अधिकारी ने दी जान

## परिजनों का आरोप- बेटा होने का दवाब बनाते थे ससुराल वाले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पदस्थ महिला अधिकारी आरती यादव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

मृतका के भाई धर्मेंद्र जरिया ने बताया कि आरती की शादी पीडब्ल्यूडी में कार्यरत अधिकारी निलेश यादव से हुई थी। शादी के शुरूआती दिनों में सब कुछ सामान्य था, लेकिन दो बेटियों के जन्म के बाद परिवार में तनाव बढ़ने लगा। उनका आरोप है कि आरती की सास रमणा और ससुर केशव उस पर बेटे को जन्म देने का लगातार दबाव बनाते थे। परिजनों के अनुसार, आरती को अक्सर ताने दिए जाते थे और यह कहा जाता था कि यदि बेटे का जन्म नहीं हुआ तो निलेश की दूसरी शादी कर दी जाएगी। इसी मानसिक प्रताड़ना के कारण वह लंबे समय से तनाव में थी।

पलासिया थाना पुलिस का कहना है कि फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सुसाइड नोट, फॉरेंसिक साक्ष्य और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की प्रताड़ना या आपराधिक साजिश के साक्ष्य मिलते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है और पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है।

### निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की

धर्मेंद्र जरिया ने इस मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बहन ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या कर इसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। उनका आरोप है कि आरती के पति निलेश यादव और ससुर केशव यादव ने पहले उसे बेहोशी की दवा दी और फिर उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। पुलिस के अनुसार, घटना के समय घर के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे।

# भीषण जाम में 3 घंटे फंसते रहे स्कूल-कॉलेज के बच्चे और एंबुलेंस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख चौराहों में शामिल लवकुश चौराहे पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस चौराहे से रोजाना लाखों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। हाल ही में यहां बने बहुप्रतीक्षित डबलडेकर फ्लाईओवर की पहली लेन, जो अरबिंदो अस्पताल से बाणगंगा मार्ग की ओर जाती है, बुधवार से आम लोगों के लिए खोल दी गई। इसके बावजूद चौराहे पर ट्रैफिक जाम की समस्या कम होती नजर नहीं आ रही है।

गुरुवार सुबह लवकुश चौराहे पर करीब तीन घंटे तक भीषण जाम लगा रहा। इस दौरान



सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। सबसे अधिक परेशानी स्कूल-कॉलेज की बसों, अस्पतालों की एंबुलेंस और दफ्तर जाने वाले लोगों को उठानी पड़ी।

सुबह करीब 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे पूरे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने अतिरिक्त बल मौके पर तैनात किया। हालांकि, भारी वाहनों की आवाजाही और लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण पुलिस को भी व्यवस्था सामान्य करने में तीन घंटे से अधिक समय लग गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर की एक लेन शुरू होने के बाद भी चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम नहीं हुआ है। लोगों का मानना है कि जब तक फ्लाईओवर का पूरा प्रोजेक्ट चालू नहीं होगा और ट्रैफिक का समुचित प्रबंधन नहीं किया जाएगा, तब तक इस चौराहे पर जाम की समस्या बनी रह सकती है।

### निर्माण कार्य के चलते दोनों तरफ की सड़कें खोदी गईं

शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख चौराहों में शामिल लवकुश चौराहे पर ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। एक ओर बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जारी है, वहीं दूसरी ओर आसपास की सर्विस रोड का काम भी चल रहा है। निर्माण कार्य की वजह से आम लोगों और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी ने चौराहे के दोनों ओर की सड़कों की खुदाई एक साथ कर दी है। यदि पहले एक तरफ का निर्माण कार्य पूरा कर दूसरी ओर काम शुरू किया जाता, तो लोगों को इतने बड़े ट्रैफिक जाम का सामना नहीं करना पड़ता। फिलहाल चौराहे के दोनों ओर सड़कों पर भारी मात्रा में मलबा पड़ा हुआ है और जगह-जगह बैरिकेड्स लगाए गए हैं। इसके कारण वाहनों के आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। नतीजतन वाहन रेंग-रेंगकर गुजर रहे हैं और सुबह-शाम लोगों को लंबी जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक निर्माण कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा नहीं किया जाएगा और ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर नहीं बनाया जाएगा, तब तक लवकुश चौराहे पर जाम की समस्या से राहत मिलना मुश्किल है।

### रांग साइड से आ रहे वाहनों के कारण लग रहा लंबा जाम

अरबिंदो अस्पताल के ठीक सामने कई ऐसे छोटे मार्ग और कट हैं, जहां से वाहन चालक लगातार गलत दिशा से आते हैं। इन गलत दिशा से आने वाले वाहनों के कारण चौराहे से आने-जाने वाले दोनों प्रमुख मुख्य मार्ग पूरी तरह से बाधित और बंद हो जाते हैं। पिछले एक सप्ताह से इस क्षेत्र में यह गंभीर समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और यातायात पुलिस ने इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया। आज जब अचानक चौराहे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया और स्थिति अनियंत्रित हो गई, तब जाकर पुलिस और स्थानीय प्रशासन का अमला हरकत में आया और मौके पर सक्रिय हुआ।

## न्यूज कालम



### 150 सिविल डिफेंस स्वयं सेवको को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**बड़वानी।** जिला दण्डाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा जिला बडवानी द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में सात दिवसीय 150 सिविल डिफेंस स्वंयसेवक प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षणार्थियों को श्री मुकेश मीणा, कंपनी कमाण्डर एवं एस.डी.ई.आर.एफ. टीम द्वारा सी.पी.आर. चॉकिंग एवं एम.एफ.आर. किसी भी आपातकालीन घटना में सर्वप्रथम घायलों का उपचार कैस करे एवं उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाना आदि सिखाया गया। श्री शरदचन्द्र राय, जिला सेनानी द्वारा देश में बढ़ रही सायबर ठगी से बचने हेतु आवश्यक उपाय बताये गये जिसमें कोई भी अपनी पर्सनल डिटेल्स की जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति को साझा नही करें आदि महत्वपूर्ण बाते बताई गई।

### जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी।** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल 28 जुलाई को रात्रि 9 बजे बड़वानी आकर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रातः 9 बजे प्रभारी मंत्री अंजड़ के लिए प्रस्थान कर अंजड़ में आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं इंटरनेशनल टाईगर दिवस पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। तत्पश्चात प्रातः 10.30 बजे प्रभारी मंत्री अंजड़ से बोरलाय के लिए प्रस्थान कर बोरलाय में आजीविका गतिविधयों का अवलोकर कर दीदीयों से संवाद करेंगे। प्रातः 11 बजे बोरलाय से सेंधवा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.10 बजे प्रभारी मंत्री सांदीपनी विद्यालय सेंधवा एवं अन्य 2 सांदीपनी विद्यालयों का लोकार्पण करेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 1.05 बजे सेंधवा में नशामुक्ति अभियान अंतर्गत फुटबाल मैत्री मैच का शुभारंभ करेंगे। दोपहर 2.30 प्रभारी मंत्री मोरदड़ के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2.50 बजे मोरदड़ आगमन एवं सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के पंप हाउस का अवलोकन एवं भ्रमण करेंगे। दोपहर तीन बजे प्रभारी मंत्री सारंगपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बड़वानी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत खरीफ फसल बीमा सप्ताह कार्यक्रम के तहत अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी द्वारा फसल बीमा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ 27 जुलाई से 31 जुलाई तक जिले के सभी सातों विकासखंडों का भ्रमण करेगा। इस दौरान रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर किसान भाइयों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों के बीमा, आवेदन प्रक्रिया, अंतिम तिथि और योजना से मिलने वाले विभिन्न लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, कीट/रोगों से फसलों को होने वाले नुकसान से किसानों को सुरक्षा प्रदान करना और जिले के अधिक से अधिक कृषकों को इस कल्याणकारी योजना से जोड़ना है। प्रशासन ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे इस जागरूकता रथ के माध्यम से दी जा रही जानकारियों का लाभ उठाएं और समय रहते अपनी खरीफ फसलों का बीमा कराकर निश्चिंत हों।

### पेंशनर्स एसोसिएशन जिला खंडवा की नई कार्यकारिणी घोषित

**खंडवा।** समस्त पेंशनरों के हितों की रक्षा, शिकायतों, कठिनाइयों और शासन द्वारा कराई जा रही विकास योजनाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से पेंशनर्स एसोसिएशन जिला खंडवा म.प्र. (पंजीकृत) के संचालक मंडल एवं प्रबंधकारिणी का पुनर्गठन किया गया है। एसोसिएशन में श्री शिवदत्त मौर्य को जिलाध्यक्ष एवं श्री सुनील सोमानी को प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया गया है। मीडिया प्रभारी राजेश गुरु ने जानकारी देते हुए बताया कि नई कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर हीरालाल पटेल, प्रांतीय स्तर सचिव ओमप्रकाश चवरे, श्री अजय तिवारी, संयुक्त सचिव सुमेरसिंह सोलंकी, संयोजक शिव चन्द्रायण, वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष बलराज यादव, उपाध्यक्ष संतोष मोखले, धरमचन्द सोनी, सचिव मोहन तवर, सहसचिव सुखदेव पटेल, कोषाध्यक्ष कैलाश चौहान, महामंत्री कैलाशचन्द्र शर्मा, उदयशंकर व्यास, प्रचार सचिव विनोद नाईक, प्रवक्ता सुनील सोमानी, मीडिया प्रभारी राजेश गुरु, वरिष्ठ संगठन सदस्य गजानन्द नागोरी, अनिल बड़सर,सहित अन्य को संगठन सदस्य मनोनीत किया गया है।

### मोरटक्का में निर्माण सामग्री चोरी

**खंडवा।** मांधाता थाना क्षेत्र की मोरटक्का चौकी अंतर्गत सब स्टेशन निर्माण स्थल से अज्ञात बदमाश 11 केवी के एएएसी रैबिट कंडक्टर का एक ड्रम और 100 नंबर डिस्क हार्डवेयर चोरी कर ले गए। चोरी गई सामग्री की कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर

# 5 लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर जिलेभर में चलाए जा रहे द्वितीय चरण के विशाल हस्ताक्षर अभियान का सोमवार को समापन हुआ।

पिछले छह माह से गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत संचालित इस जनजागरण अभियान में जिलेभर के 5 लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। अभियान के समापन के पश्चात गौ सेवकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन एवं हस्ताक्षरों की पेन ड्राइव सौंपकर केंद्र सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने का आग्रह किया।

जिला प्रभारी लखन विश्वकर्मा एवं ठीकरी के शैलेन्द्र महाजन के नेतृत्व में अभियान से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग पूरी होती है तो देशभर के करोड़ों गौभक्तों की वर्षों पुरानी भावना को सम्मान मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मांग पूरी नहीं होने पर अभियान को आगामी चरणों में और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

गायत्री धाम के पंडित मेवालाल पाटीदार ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान को जिलेभर में अभूतपूर्व जनसमर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं आस्था का प्रतीक है। गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलने से गौ संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा समाज में गौ सेवा के प्रति जागरूकता और बढ़ेगी।

अभियान से जुड़े गौ सेवकों ने केंद्र सरकार से देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा इसके लिए प्रभावी कानून बनाने की मांग भी की। इस दौरान ठीकरी बांके बिहारी गौशाला के अध्यक्ष सुमित जायसवाल, अर्पित पाटीदार, मधुर धनगर, प्रदीप यादव, अजय गोस्वामी, धर्मेंद्र वास्कले एवं आशुतोष कानूनगो सहित अनेक कार्यकताओं ने ज्ञापन के माध्यम से गौ संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता बताई।

गायत्री परिवार महिला मंडल की ममता तोमर एवं पूनम पंडित, जिला सह-समन्वयक दिनेश चौधरी ने कहा कि सड़कों पर दुर्घटनाओं में गौ माताओं की मौत हो रही है तथा चोरी-छिपे गौ हत्या की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कठोर कानून बनाए जाने चाहिए। जिलाधिकारी ने ज्ञापन एवं हस्ताक्षरों से संबंधित पेन ड्राइव प्राप्त करते हुए प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन तक भेजा जाएगा। इस अवसर पर विजय काग, माधव पाटीदार, दयाभाई यादव, डॉ. रमेश पवार, डॉ. राजेश पाटीदार, मंसाराम भाई, सीताराम भाई, गोविंद गोयल, दिलीप झवर, दिलीप कानूनगो, बंटी नीकुम सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नागरिकों से गौ माता के संरक्षण एवं सम्मान के लिए आगे आने की अपील की।



## जन अभियान परिषद नवांकुर समिति ने वृहद स्तर पर किया पौधारोपण

**जावरा।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' जन अभियान के तहत जन अभियान परिषद - नवांकुर समिति अटल ग्राम सामाजिक संगठन द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। संगठन की ओर से जैन दिवाकर हायर सेकेण्डरी विद्यालय परिसर रिंगनोद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। अतिथियों एवं समिति के सदस्यों ने विद्यालय प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधे रोपे और उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान विकास खंड समन्वयक युवराज सिंह पवार ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में मददगार है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अनूठा जरिया भी है। इस विशेष अवसर पर अभय कोठारी, अभय श्रीमाल, वीरेन्द्र सिंह चौहान, मुकेश विश्वकर्मा, डिम्पेश श्रीमाल सहित विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं समिति के अन्य गणमान्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पेंशनरों को आयकर से पूर्णतः मुक्त रखें जाने की मांग जस की तस बनी हुई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

केंद्रीय वित्त मंत्री से पेंशनरों को आयकर से पूर्णतः मुक्त रखें जाने की मांग जस की तस बनी हुई हैं । सोशल वर्कर डॉ. मदनलाल गांगले ने बताया है कि देश की सेवा में सदैव सेवारत रहे सेवा निवृत्त होने वाले समस्त पेंशनरों को आयकर से पूर्णतः मुक्त रखें जाने की मांग को मंजूरी देने में टाल-मटोल किया जाता रहा हैं!

डॉ. गांगले ने कहा कि पेंशनरों की आजीविका का मुख्य साधन उनकी पेंशन ही है और इसी से पेंशनरों के पूरे परिवार का गुजारा भी होता है । अगर सरकार द्वारा पेंशनर की पेंशन से आयकर की कटौती की जाएगी तो उसका परिवार ठीक से सुविधाएं नहीं जुटा पाएगा । उन्हें स्वास्थ्य संबंधी, पारिवारिक बोझ, वित्तीय संकट संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा । यदि सरकार द्वारा शांत चित्त से चिंतन किया जाए तो पेंशनर अपनी सेवा के प्रारंभ से लेकर सेवा निवृत्त होने तक सरकार को आयकर चुकाता ही हैं । आज के मंहगाई और बेरोजगारी के दौर में सेवा निवृत्ति के बाद भी पेंशनर अपनी पेंशन से दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए शासन द्वारा वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाले कई प्रकार के टैक्सों को भी चुकाना ही है ।

आपने यह भी कहा है कि सेवानिवृत्ति के बाद पेंशनरों को मिलने वाली उनकी सैलरी से आधी पेंशन मुश्किल से मिलती है तो ऐसे में वैसे ही पेंशनरों की जरूरतें भी आधी हो जाती हैं । जबकि सेवा काल के दौरान से सरकारी अधिकारी और कर्मचारी के रूप में सेवारत रहे पेंशनर और उसका परिवार एक निश्चित जीवन जीने अथवा जीवन यापन करने का आदि हो जाता है ।जो जरूरतें सेवा काल के दौरान होती है।

## मनोज कुमार की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**खंडवा।** भारतीय सिनेमा के महान अभिनेता एवं निर्माता निर्देशक मनोज कुमार की जयंती पर सद्भावना मंच द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।अपनी देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्मों के कारण वे पूरे देश में 'भारत कुमार' के नाम से प्रसिद्ध हुए। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि मनोज कुमार ने उपकार, पूरब और पश्चिम, क्रांति, रोटी कपड़ा और मकान जैसी कालजयी फिल्मों के माध्यम से देशभक्ति, सामाजिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उनके अभिनय और निर्देशन ने भारतीय सिनेमा को नई दिशा दी तथा आज भी उनकी फिल्में युवाओं को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देती हैं।मंच के माली कुआँ स्थित कार्यालय में सदस्यों ने कराओके पर उनके लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियां भी दी।

## जिला अस्पताल में 5 लीटर ओवेरियन सिस्ट की जटिल सर्जरी सफल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने एक बार फिर जटिल सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम दिया है। अस्पताल में 45 वर्षीय महिला मरीज के अंडाशय में बनी बड़ी गांठ और ओवेरियन सिस्ट का सफल ऑपरेशन किया गया।

मरीज पिछले लगभग ४ वर्षों से दाहिने अंडाशय में बड़ी गांठ और सिस्ट की समस्या से पीड़ित थी। आवश्यक जांचों के बाद चिकित्सकीय टीम ने सर्जरी का निर्णय लिया। ऑपरेशन के दौरान छोटा चीरा लगाकर अंडाशय में जमा लगभग 5 लीटर द्रव को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। इस जटिल सर्जरी को शल्य चिकित्सक डॉ. मुमताज अंसारी, डॉ. प्रतीक चौधरी, डॉ. श्वेता शिवहरे, स्टाफ नर्स पल्लवी साहू



और मानसी पासवान की टीम ने मिलकर सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने सफल सर्जरी के लिए पूरी चिकित्सकीय और नर्सिंग टीम की सराहना की। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सफल उपचार के बाद मरीज और उनके परिजनों ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और जिला चिकित्सालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अवैध बीयर के साथ युवक गिरफ्तार

**खंडवा।** कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार शिव रेजीडेंसी के पास से विजय सोनी निवासी माता चौक पंजाब कॉलोनी खंडवा के कब्जे से बडवाइजर मेगनम कंपनी की 650 एमएल क्षमता वाली 24 बीयर बोतलें बरामद की गईं। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया।

## अवैध देशी शराब के 20 क्वार्टर जब्त

**खंडवा।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रवीण पिता भैयालाल यादव निवासी संतोषी माता खंडवा को पकड़ा। पुलिस ने किशोर कुमार समाधि के सामने से आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन मदिरा के 20 क्वार्टर बरामद किए।



## वृद्धजनों को अधिकारों की दी जानकारी, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति, सनावद के निदेर्शानुसार नगर पालिका परिसर स्थित लीगल एड क्लीनिक में सोमवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वृद्धजनों को उनके कानूनी अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता की विस्तृत जानकारी दी गई। विधिक जागरूकता कार्यक्रम में रविंद्र अम्बिया ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को जीवनभर सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि यदि किसी वरिष्ठ नागरिक के साथ प्रताड़ना, दुर्व्यवहार, संपत्ति हड़पने का प्रयास, या उनके भरण-पोषण की उपेक्षा की जाती है, तो वे कानून की मदद ले सकते हैं।

ऐसे मामलों में संबंधित थाना अथवा न्यायालय में शिकायत दर्ज कराकर न्याय प्राप्त किया जा सकता है। रविंद्र अम्बिया ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया।

## ठाकुर शिव कुमार सिंह मेमोरियल कॉलेज का जिले में टॉप प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

ठाकुर शिव कुमार सिंह मेमोरियल मैनेजमेंट कॉलेज, छिरी ने एमबीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।कॉलेज के टॉप-5 विद्यार्थी- परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए: प्रथम स्थानः खुशी जोशी - 83 प्रतिशत. द्वितीय स्थान वैष्णवी चौधरी 81 प्रतिशत तृतीय स्थान मेघना महाजन 80 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान हिमांशु असवार 78 प्रतिशत पंचम स्थान कंचन डोंगरे - 77 प्रतिशत इस शानदार उपलब्धि पर एमबीए की प्राचार्य डॉ. स्मिता हजारी, इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य मनोज कथने, फामेसी कॉलेज के प्राचार्य जीवन घोरमाडे तथा ऑफिस सुपरिटेंडेंट विकास यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण को दिया। संस्थान ने विश्वास व्यक्त किया।

## माँ रेवा योग संगठन एवं गुड मॉर्निंग क्लब ने किया पौधारोपण कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में रविवार को ग्राम पंचायत लाड़वी स्थित श्री मंडन मिश्र गौशाला में माँ रेवा योग संगठन एवं गुड मॉर्निंग क्लब मंडलेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पौधा रोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण देने का संकल्प है। आज पौधारोपण जन-जन का प्रण बन चुका है और इस पुनीत कार्य से समाज का प्रत्येक वर्ग जुड़ रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार ने प्रकृति संरक्षण को मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। वृक्षारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

## कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क कर उनकी चिंता करना ही संगठन का विस्तार- श्री जगदीश मऊ वाला

**खरगोन।** भारतीय किसान संघका दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का सोमवार को समापन हुआ। माधव आश्रम न्यास गौशाला परिसरमंडलेश्वर में आयोजित वर्ग की शुरूआत योग, नर्मदा स्नान के साथ हुई। वर्ग में स्वदेशी बीज एवं सदस्यता अभियान पर मंथन किया गया। जगदीश मऊ वाला डैडी ने भारतीय किसान संघ के तीन आयामों . संगठनात्मक, रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक पर कार्य कर्ताओं को प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क कर उनकी चिंता करना ही संगठन का विस्तार है। संभाग अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने ग्राम समिति के कार्य एवं आगामी चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्राम समिति की प्रत्येक माह बैठक होना चाहिए। ग्राम के करणीय कार्यों पर विचार करना चाहिए।

## संगठित प्रयासों से फूल माली समाज का आर्थिक विकास होगा

**सनावद।** नाभावंशी फूलमाली समाज के 17 ग्राम अध्यक्षों की संयुक्त बैठक का आयोजन नाभावंशी फूलमाली समाज धर्मशाला में हुई । बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर मालाकार ने की। पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष निलेश मालाकार विशेष रूप से उपस्थित थे। नाभावंशी फूलमाली समाज सनावद के अध्यक्ष ओमप्रकाश मालाकार एवं समिति पदाधिकारियों ने 17 ग्रामों से आए समस्त अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश स्तरीय समिति के पदाधिकारीयो का पुष्प वर्षा एवं मंगल तिलक के साथ भव्य स्वागत किया।

## नवीन मार्ग निर्माण के दौरान रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन किया जाए-संभागायुक्त श्री सिंह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने नियमित निरीक्षण के तहत सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत आगर रोड़ गाड़ी अड्डा से एमआर-4 और एसआर-1 नवीन मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने मार्ग निर्माण के दौरान रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। निर्माण स्थल पर इंजीनियरों द्वारा जानकारी दी गई कि मार्ग निर्माण के दौरान रिटर्निंग वॉल, नाली निर्माण, पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। संभागायुक्त श्री सिंह ने रोड़ निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग करने के निर्देश फिल्ड पर मौजूद रहने वाले इंजीनियरों को दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जन सुविधा के लिए मार्ग निर्माण कार्य में रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। निर्माण कार्य के दौरान आम जन की सुविधा के लिए आवागमन की व्यवस्था सुगम रहे। संबंधित इंजीनियर द्वारा एसआर-१ मार्ग निर्माण की जानकारी देते हुए बताया गया कि करीब 350 मीटर क्षेत्र में नाली का निर्माण पूर्ण हो चुका है। मार्ग निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराया जाए। सिंहस्थ 2028 की तैयारी के लिए शहर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा पूर्वक आवागमन और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए नवीन मार्ग निर्माण कार्य तेज गति से किए जा रहे है।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जिले में प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध कराने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय उज्जैन में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का गत शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान शिविर का आयोजन प्रतिमाह ९ एवं २५ तारीख को विभिन्न स्वास्थ्य सस्थाओ मे निः शुल्क किया जाता है। निरीक्षण के दौरान डॉ. पटेल ने शिविर में पंजीयन व्यवस्था, चिकित्सकीय परामर्श, प्रयोगशाला जांच, रक्तचाप एवं हीमोग्लोबिन जांच, प्रसव पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण, अल्ट्रासोनोग्राफी (सोनोग्राफी) तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित गर्भवती एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं से सीधे संवाद कर उन्हें प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना। एवं आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक गर्भवती महिला/ हाईरिस्क गर्भवती महिलाओ का प्रोटोकॉल के अनुसार समय पर संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनका विशेष प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी हाई रिस्क गर्भवती महिला के उपचार में लापरवाही न बरती जाए तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें समय पर निःशुल्क सोनोग्राफी एवं अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत, खंडवा द्वारा "नशा मुक्त युवा झ विकसित भारत" अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किशोर कुमार सभागार, खंडवा में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड श्री आशीष कुशवाहा, समाजसेवी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. आलोक सेठी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड श्री कुशवाहा ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में सकारात्मक सोच, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। मेरा युवा भारत" कार्यालय की जिला अधिकारी सुश्री पल्लवी दुबे ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत वाद-विवाद, स्लैम पोएट्री, संगीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, स्लोगन लेखन एवं रील और लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

## न्यूज -कॉलम

### समझाईश के बाद परिजनों ने कराया पोस्टमार्टम



**उज्जैन।** बड़नगर से रविवार को घायल हालत में 70 साल के मुबारिक पिता कादिर हुसैन को परिवार उपचार के लिए उज्जैन लेकर आया था। निजी अस्पताल में सोमवार सुबह मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया। मामले में मर्ग कायम किया गया लेकिन परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि घर में ही गिरने से चोट लगी थी। परिवार को कोई संदेह नहीं है। पुलिस द्वारा मामले में परिवार को समझाईश तब जाकर परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव बड़नगर ले जाया गया।

### उधारी के रूपयो को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**उज्जैन।** नागदा पाल्यारोड पर रहने वाले मुकेश पिता बगदीराम यादव और आजाद पिता ईश्वर चंद्रवंशी के बीच उधारी रूपयो का लेनदेन चल रहा था। बीती शाम दोनों का आमना सामना हुआ और रूपयो को लेकर उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। मुकेश को आजाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। मुकेश ने भी आजाद के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामला नागदा थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि मुकेश ने आजाद को उधार रुपए दिए थे। उधार रुपयों को लेकर मारपीट का एक मामला माकडोन के लालाखे?ी में रहने वाले भागीरथ पिता सेवा मालवीय 65 साल के साथ ग्राम रुपाखेडी में हुआ। भरत शर्मा द्वारा उधार रूपयों को लेकर अपनी दुकान के सामने भागीरथ के साथ मारपीट की और जाति सूचक शब्द कहे। पुलिस ने भागीरथ की शिकायत पर मारपीट करने और एससी एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

### पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने खाया जहर

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम बुआखडी से सोमवार शाम रुकमा बाई पति दिनेश 40 वर्ष को उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया। बताया जा रहा है कि रुकमा बाई ने जहरीला पदार्थ खाया था जिसके चलते उसकी हालत बिगडी थी उसे परिजन स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां से उज्जैन रेफर किया गया है। फिलहाल परिजन कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं थे लेकिन आशंका जताई गई है कि पारिवारिक विवाद के चलते रुकमा बाई ने आत्मघाती कदम उठाया है।

### बिना अनुमति धरना प्रदर्शन करने वालों पर केस दर्ज

**उज्जैन।** बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के गुलब्रांडसन कैटलिस्ट उद्योग के मुख्य गेट पर सोमवार सुबह 11.30 बजे दर्जनों की संख्या में एकत्रित हुये कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके चलते मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। धरना प्रदर्शन की खबर मिलने पर नायब तहसीलदार सुभाष सुनेरे और देवेश गोखले धरना दे रहे लोगों को समझाने पहुंचे और उन्हे हटाने के लिये कहा। लेकिन उन्होने धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं किया। काफी देर तक उन्होने मार्ग खाली नहीं किया तो नायब तहसीदार द्वारा पुलिस को बिना अनुमति धरना प्रदर्शन करने वालों की शिकायत की। बिरलाग्राम थाना एसआई संजय माथुर ने बताया कि मामले में चार नामजद और अन्यों के खिलाफ बिना अनुमति प्रदर्शन करने भारतीय न्याय सहिंता की धारा 163 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### टॉवर चौक से बदमाशों ने चुराई बजाज पल्सर

**उज्जैन।** दाऊदखेडी हाटकेश्वर में रहने वाला राजू पिता बाबूलाल यादव टॉवर चौक स्थित चाय की दुकान पर पहुंचा था। उसने अपनी पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड ए 9816 दुकान के बाहर खडी की और अंदर चला गया। कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी। माधवनगर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे है। बताया जा रहा बाइक चोरी में 2 बदमाश शामिल हो सकते है। कुछ दिन पहले भी फ्रीगंज क्षेत्र से पल्सर बाइक चोरी हुई थी। उस दौरान कैमरों में 2 बदमाश दिखाई दिये थे। पुलिस बदमाशों की पहचान के प्रयास कर रही है। बदमाशों के कंजर गिरोह से होने की आशंका है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 200-2 | 790-6 |
| मेन बाजार | 124-7 | 138-2 |
| कल्याण नाइट | 148-3 | 580-3 |
| मिलन डे | 369-8 | 350-8 |
| मिलन नाइट | 468-8 | 556-6 |
| मधुर डे | 344-1 | 146-1 |
| मधुर नाइट | 148-3 | 134-8 |
| शुभांक | 3 5 | 7 |

## किसी को बताया बैंक अधिकारी, किसी को भेजी लिंक....

# ऑनलाइन फ्रॉड-6 लोगों के खातों से निकाले 2.58 लाख

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ऑनलाइन फ्रॉड के एक के बाद एक मामले सामने आ रहे है। फ्रॉड करने वाले किसी को लिंक भेज रहे तो किसी को बैंक अधिकारी बताकर उनके खातों से राशि का अनाधिकृत ट्रांजेक्शन कर रहे है। पिछले 2 दिन में पंवासा थाने पर 3, नागझिरी-खाराकुआ थाने पर 1-1, बिरलाग्राम में 1 और खाचरौद में 1 मामला दर्ज होना सामने आया।

पुलिस द्वारा लगातार साइबर फ्रॉड का लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, बावजूद फ्रॉड करने वाले लोगों के खातों से राशि का ट्रांजेक्शन कर उन्हे आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे है। सोमवार को पंवासा थाना पुलिस ने 3 मामले दर्ज किये। थाना प्रभारी गरमसिंह मंडलोई ने बताया कि पांड्याखेडी में रहने वाला रानू पिता रामखिलाडी प्रजापति मूलरूप से आगरा



उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। वह जॉब के चलते उज्जैन में निवास कर रहा है। 3 जुलाई को उसके पास कॉल आया और बताया गया कि आपके द्वारा क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं किया जा रहा है। रानू ने क्रेडिट कार्ड पर पैसे अधिक लगने की बात कहीं। कॉलधारक ने बताया कि आपको एक फार्म भेजा जा रहा है, उसे भरकर वापस भेजे। क्रेडिट कार्ड पर पैसे कम लगेगें और सुविधा भी मिलेगी। रानू ने फार्म में सभी जानकारी अपलोड की और सेंड कर दिया। कुछ देर बाद उसके खाते से 71 हजार 924 का ट्रांजेक्शन होने का मैसेज प्राप्त हुआ। ऑनलाइन धोखाधडी होने पर साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। दूसरा फ्रॉड थाना क्षेत्र के ग्राम ब्यावरा में रहने वाले अल्ताफ पिता युसुफ पटेल के साथ 22 जुलाई और शिवधाम कालोनी में रहने वाले महेश पिता नारायण परिहार के साथ 18 जुलाई को हुआ। उनके मोबाइल पर एपीके लिंक भेजी गई थी। दोनों ने एपीके को ओपन किया और ओके पर क्लिक करते चले गये। लिंक ओपन होते ही दोनों के मोबाइल हैक हो गये। अल्ताफ के खाते से 43 हजार और महेश के खाते से 28 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होना सामने आया। तीनों मामलों में धोखाधडी की धारा 318 (4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया है। तीनों ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके चलते फ्रॉड की गई राशि होल्ड पर है।

### इधर बैंक अधिकारी बनकर ठगे 41 हजार

बिरलग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलोदा बागला में रहने वाला कचरूलाल पिता रामचंद्र राठौड खेती किसानी करता है। 6 जुलाई को उसके मोबाइल पर कॉल आया और बताया गया कि बैंक से बोल रहे है। आपका खाता बंद होने वाला है, जिसे चालू रखने के लिये बैंक प्रक्रिया पूरी करना होगी। कचरूलाल ने प्रक्रिया पूछी तो उसे ओटीपी भेजा गया। मोबाइल पर आये ओटीपी को उसने कॉल करने वाले से शेयर किया। कुछ देर बाद खाते से 41 हजार 980 रूपये निकलने का मैसेज मिला। उक्त मामले में बिरलाग्राम पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बैंक से जानकारी मांग, धोखाध?ी करने वाले का पता लगाने के प्रयास शुरू किये है।

### इनके साथ भी हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी

ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों ने नागझिरी थाना क्षेत्र की अभिलाषा कालोनी में रहने वाले पवन कुमार पिता कालीप्रसाद मिश्र के मोबाइल पर 15 जुलाई को वाट्सएप पर मैसेज भेजा जिसे ओपन करने पर मोबाइल हैक हो गया और खाते से 25 हजार निकाल लिये। खाराकुआ थाना क्षेत्र के भागसीपुरा में रहने वाले अब्दुल रियाज पिता अब्दुल रज्जाक के मोबाइल को हैक कर 50 हजार का ट्रांजेक्शन कर लिया। एक मामला खाचरौद थाना पुलिस ने दर्ज किया है। ग्राम मीण में रहने वाले देवीलाल पिता भुवानलाल पाटीदार को बातों में उलझाकर ओटीपी प्राप्त करने के बाद 57 हजार 857 रूपये निकाल लिये।

## लालपुर में डिवाइडर से टकराई बाइक,1 की मौत

**उज्जैन।** देवासरोड पर रविवार-सोमवार रात सडक हादसा हो गया। घटनाक्रम में एक युवक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने रात 3 बजे मृतक के परिजनों को सूचना दी। सोमवार सुबह परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया।

नागरिक थाना एसआई पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि रात में लालपुर के समीप सड़क हादसा होने की खबर मिलने पर डायल 112 पहुंची थी। घटना स्थल से दो घायलों को एंबुलेंस अस्पताल ले जा चुकी थी। कुछ देर बाद जानकारी सामने आई की एक घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है दूसरे की मौत होने पर उसे सड़क अस्पताल भेजा गया है। रात में चरक अस्पताल पहुंची बॉडी की सूचना ड्यूटी कंपाउंड द्वारा दी गई और करने वाले नाम विशेष पिता सुरेश दादी 20 साल निवासी ग्राम उजालिया देपालपुर होना बताया गया। रात में मृतक के परिजनों की जानकारी जुटाई गई और सूचना दी गई। सोमवार तड़के परिजन उज्जैन पहुंच गए थे। मामले में मार्ग कायम कर सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि विशेष उज्जैन नागझरी क्षेत्र में दरबार दूध डेरी पर काम करता था। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की तो जानकारी सामने आई की मृतक अपने दोस्त के साथ रात में लालपुर की ओर जा रहा था। रफ्तार तेज होने पर बाइक डिवाइडर से टकराई है। एसआई शर्मा के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। निजी अस्पताल में भर्ती घायल के बयान दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी।

# पुत्र की मौत के बाद परिजनों ने किया लोट्स अस्पताल में हंगामा

### डॉक्टर से मारपीट, पुलिस ने शांत कराया मामला

**उज्जैन।** 11 दिनों से निजी अस्पताल लोट्स में भर्ती पुत्र की मौत के बाद सोमवार सुबह परिजनों का गुस्सा फूट पडा। उन्होने हंगामा करते हुये ड्युटी से घर लौट रहे डॉक्टरों के साथ मारपीट की। हंगामे और मारपीट की खबर मिलने पर पुलिस ने मामला शांत कराया। परिजनों और डॉक्टर से लिखित शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू की है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में लोट्स अस्पताल में 11 दिन पहले तराना तहसील के ग्राम बिसनखेडी से 17 वर्षीय मनोज पिता दिनेश चौहान को परिजन पेट दर्द की शिकायत पर लोट्स अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने चैकअप के बाद पेट में गठान होना बताया। डॉ. प्रशांत पाटीदार द्वारा सर्जरी की गई।

जिसके बाद मनोज की हालत में सुधार आने पर उसे जनरल वार्ड में भर्ती किया गया। रविवार को उसे ज्यूस और दलिया देने की बात कहीं गई। सोमवार शाम मनोज का फिर से पेट दर्द होने लगा। उसने परिजनों को बताया। परिजनों ने ड्युटी पर मौजूद डॉक्टरों को अवगत कराया। उसे इंजेक्शन और दवा दी गई, मनोज बेहोश हो चुका था उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। परिजनों ने डॉक्टरों को बुलाने की बात कहीं, लेकिन ड्युटी डॉक्टर ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के छुट्टी पर होने का हवाला देकर उपचार करने की बात कहीं। रात में परिजनों को आईसीयू में नहीं जाने दिया गया। सोमवार सुबह पिता उसे देखने पहुंचे तो ऑक्सीजन लगा था और सीपीआर दिया जा रहा था। पिता ने स्टॉफ से पूछने का प्रयास किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कुछ देर बाद मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों को गुस्सा फूट पडा उन्होने हंगामा करने हुये ड्युटी से घर लौट रहे डॉक्टर लखन चौहान के साथ मारपीट कर दी। हंगामे की खबर मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामला शांत कराया। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं डॉक्टर ने मारपीट की शिकायत की। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि डॉक्टर से लिखित शिकायत लेकर जांच शुरू की गई है। वहीं बालक की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

# दिनदहाड़े लाखों की चोरी करने वाले चार आरोपी हिरासत में

## आभूषणों के साथ 55 हजार मिले, आज न्यायालय में पेश पेश करेगी पुलिस

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम बघेरा में 20 जुलाई को हुई चोरी की वारदात में चार आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। चारों के निशानदेही पर 55 हजार रुपये और लाखों के आभूषण बरामद किए गए। चारों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेशकर रिमांड पर लिया जा सकता है।

तराना थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भगोरिया ने बताया कि 20 जुलाई को ग्राम बघेरा निवासी धर्मेंद्र पिता शिवनारायण सोलंकी परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए समीप के ग्राम गया हुआ था। उसी दौरान दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी को अंजाम दे दिया था। धर्मेंद्र सोलंकी की शिकायत पर मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। 7 दिन





बाद चोरी की वारदात में शामिल 4 आरोपियों सावन पिता गणपत 22 साल निवासी सुरजपुरा, काना पिता गणपत 20 साल निवासी सुरजपुरा, धीरज पिता प्रभुलाल 21 साल निवासी तराना, हाल मुकाम देसाई नगर, उज्जैन औरआकाश पिता प्रभुलाल 24 साल निवासी तराना, हाल मुकाम अशोक नगर उज्जैन को गिरफ्तार किया है।

चारों से पूछताछ में दिनदहाड़े हुई चोरी का खुलाता होने पर उनकी निशानदेही पर करीब सात लाख रुपये के 8 से 10 ग्राम सोने के आभूषण, करीब ढाई से तीन किलोग्राम चांदी के आभूषण, 55 हजार रुपये नकद तथा वारदात में प्रयुक्त खटकेदार चाकू बरामद किए गए। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल चारों से पूछताछ की जा रही है मंगलवार को न्यायालय में भेज कर रिमांड पर लिया जा सकता है। प्रारंभिक पूछताछ कर और जांच में धीरज और आकाश के खिलाफ पूर्व में मारपीट के मामले दर्ज होना सामने आये है। चारों से पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि उनसे जुड़े कुछ और आरोपियों की जानकारी सामने आ सकती है। मंगलवार को न्यायालय में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा।

## खाचरौद एसडीएम साहू के गोद लिए गंभीर कुपोषित बच्चे ने एनआरसी में दर्ज की उत्कृष्ट रिकवरी

**बच्चे का14 दिनों में 405 ग्राम बड़ा वजन**

**उज्जैन।** खाचरौद एसडीएम नेहा साहू के गोद लिए गए अत्यंत गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चे ने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में मात्र 14 दिनों के उपचार और सघन पोषण प्रबंधन के बाद उल्लेखनीय स्वास्थ्य सुधार दर्ज किया है। बेहतर स्वास्थ्य सूचकांकों के साथ बच्चे को एनआरसी से डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि उसे पूर्ण रूप से कुपोषण मुक्त करने के लिए अगले 60 दिनों तक विशेष निगरानी जारी रहेगी।

बच्चे को 14 जुलाई को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया था। उस समय उसका वजन मात्र 7.395 किलोग्राम, बांह का घेरा (एमयूएसी) 11 सेंटीमीटर तथा एसडी स्कोर माइनस 4 एसडी से कम था, जो अत्यंत गंभीर कुपोषण की स्थिति को दर्शाता है। बच्चे की देखभाल का दायित्व स्वयं एसडीएम सुश्री नेहा साहू ने लिया। उन्होंने बच्चे के लिए वजन बढ़ाने और हड्डियों को मजबूत बनाने वाले पौष्टिक पाउडर सहित आवश्यक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई तथा उपचार की नियमित निगरानी की।

**टीम के प्रयासों से मिली सफलता-** चिकित्सकों, डाइटिशियन तथा एनआरसी




स्टाफ की समर्पित देखरेख और संतुलित पोषण प्रबंधन के परिणामस्वरूप बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। बच्चे का वजन बडकर 7.800 किलोग्राम हो गया, अर्थात 14 दिनों में 405 ग्राम की वृद्धि दर्ज की गई। भर्ती अवधि के अंतिम दिनों में बच्चे का दैनिक वजन वृद्धि दर 10.6 ग्राम प्रति किलोग्राम प्रतिदिन'' रही, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उत्कृष्ट रिकवरी मानकों के अनुरूप मानी जाती है। बच्चे के बांह के घेरे (एमयूएसी) में भी सुधार हुआ और यह ब?कर 11.6 सेंटीमीटर पहुंच गया। एसडीएम सुश्री नेहा साहू ने स्पष्ट किया कि एनआरसी से डिस्चार्ज होना उपचार का अंतिम चरण नहीं है। बच्चे को पूरी तरह सामान्य श्रेणी में लाने के लिए 8.5 किलोग्राम का लक्ष्य वजन निर्धारित किया गया है, जिसे आगामी 60 दिनों में प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

## रेलवे ने श्रावण मास के तहत अपनी तैयारी को पटरी पर अंजाम दिया....

# आज से उज्जैन- भोपाल के मध्य चलेंगी तीन जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेन

## यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित ट्रेनों का संचालन 8 सितंबर तक होगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

12 ज्योर्तिलिंगों में भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शनों के लिए श्रावण मास में श्रद्धालुओं की अपार आस्था उज्जैन पहुंचेगी। इसको देखते हुए पूर्व वर्षों की तरह रेलवे ने श्रावण मास की शुरूआत से तीन दिन पूर्व ही अपनी तैयारी को पटरी पर उतार दिया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल 28 जुलाई से 08 सितम्बर तक तीन जोडी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन उज्जैन-भोपाल के मध्य करेगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार उज्जैन एवं सीहोर क्षेत्र में श्रावण मास के दौरान अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के लिए उज्जैन-भोपाल के मध्य तीन जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है।

**आज से शुरू होगा तीनों का संचालन-**

**सुबह 9 बजे पहली-** गाड़ी संख्या 09305/09306 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल- गाड़ी संख्या 09305 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 09.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 13.30 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09306 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 14.20 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 19.30 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल एवं सीहोर स्टेशनों पर ठहरेगी।

**अपरांह् 4 बजे दुसरी -**

गाड़ी संख्या 09313/09314 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल गाड़ी संख्या 09313



उज्जैन-संत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.10 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09314 संत हिरदाराम नगरङ्कउज्जैन मेला स्पेशल 29 जुलाई, 2026 से 09 सितम्बर, 2026 तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 01.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 06.00 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, एवं सीहोर स्टेशनों पर रुकेगी।

**रात 9 बजे तीसरी -** गाड़ी संख्या 09307/09308 उज्जैन-भोपाल-उज्जैन मेला स्पेशल- गाड़ी संख्या 09307 उज्जैन-भोपाल मेला स्पेशल 28 जुलाई, 2026 से 08 सितम्बर, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 21.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02.20 बजे भोपाल पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09308 भोपाल-उज्जैन मेला स्पेशल 29 जुलाई, 2026 से 09 सितम्बर, 2026 तक भोपाल से प्रतिदिन 03.10 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 08.00 बजे उज्जैन पहुँचेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहरेगी।

## नरवर थाने पहुंचे स्कूली बच्चे, पुलिसिंग के साथ सीखी साइबर सुरक्षा

**उज्जैन।** महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित आलोक इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत नरवर थाने का दौरा किया। यहां पुलिस अधिकारियों ने पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक कक्षाओं के छोटे बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी सरल भाषा में दी। साथ ही उन्हें साइबर फ्रॉड और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों को अनजान व्यक्तियों से सावधानीपूर्वक व्यवहार करने, मोबाइल पर आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के तरीके विस्तार से समझाए। इसके अलावा, आपातकालीन परिस्थितियों में सही कदम उठाने और सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने की सीख भी दी गई। बच्चों ने थाना परिसर का अवलोकन कर पुलिस के कामकाज को करीब से देखा और अधिकारियों से सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं।

# चांद जैसे हमारे गुरु



चांद और मानव मन बहुत गहरे से जुड़े हैं। जैसे चांद अलग-अलग अवस्थाओं से गुजरता है- पतली लकीर से बढ़कर पूरे गोलाकार बिंब तक, वैसे ही मानव मन भी स्पष्टता और उलझन के अलग-अलग दौर से गुजरता है। अमावस्या मन की सबसे अंधेरी या सबसे उलझन भरी अवस्था को दिखाती है। पूर्णिमा पूर्ण स्पष्टता, संतुलन और पूरी आध्यात्मिक जागृति को दिखाती है। जब आप पूर्णिमा के दिन किसी गुरु या शिक्षक का सम्मान करते हैं, तो प्रार्थना करते हैं कि आपका मन भी उस चांद की तरह हो- रोशनी से भरा हुआ, साफ और पूरी तरह संतुलित।

ओशो कहते हैं, ह्यधर्म एक महाकाव्य है, इसीलिए भारत में आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु की पूजा के लिए चुना गया है। जब चांद दिखाई भी नहीं देता, बादल घिरे होते हैं, आकाश पूरी तरह खुला नहीं होता, चांद की रोशनी धरती तक पूरी नहीं पहुंचती, फिर इसको क्यों चुन लिया? चुनने वालों का कोई इशारा है और वह यह कि गुरु तो है चांद जैसा और शिष्य है आषाढ़ के बादल जैसा। शिष्य जन्मों-जन्मों के अंधेरे को लेकर आ गए हैं। वे अंधेरे बादल हैं। उसमें भी गुरु चांद की तरह चमक सके, उस अंधेरे से घिरे वातावरण में रोशनी पैदा कर सके, तो ही वह गुरु है। इसलिए आषाढ़ की पूर्णिमा!

ध्यान रखना, अगर तुम्हें यह काव्य-प्रतीक समझ में आ जाए, तो तुम आषाढ़ की तरह हो, अंधेरे बादल हो। न मालूम कितनी कामनाओं और वासनाओं का जल तुममें भरा है; तुम बोझिल हो। तुम्हें तोड़ना है, तुम्हें चीरना है। तुम्हारे अंधेरे से घिरे हृदय में रोशनी पहुंचानी है। चांद को ही हमने गुरु के लिए चुना है। सूरज को चुन सकते थे, ज्यादा मौजूं होता, क्योंकि चांद की सब रोशनी उधार है। सूरज के पास अपनी रोशनी है। हमने चांद को चुना दो कारणों से। एक, गुरु के पास भी रोशनी अपनी नहीं है, परमात्मा की है और ज्ञान सूरज जैसा है। उसे सीधा देखोगे, तो आंखें चुंधिया जाएंगी, इसलिए गुरु एक माध्यम की तरह काम करता है।

बहरहाल, यह सब असली गुरु के बारे में बात हो रही है। इस मिलावटी दुनिया में गुरुओं में भी जबरदस्त मिलावट है। असली गुरु मिलना मुश्किल है। फिर शिष्यों की मानसिकता भी बदल गई है, सीखने के लिए जो विनम्रता, जो अनुग्रह का भाव चाहिए, वह कहीं नहीं दिखाई देता। जहां हर बात कंप्यूटर सिखा रहा है, वहां मानवीय गुरु को कौन खोजे? खुशखबरी यह है कि यह यांत्रिक गुरु बुद्धि को ज्ञान तो दे सकता है, पर हृदय को शांति और भक्ति नहीं दे सकता। एआई कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो जाए, जब तक आदमी में दिल धड़क रहा है, जब तक उसकी आत्मा में खुद को जानने की प्यास है, तब तक मानवीय गुरु की जरूरत बनी रहेगी।



**सम्पादकीय**

## संसद से उम्मीद

एक बड़े आंदोलन का समापन हो गया और आंदोलन में शामिल छात्र व अन्य लोग अपने-अपने काम पर लौट गए, पर क्या भारतीय संसद भी काम पर लौट आएगी? 20 जुलाई को संसद का सत्र शुरू हुआ है और लोकसभा की उत्पादकता 5 प्रतिशत और राज्यसभा की 6 प्रतिशत रही है। क्या इस देश के सारे कार्य हो चुके हैं और केवल राजनीति करना ही शेष है? क्या संसद में कोई किसी को कार्य से रोक रहा है? क्या कोई ऐसी पार्टी है, जो चाहती है कि संसद ठीक से कार्य नहीं करे? ऐसे कई सवाल पहले भी खड़े होते रहे हैं और आज फिर हर संवेदनशील भारतीय को सता रहे हैं। जो देश विकसित हो चुके हैं, वहां की संसद लगभग 100 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादकता के साथ काम करती है, पर ऐसा क्यों है कि विकासशील भारत में संसदीय कामकाज टेढ़ी खीर है? पेपर लीक को लेकर पूरा देश चिंतित था, पर यह सोचने वाली बात है कि समग्रता में शिक्षा पर संसद में कितना विमर्श हुआ है? बीते 20 वर्ष में क्यों केवल चार बार शिक्षा बजट पर विस्तार से चर्चा हुई है?

कायदा तो यह बोलता है कि शिक्षा सुधार पर संसद में विस्तार से बात हो, केवल सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान ही नहीं, निजी संस्थानों की गुणवत्ता और उत्पादकता पर विचार किया जाए? शिक्षकों की गुणवत्ता पर चर्चा सबसे जरूरी है। अयोग्य शिक्षकों का भारी दबाव हमारी शिक्षा व्यवस्था पर है और छात्र अपने शिक्षकों के सामने किसी छोटे-मोटे आंदोलन के बारे में भी नहीं सोच सकते। आज अचानक आम छात्रों के लिए चिंतित सांसदों को गौर करना चाहिए कि शिक्षा कैसे व्यवसाय में बदलती जा रही है। क्या बच्चों की शिक्षा को लेकर शिक्षकों पर कोई खास दबाव नहीं है, जबकि अभिभावकों पर जरूरत से ज्यादा दबाव है? अगर शिक्षा सुधार के प्रति पक्ष व विपक्ष के सांसद वाकई सजग हैं, तो सबसे पहले पेपर लीक संबंधी कानून में संशोधन होना चाहिए। पेपर लीक करने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए। आज एक दूसरे को व्यक्तिगत निशाना बनाने की बजाय व्यवस्था में सुधार करना ज्यादा जरूरी है। इसके अलावा शिक्षा संबंधी एक अन्य कानून भी प्रस्तावित है, जिसके तहत उच्च शिक्षा के लिए एकल नियामक आयोग की स्थापना होगी, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, एआईसीटीई और राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद का स्थान लेगा। इन बड़े सुधारों को सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ाने की जरूरत है।

### डिजिटल दौर की पत्रकारिता: सुविधा बढ़ी, विश्वसनीयता की कसौटी भी

## वायरल होती खबरें, बदलता समाज और पत्रकारिता की अग्निपरीक्षा



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

खबरों का सफर अब समाचार कक्षों से नहीं, हथेली पर जगमगाती स्क्रीन से तय हो रहा है। उँगली के एक स्वाइप से बहती समाचार-धारा और कुछ सेकंड के वीडियो करोड़ों लोगों की सूचना-दुनिया तय कर रहे हैं। रॉयटर्स इंस्टीट्यूट की डिजिटल न्यूज रिपोर्ट 2026 इस बदलाव का प्रामाणिक दस्तावेज है। रिपोर्ट के अनुसार 48 देशों में पहली बार सोशल मीडिया और वीडियो प्लेटफॉर्म्स (54%) समाचारों के प्रमुख स्रोत बनकर टेलीविजन (52%) तथा समाचार वेबसाइट्स/ऐप्स (51%) से आगे निकल गए हैं। अब लोग निश्चित समय पर समाचारों की प्रतीक्षा नहीं करते, बल्कि स्क्रॉल करते हुए, छोटी वीडियो क्लिप और न्यूज कंटेंट क्रिएटर्स की दृष्टि से घटनाओं को समझते हैं। यह बदलाव केवल तकनीक का नहीं, बल्कि सूचना-उपभोग, ध्यान और विचार-निर्माण की बदलती संस्कृति का संकेत है।

सूचना की इस नई दौड़ में ठहराव हार रहा है, रफ्तार जीत रही है। लंबे विश्लेषणों की जगह शॉर्ट वीडियो प्रभावी हो रहे हैं। युवा वर्ग शॉर्ट वीडियो, विजुअल कंटेंट और त्वरित जानकारी को प्राथमिकता दे रहा है। नतीजतन सोशल मीडिया और वीडियो प्लेटफॉर्म समाचारों के प्रमुख स्रोत बन चुके हैं। भारत सहित कई उभरते देशों में बदलाव तेज है, जहाँ डिजिटल पहुँच बढ़ रही है। इसका असर पारंपरिक समाचार संस्थानों पर पड़ा है, जिनके पाठक और वेबसाइट ट्रैफिक घट रहे हैं। अब प्रतिस्पर्धा समाचारों की नहीं, दर्शकों का ध्यान बनाए रखने की है। ध्यान अवधि घटने के बावजूद विश्वसनीय और गहन सामग्री का महत्व बढ़ा है। भारत में यूट्यूब समाचारों का प्रमुख स्रोत है, जहाँ 58 प्रतिशत लोग इससे समाचार लेते हैं।

सूचना की दुनिया में अब सवाल इंसान पूछ रहा है, जवाब मशीन दे रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में लगभग 7 प्रतिशत लोग समाचारों के लिए एआई चैटबॉट का उपयोग कर रहे थे, जो 2026 में बढ़कर 10 प्रतिशत हो गए। भारत और अन्य विकासशील देशों में इसका उपयोग वैश्विक औसत से अधिक है, जबकि यूरोप और अमेरिका में अभी भी सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी प्रश्न पर कुछ ही क्षणों में संदर्भ, स्रोतों की तुलना और संक्षिप्त सार देना इसकी सबसे बड़ी क्षमता है। लेकिन यही सुविधा गंभीर चुनौती भी है। यदि तथ्यों का सत्यापन कमजोर पड़ता है, तो निष्पक्षता पर प्रश्न उठ सकते हैं। फिलहाल समाचार जगत में इसकी बढ़ती मौजूदगी भविष्य की स्पष्ट आहट दे रही है।

सूचना के इस दौर में प्रभाव अब संस्थानों से अधिक व्यक्तियों का बढ़ रहा है। रिपोर्ट में मीडिया विशेषज्ञ निक न्यूमैन ने राजनीति और जनमत निर्माण पर इनके प्रभाव को रेखांकित किया है। ये कंटेंट क्रिएटर्स कुछ मिनटों के वीडियो में जटिल विषयों को सरल बनाते हैं और लंबे संवादों से दर्शकों से जुड़ाव बढ़ाते हैं। यही आत्मीयता उन्हें पारंपरिक समाचार संस्थानों से अलग पहचान देती है। किंतु इसी लोकप्रियता के साथ नई चुनौती भी उभर रही है। हर कंटेंट क्रिएटर का अपना दृष्टिकोण और एजेंडा होता है, जो कई बार तथ्यों पर भारी पड़ता है। नतीजतन, सूचना और मत की सीमाएँ धुंधली हो रही हैं, जिससे निष्पक्ष समाचारों की पहचान कठिन हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग एक-चौथाई लोग न्यूज-फोकस्ड कंटेंट क्रिएटर्स से भी समाचार ले रहे हैं।

खबरें पहले से अधिक हैं, लेकिन भरोसा पहले से कम। राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक दबाव और तकनीकी बदलावों ने सूचना-थकान व संशय बढ़ाए हैं। रिपोर्ट संकेत देती है कि समाचारों में रुचि लगातार घट रही है, जबकि अविश्वास बढ़ता जा रहा है। इसके बावजूद अधिकांश लोग निष्पक्ष और संतुलित समाचारों को लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त मानते हैं। यही आज के समाचार जगत का सबसे बड़ा विरोधाभास है। सार्वजनिक सेवा प्रसारण संस्थानों पर बढ़ता दबाव इस चुनौती को और गहरा कर रहा है। ऐसे समय में विश्वसनीयता प्रचार से नहीं, बल्कि पारदर्शिता, तथ्य-जाँच और उत्तरदायी पत्रकारिता से ही अर्जित होगी।

अब खबरें पढ़ी कम, देखी अधिक जा रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 77 प्रतिशत लोग हर सप्ताह ऑनलाइन न्यूज वीडियो देखते हैं। शॉर्ट वीडियो, लाइव स्ट्रीम, इंटरैक्टिव कंटेंट और आकर्षक विजुअल्स दर्शकों को लंबे समय तक जोड़े रख रहे हैं। इससे मुद्रित समाचार माध्यम और पारंपरिक प्रसारण व्यवस्था अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे हैं। किंतु इस तेज रफ्तार प्रस्तुति के बीच प्रश्न है–क्या हर आकर्षक दृश्य के पीछे पर्याप्त संदर्भ और तथ्य हैं? कई बार सबसे पहले पहुँचने की होड़ में गहराई, पड़ताल और विश्लेषण पीछे छूट जाते हैं। वास्तविक पत्रकारिता की शक्ति केवल गति में नहीं, बल्कि सत्य की पुष्टि और संदर्भ की संपूर्णता में है। इसलिए बदलते प्रारूपों के साथ पत्रकारिता को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखनी होगी।

समाचार संस्थानों के सामने सबसे बड़ा सवाल प्रासंगिक बने रहने का है। एआई आधारित खोज-सारांश ने समाचार वेबसाइटों का गूगल सर्च ट्रैफिक लगभग 33% घटा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार अगले तीन वर्षों में यह आधे के करीब रह सकता है। एक ओर डिजिटल मंच दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं, दूसरी ओर स्वतंत्र न्यूज क्रिएटर प्रतिभाओं को आकर्षित कर रहे हैं। ऐसे समय में अनेक प्रतिष्ठित संस्थान खोजी पत्रकारिता, जमीनी रिपोर्टिंग और मानवीय सरोकारों से जुड़ी कहानियों पर फिर जोर दे रहे हैं। भारत जैसे देशों में, जहाँ विश्वास का संकट पहले से है, यह बदलाव और कठिन होगा। फिर भी पारदर्शिता, विश्वसनीयता और सामाजिक उत्तरदायित्व को आधार बनाने वाली संस्थाएँ ही इस दौर में टिक सकेंगी।

समाचारों का भविष्य अब केवल तकनीक नहीं, हमारी सोच भी तय करेगी। एआई चैटबॉट्स तेजी और सुविधा लाएंगे, न्यूज क्रिएटर्स दर्शकों से निकटता बढ़ाएँगे और पारंपरिक मीडिया अपनी विश्वसनीय जड़ों के साथ नई तकनीक अपनाएगा, तो उसकी प्रासंगिकता बनी रहेगी। किंतु सबसे बड़ा प्रश्न तकनीक का नहीं, समाज का है–क्या हम केवल सूचना के उपभोक्ता बनकर रह जाएँगे, या उसे परखकर, समझकर और उसके आधार पर विवेकपूर्ण निर्णय लेने वाले जागरूक नागरिक बनेंगे? भविष्य उसी का होगा, जो बदलते माध्यमों के बीच सत्य की पहचान बनाए रखेगा, क्योंकि अंततः समाचारों की सबसे बड़ी शक्ति गति नहीं, विश्वसनीयता है।

## कद, काठी और लाठी

जंतर-मंतर की उस सीली, ऐतिहासिक और ठंडी सड़क पर जब खाकी वर्दी की लाठियों ने अपना भयानक नृत्य शुरू किया, तो हवा में सिर्फ चीखें और भागते जूतों की चाप तैर रही थी। हर कोई अपनी हड्डियों को साबुत बचाकर ले जाने की जुगत में बदहवास भाग रहा था। तभी भीड़ के उस भयानक खौफनाक समंदर के बीच एक लड़का रुका जैसे बहती नदी में कोई भारी पत्थर जमीन पकड़ ले। उसने भागना छोड़ दिया, अपनी मुट्ठियाँ ढीली कीं और अपना निहत्था शरीर उस खाकी आंधी के हवाले कर दिया। जब दनादन लाठियाँ पड़ने लगीं, तो वह रोया नहीं, न ही उसने रहम की भीख माँगी। उसने अपनी आँखों में एक जलता हुआ सन्नाटा भरकर सिपाहियों से बस इतना कहा, मारो यार, कब तक मारोगे? जब तक तुम्हारी बाहें न टूट जाएँ या मेरी साँसें न थम जाएँ, मारते रहो।

उस खौफनाक लम्हे में, जब पहला वार उस लड़के की पीठ पर पड़ा, तो दर्द की कोई लकीर हवा में नहीं खिंची, बल्कि लड़के के शरीर और उस सख्त शीशम की लाठी के बीच एक खामोश, भीतर तक हिला देने वाली बातचीत शुरू हो गई। लाठी ने अचरज से थरथराते हुए पूछा, अरे पगले, तू भाग क्यों नहीं रहा? तेरे आगे-पीछे वाले तो हवा से बातें कर रहे हैं, अपनी खाल बचाने को तिलमिला रहे हैं, तू क्यों पत्थर की मूरत बना खड़ा है? लड़के की रीढ़ की हड्डी पर लाठी का दूसरा निशान छप चुका था, पर उसके चेहरे पर एक आतिशी मुस्कान थी। लड़के के शरीर ने कराहते हुए मगर बुलंद आवाज में जवाब दिया, भागे तो वो, जिसके पास खोने के लिए अभी कुछ बचा हो। तुम मेरी जिन हड्डियों को तोड़ने आई हो, वो कागजी डिग्रियों का बोझ सहते-सहते पहले ही जर्जर हो चुकी हैं। मारो, कि तुम्हारी ये कठोरता शायद मेरी आत्मा के इस खालीपन को कुछ देर के लिए भर दे। लाठी ने गुस्से और तिलमिलाहट में एक और करारा वार उसकी छाती पर किया, लेकिन लड़का अपनी जगह से टस से मस नहीं हुआ, जैसे कोई जिद्दी खंभा। लाठी ने फिर फुसफुसाकर कहा, तुझे दर्द नहीं होता क्या?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28 जुलाई 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:00 सूर्यास्त 19:07
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - चतुर्दशी 18:19 उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र - पूर्वाषाढा 13:11 उपरांत उत्तराषाढा
योग - विष्कुंभ 23:33 उपरांत प्रीति
करण - वणिज
चन्द्रमा - धनु में है। 19:48 पर मकर में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 13

**मेष-** यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा।

**वृषभ-** समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। बेरोजगारी के प्रयास रहेंगे।

**मिथुन-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कर्क-** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**सिंह-** नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या-** जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी।

**धनु-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा। शत्रु पस्त होंगे।

**मकर-** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कुंभ-** कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है।

**मीन-** विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है।

**(व्यंग-बाण)**

## स्कूल बैग के बोझ तले, मुस्कुराता बचपन



नीतिश नागर
(दैनिक अवन्तिका)

बच्चा जब जन्म लेता हैं, वह रोता हैं शायद वह यही सोचता होगा कि मैं कहाँ आ गया? ये लोग मुझे देखकर हँस क्यों रहे हैं ?, लोगों को हँसता देखकर, वह सोचता हैं कि-ये क्या झोल हैं भाई ? वह तेजी से रोने लगता हैं शायद वह मासूम यह जान नहीं पाता हैं कि अब शिक्षा नाम का बोझ बस्ते के रूप में उसकी पीठ पर लादा जायेगा। कहते हैं कि शिक्षा मनुष्य का बोझ हल्का करती है, लेकिन हमारे देश में शिक्षा, बच्चे की पीठ पर बोझ बनती जा रही हैं। पीठ पर लदे बैग दिन पर दिन भारी होते जा रहे है। बच्चा स्कूल जाने लायक हो या ना हो, जबरन उसके कंधों पर भारी-भरकम बैग का वजन लाद दिया जाता है, जिससे उसके कंधे झुकने लगते हैं और उसके बोझ तले उसका बचपन दम तोड़ने लगता है। उसके खेलने कूदने के दिनों में जबरन यह बोझ लाद दिया जाता हैं। यह पता ही नहीं चलता हैं, बच्चा बैग लेकर जा रहा है, या बैग बच्चे को लेकर जा रहा है। प्राचीन काल में गुरुकुल के गुरु, शिष्य को ज्ञान देते थे। आजकल स्कूल भारी-भरकम बैग देते है, जिसमें किताबें, कॉपियाँ, प्रोजेक्ट फाइलें, एक्टिविटी बुक, ड्रॉइंग बुक और अंत में एक डायरी, इतना ही नहीं बाटल, टिफिन और कम्पास का भार अतिरिक्त ढोना होता हैं। बचपन से ही बोझा उठाने की प्रेक्टिस करवाकर, उसकी पीठ को मजबूत बनाने का प्रयास किया जाता हैं।

सुबह का दृश्य बड़ा मार्मिक होता है। सबसे पहले बच्चे को कच्ची नींद से जगाया जाता हैं। वह आँख मलते बड़ी मुश्किल से उठता हैं माँ बच्चे का टिफिन बना रही होती है, पिता बैग सजा रहा होता हैं और बच्चा भगवान से यही प्रार्थना कर रहा होता है कि आज स्कूल की छुट्टी हो जाए तैयारियाँ इतने जोर-शोर से की जाती हैं, जैसे स्कूल नहीं, कहीं मंगल ग्रह पर जाने की तैयारी की जा रही हो।

स्कूल प्रशासन का कहना है कि शिक्षा सर्वांगीण विकास करती हैं । इसलिए सभी विषय की किताब प्रतिदिन बैग में होना चाहिए, चाहे उस दिन उस विषय का शिक्षक हो या न हो कहीं अचानक शिक्षक आ जाए और घनघोर ज्ञान का बादल छा जाए और उसी समय ज्ञान का अमृत बरस जाए। बच्चा ज्ञान के अमृत से वंचित ना रह जाए। या फिर कलेक्टर बनते बनते ना रह जाए, इसलिए बैग का वजन कम होने से रहा।

अभिभावक भी पीछे नहीं हैं। बैग हल्का दिख जाए तो चिंता होने लगती है–इतनी कम किताबें ? कहीं हमारा बच्चा पीछे तो नहीं रह जाएगा ? शायद भविष्य में बच्चे की रिपोर्ट कार्ड में अंकों के साथ, बैग का वजन भी लिखा जाए। अभिभावक आपस में बैग के वजन के बारे में चर्चाएं करते हैं कि हमारे बच्चे के बैग का वजन अच्छा खासा हैं, क्योंकि इतनी मोटी-मोटी किताबे जो पढ़ता है। ये सब कहने में पेरेंट्स का सीना गर्व से फुल जाता हैं जिस बच्चे की किताबों का वजन कम, मतलब बैग हल्का, तो उसके पेरेंट्स को नीचा देखना पड़ता हैं। बच्चा क्या पढ़ता होगा ? आपके बच्चे का स्कूल अच्छा नहीं हैं। अच्छी पढ़ाई का मापदंड, बैग का भारी-भरकम वजन होना और पढ़ाकु बच्चा वही जिसमें उस बैग का वजन ढोने की क्षमता हो। अभिभावक के लिए भारी-भरकम फीस और भारी-भरकम बैग वाला स्कूल ही सबसे अच्छा होता हैं, क्योंकि फीस बताने में भी उनका सीना गर्व से चौड़ा जो हो जाता हैं। चिकित्सक लाख चेतावनी दे कि - भारी बैग बच्चों की रीढ़ पर बुरा प्रभाव डालते है। लेकिन हमने यह मान लिया हैं कि जो बचपन में आठ-दस किलो के बैग ढोने की क्षमता रखता हैं, वह बड़ा होकर हर बोझ को सह सकता हैं। बैग का वजन ऐसे ही बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब स्कूल में प्रवेश से पहले बच्चों की पीठ की मेडिकल जाँच करवाना अनिवार्य शर्त होगी। खेल प्रतियोगिता में बैग लादकर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी और पुरस्कार उसी बच्चे को मिलेगा जो बिना गिरे अपनी कक्षा में सबसे पहले पहुँच जाए।

## कौन-सी पोजीशन में सोना है आपकी सेहत के लिए बेस्ट

नींद विशेषज्ञों के अनुसार, बिस्तर के गलत तरफ जागने का आपके सोने के तरीके से बहुत संबंध है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का शरीर का प्रकार और आकार अलग होता है। ऐसी स्थिति में सोना जो पीठ और गर्दन के उचित संरेखण को रोकता है, केवल उस स्थिति में सोने से बचा जा सकता है जो आपकी रीढ़ की हड्डी को ठीक से संरेखित करता है।

अपने पेट के बल सिर एक तरफ कर लें। इस पद के लिए वरीयता उम्र और बीएमआई के साथ बढ़ती जाती है। लिंग, आयु, बीएमआई और धूम्रपान भी रात में शरीर की गतिविधियों की सीमा निर्धारित करते हैं। सर्टिफाइड स्लीप कोच संचिता सेन लक्षणों की सूजन से बचने के लिए पेट के बल सोने से नाराजगी या गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स रोग के रोगियों को सलाह देते हैं।

प्रभाव मांसपेशियों की टोन, विशेष रूप से गर्दन के क्षेत्र में, गंभीर रूप से असंतुलित होती है। यह पुरानी गर्दन और पीठ दर्द का कारण बनता है। जब आप जागते हैं, तो अपनी पीठ पर धीरे से रोल करें और अतिरिक्त 10 मिनट के लिए आराम करें ताकि तनाव कम हो जाए।

**अपनी पीठ के बल सोना सबसे अच्छी स्थिति है:**



यह सही कशेरुक संरेखण को प्रोत्साहित करता है और इसलिए, पीठ के निचले हिस्से और गर्दन की मांसपेशियों दोनों को आराम देता है। डॉक्टर अतिरिक्त सहायता के लिए घुटनों के नीचे तकिया रखने की सलाह देते हैं। यह पीठ के निचले हिस्से पर दबाव कम करेगा। शरीर के वजन के समान वितरण को सक्षम करने के लिए गर्दन का तकिया पतला होना चाहिए।

सावधानी स्लीप एपनिया वाले लोगों और खर्राटे लेने वालों को इस स्थिति से बचना चाहिए क्योंकि जीभ पीछे की ओर लुढ़क सकती है और वायुमार्ग को बाधित कर सकती है। अपने पेट के एसिड को जगह पर रखने के लिए, साइड-स्लीपिंग या अपनी पीठ के बल लेटने की कोशिश करें, जबकि आपके ऊपरी शरीर को वेज पिलो या एडजस्टेबल बेस से ऊपर उठाया जाता है।

**करवट लेकर सोना है अगली सबसे अच्छी बात:**

ज्यादातर लोग करवट लेकर सोते हैं। दिल पर दबाव से बचने के लिए डॉक्टर दाहिनी करवट सोने की सलाह देते हैं। अपने पैरों को स्ट्रेच करें। ठुड्डी को सीधा रखें ताकि आपका सिर तटस्थ मुद्रा में रहे। पैरों के बीच टक एक दूसरा तकिया कूल्हों, श्रोणि और रीढ़ को संरेखित करेगा।

प्रभाव यह आसन एक आरामदायक रात और दर्द रहित सुबह देने के लिए सिद्ध हुआ है। कंधे में दर्द के साथ जागने से बचने के लिए, एक उपयुक्त गद्दा लें। टिपः एक छोटी सी गेंद को जेब में रखकर टी-शर्ट में सोएं। यदि आप अनजाने में अपने पेट पर लुढ़क जाते हैं, तो गेंद की बेचैनी आपको स्थिति बदलने के लिए मजबूर कर देगी। एक स्लीप स्टडी में पाया गया कि कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर के मरीज बाईं ओर करवट लेकर नहीं सोते हैं।

**धर्म-आस्था**

## प्राचीन भारत का अद्भुत मेघविज्ञान और मानसून का वैदिक दर्शन



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय सभ्यता में वर्षा केवल प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति, कृषि और आध्यात्मिक चेतना का आधार रही है। आधुनिक विज्ञान जिस जलचक्र को आज हाइड्रोलॉजिकल चक्र कहकर समझाता है, उसकी वैज्ञानिक और दार्शनिक व्याख्या हजारों वर्ष पूर्व ऋग्वेद में मिलती है। भारतीय ऋषियों ने बादलों को केवल जलवाष्प का समूह नहीं माना, बल्कि उन्हें पर्जन्य अर्थात जीवनदाता पिता का स्वरूप बताया और पृथ्वी को माता का स्थान दिया। यह दृष्टि केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण के गहरे वैज्ञानिक अध्ययन का प्रमाण भी है।

ऋग्वेद में वर्णित पर्जन्य सूक्त संसार के सबसे प्राचीन मौसम विज्ञान संबंधी दस्तावेजों में गिना जा सकता है। वैदिक ऋषियों ने स्पष्ट कहा कि सूर्य की ऊष्मा से समुद्र और पृथ्वी का जल वाष्प बनकर आकाश में जाता है, वही बादलों का रूप धारण कर पुनः वर्षा बनकर पृथ्वी पर लौटता है। आधुनिक विज्ञान ने जिस प्रक्रिया को वैज्ञानिक सिद्धांत के रूप में स्वीकार किया है, उसका मूल दर्शन भारतीय वैदिक साहित्य में पहले से उपलब्ध है। ऋग्वेद का मंत्र कहता है–

समानमेतदुदकमुच्चैत्यव चाहभिः।

अर्थात जो जल ऊपर उठता है, वही पुनः नीचे आता है। यह केवल काव्य नहीं, बल्कि जलचक्र की वैज्ञानिक व्याख्या है। भारतीय चिंतन में मेघ और धरती का संबंध अत्यंत भावपूर्ण है। ऋग्वेद के अनुसार पर्जन्य पिता हैं और पृथ्वी माता। बादलों से गिरने वाला जल अमृत के समान है जिसे धरती माता अपने गर्भ में धारण करती है। यही जल बीजों को अंकुरित करता है, खेतों को हरियाली देता है और समस्त जीव-जगत का पालन करता है। यह दर्शन आज के पर्यावरण विज्ञान के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधुनिक पारिस्थितिकी कहती है कि जल, भूमि और वनस्पति एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। भारतीय ऋषियों ने यही बात हजारों वर्ष पहले अत्यंत सरल भाषा में कह दी थी।

भगवान श्रीकृष्ण ने भी श्रीमद्भगवद्गीता में वर्षा और अन्न के इसी संबंध को स्पष्ट किया–

अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।

अर्थात समस्त प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं और अन्न की उत्पत्ति वर्षा से होती है।

यह केवल धार्मिक उपदेश नहीं बल्कि कृषि विज्ञान का मूल सिद्धांत है। भारत की अर्थव्यवस्था सदियों तक वर्षा आधारित कृषि पर टिकी रही। इसलिए मानसून का समय केवल मौसम परिवर्तन नहीं बल्कि आर्थिक समृद्धि, सामाजिक उत्सव और सांस्कृतिक उल्लास का काल माना गया।

भारतीय मेघविज्ञान की सबसे रोचक विशेषता यह है कि हमारे प्राचीन विद्वानों ने बादलों के अनेक प्रकारों का विस्तृत अध्ययन किया था। वराहमिहिर की वृहत्संहिता में बादलों के रंग, आकार, दिशा, गति और उनसे होने वाली वर्षा का वैज्ञानिक विश्लेषण मिलता है। कहीं श्वेत कपासी मेघ, कहीं गहरे काले वर्षा मेघ, कहीं गर्जना करने वाले बादल और कहीं केवल आकाश को ढँकने वाले मेघ–इन सभी का पृथक-पृथक वर्णन मिलता है।

आज के मौसम विभाग जिन संकेतों के आधार पर वर्षा का पूर्वानुमान लगाते हैं, उनके प्रारंभिक स्वरूप का उल्लेख भारतीय ग्रंथों में आश्चर्यजनक रूप से उपलब्ध है। महाकवि कालिदास का मेघदूत केवल विरह काव्य नहीं है। अनेक शोधकर्ताओं का मत है कि यह भारतीय मानसून की भौगोलिक यात्रा का अद्भुत दस्तावेज भी है। रामगिरि से प्रारंभ होकर हिमालय और कैलास तक पहुँचने वाले मेघ का मार्ग वस्तुतः दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्राकृतिक दिशा का काव्यात्मक चित्रण है। कालिदास ने मेघ को जड़ पदार्थ नहीं माना। उन्होंने लिखा–

जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः।

अर्थात मैं तुम्हें प्रकृति का सजीव पुरुष जानता हूँ, जो इच्छानुसार रूप धारण करता है।

यह कल्पना मात्र नहीं थी। वास्तव में ऋषियों ने बादलों की बदलती संरचना, दिशा और व्यवहार का गहन अवलोकन किया था। कभी वे पर्वतों से टकराकर बरसते हैं, कभी नदियों के ऊपर मंडराते हैं, कभी गर्जना करते हैं और कभी बिना वर्षा के ही आगे बढ़ जाते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,42,200 रवा- 1,42,200 चांदी- टंच- 2,24,500 पाट- 2,23,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## पंजाबी मोहल्ला में गैस सिलेंडर में लगी आग

**शुजालपुर।** शुजालपुर मंडी के पंजाबी मोहल्ला में मंगलवार शाम 4:45 बजे एक घरेलू गैस सिलेंडर में आग लग गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जलते हुए सिलेंडर को घर से बाहर खींचकर सड़क पर फेंका और आग बुझाने का प्रयास किया। आग लगने की सूचना मिलते ही नगर पालिका की दमकल टीम मौके पर पहुंची। इसके साथ ही गैस वितरण एजेंसी के सुरक्षा सहायक कर्मचारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शी अमित चौरसिया और शेंकी राजपाल ने बताया कि सिलेंडर में आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस घटना में हुए नुकसान का आकलन अभी नहीं किया जा सका है।

## सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

**आगर मालवा।** जिले के ग्राम गुराड़ी के ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार भंवर सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पड़ोसी गांव श्यामपुरा के कुछ लोगों पर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने किसी भी संभावित विवाद से बचने के लिए तुरंत सीमांकन कराने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार, ग्राम गुराड़ी और श्यामपुरा के बीच सर्वे नंबर 146 पर 2 हेक्टेयर और सर्वे नंबर 147 पर 8.590 हेक्टेयर सरकारी जमीन दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि श्यामपुरा के कुछ लोग ट्रैक्टर चलाकर इस जमीन को जोत रहे हैं और जबरन कब्जा करने की कोशिश में हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि गुराड़ी और श्यामपुरा दोनों गांवों के पटवारियों की उपस्थिति में जमीन की नापजोख कराई जाए और मौके पर सीमा चिह्न लगाए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर सीमांकन नहीं किया गया, तो दोनों गांवों के बीच बड़ा विवाद हो सकता है।

### कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों का सम्मान

# सनातन विचार मंच ने आयोजन कर बलिदानों को किया याद, देश भक्ति गीतों पर झूमे जवान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देर शाम मल्हार स्मृति सभागृह में शौर्य और सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सनातन विचार मंच द्वारा आयोजित इस समारोह में कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कारगिल के अमर शहीदों और वीर जवानों के अदम्य साहस एवं बलिदान को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभागृह देशभक्ति के रंग



में रंगा नजर आया। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, पूर्व मंत्री दीपक जोशी, कारगिल युद्ध में शामिल वीर सैनिकों के साथ बड़ी संख्या में भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिक मौजूद रहे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री दीपक जोशी देशभक्ति गीतों की धुन पर वीर सैनिकों के साथ उत्साहपूर्वक झूमते और नृत्य करते दिखे, जो उपस्थित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कारगिल युद्ध के वीर शहीदों और सैनिकों के शौर्य, पराक्रम एवं सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए जवानों का त्याग सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वक्ताओं ने युवाओं से राष्ट्रसेवा, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष के साथ हुआ।

## गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ सेवा मंत्रालय की मांग

**आगर मालवा।** गौ सम्मान अभियान के तहत सोमवार को गौसेवकों, साधु-संतों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शहर में रैली निकाली। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रैली कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध सहित कई मांगें रखी गईं।

आयोजकों ने बताया कि अभियान को किसी राजनीतिक दल विशेष का कार्यक्रम नहीं बनाया गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के अलावा सामाजिक संगठनों, साधु-संतों तथा अलग-अलग धर्मों और समुदायों के लोगों ने भाग लिया। उनका कहना था कि गौ संरक्षण समाज और राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## नवनियुक्त एनएसयूआई जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**शाजापुर।** पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन कॉलेज से सोमवार को एनएसयूआई के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जय कराड़ा के स्वागत में एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। पदभार संभालने के बाद जय कराड़ा की यह पहली स्वागत यात्रा थी, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

यह बाइक रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर बस स्टैंड, नई सड़क, बड़ा चौक और छोटा चौक होते हुए किला रोड से महुपुरा चौराहे पहुंची।

## 5 साल से फरार इनामी वारंटी गिरफ्तार

**शाजापुर।** जिले की सुनेरा थाना पुलिस ने करीब पांच साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर तीन हजार रुपए का इनाम घोषित था। उसे गुना से पकड़ा गया और न्यायालय मे ों पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। सुनेरा थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को गुना रवाना किया गया था।

## प्रतिभाओं का होगा सम्मान फूलमाली उत्थान समिति की बैठक सम्पन्न

**शुजालपुर।** फूलमाली सोशल ग्रुप जिला शाजापुर एवं फूलमाली सोशल उत्थान समिति की बैठक रविवार को शुजालपुर स्थित विश्राम गृह में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 16 अगस्त को कालापीपल में आयोजित होने वाले द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। सर्वसम्मति से समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी कमल पुष्पद शुजालपुर को समारोह अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं ओमप्रकाश पुष्पक किला शुजालपुर को फूलमाली सोशल उत्थान समिति शुजालपुर नगर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में तय किया गया कि समारोह में कक्षा 5वीं एवं 8वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक तथा कक्षा 10वीं, 12वीं और महाविद्यालय स्तर पर 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

## कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)
# द्वितीय निविदा सूचना

**नि.आ. सूचना क्र./92/जलप्रदाय स्टोर/2026** — **देवास, दिनांकः- 21.07.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _523002_1 21/07/ 2026 | Ferric Alum gade 4 minimum 16% water soluble aluminium (alumina) compound as per IS code 299/2012 स्पेसिफिकेशन अनुसार क्रय। | 1 वर्ष 20.00 लाख | 2,000/- 60,000/- | 11.08.2026 06 .00 पीएम |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

**प्र. कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दरबारसिहं राजावत पिता प्रतापसिंह जी राजावत जाति राजपुत निवासी ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन द्वारा विक्रेता कैलाशबाई उर्फ कैलाशकुंवर पति श्री चन्दनसिहंजी जाति राजपुत निवासी ग्राम कराडिया खंडीगारा धार के मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर 71 रकबा 0.240 हे. सर्वे नम्बर 333 रकबा 0.520 हे. सर्वे नम्बर 334/2 रकबा 0.120 हे., सर्वे नम्बर 344/1 रकबा 0.210 हे., सर्वे नम्बर 344/2 रकबा 0.200 हे. सर्वे नम्बर 347 रकबा 1.520 हे., सर्वे नम्बर 371 रकबा 2.320 हे. सर्वे नम्बर 372 रकबा 2.990 हे. कुलकिता 08 कुल रकबा 8.120 हे. मेसे विक्रेता का हक हिस्सा 1/5 अनुसार रकबा 1.624 हे. भूमि ग्राम सनावदा तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित होकर उपरोक्त भुमि को बिक्री करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेता ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है जिसका एक अनुबंध पत्र मय नौटरी के दिनांक 13/03/2026 को उभयपक्षो मे किया गया है तथा उपरोक्त बिकी कि गई भूमि का विक्रय पत्र दिनांक 13/09/2026 को संपादन किया जाना है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकिय अर्द्धशासकिय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन विक्रय पत्र संपादन दिनांक 13/09/2026 के पूर्व मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधी समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी। सुचित हो। दिनांक-27/07/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी (एडव्होकेट)**
**विकास त्रिवेदी (से.प्र.) कोर्ट परिसर बडनगर**
**मो.न. 8871902775**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने स्वामी से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 19 श्रेणी M.I.G का दक्षिण दिशा वाला भाग, स्थित संदीपनी नगर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 60.40 वर्ग मीटर व चतुर्थ सीमा इस प्रकार है। पूर्व मेः- E.W.S. भूखंड, पश्चिम मे :- 6-00 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर मे शेष भाग भवन का, दक्षिण मेः M.I.G. 20 जिसे मेरे पक्षकार ने आज दिनांक 27/07/2026 को सौदा चिठ्ठी का निष्पादन कर क्रय कर लिया है। इसमें हवाई हक सहित में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि अदा कर दी गई है। मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग की कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंन्स बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्य हित या अधिकार रखाते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति , संस्था, विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 03 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के राथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्च्यात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 27/07/26 उज्जैन

**प्रतीक उपाध्याय एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यलय 21, दशहरा मैदान उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल न. 91111-44811**

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

**विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010**
**सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ₹जवाहर नगर₹ आवासीय योजना के अंतर्गत भवन/भूखण्ड क्र. 3/19 एफ (प्रथम तल) श्रेणी एल.आय.जी. द्वितीय श्री दिलीप सिंह रघुवंशी पिता श्री चेनसिंह रघुवंशी निवासी-3/19 एफ जवाहर नगर उज्जैन (म.प्र) के नाम पर दर्ज है।

आवंटी/गुआ के द्वारा उक्त सम्पति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का अंतरण डॉ. सुरेश कुमार बुन्दीवाल पिता श्री जगनालाल जी बुन्दीवाल निवासी ए-1/19 जवाहर नगर योजना नानाखेडा, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः आवंटी/मुआ. द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में गय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विक्रय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दिनेश पिता रायसिंह निवासी ग्राम बिज्जुखेडी तहसील सांवेर जिला इंदौर से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0. 336/1 रकबा 0.01 हेक्टर, सर्वे नंबर 337/1 रकबा 0.35 हेक्टर, सर्वे नंबर 338 रकबा 1.16 हेक्टर व सर्वे नंबर 339 रकबा 1.16 हेक्टर कुल किता 4 कुल रकबा 2.68 हेक्टर मे से रकबा 0.60 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम झुमकी तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है संपूर्ण को संपूर्ण स्वत्वो मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने बाबत सौदा चिठ्ठी संपादित की होकर आंशिक राशि भी उन्हे अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर भूमि के अनुबंध पत्र/ विक्रय पत्र का संपादन अपने हित. में करवाया जाना है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (7) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय मे संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 27.07.2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन**
**सुबह 11.00 से 07.00 बजे समय**
**मोबाईल - 9827792292**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
FAX:07365-251118 E-mail: cmomahidpur@mpurbaf.gov.in
**क्रमांक / स्व.मि. / 2026/2000** — **महिदपुर, दिनांक 27/7/26**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 में राजपत्र के अधिसूचना संख्या 169 द्वारा तारीख 11 मार्च 2021 को संशोधन किया गया है व इसे प्लास्टिक प्रबंधन संशोधन किया गया है। उक्त निगम के बिंदु क्रमांक 04 के अनुसार दिनांक 30 सितंबर 2021 से 75 माइक्रोन से कम की मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग की वजह से फैलने वाले कचरे को रोकने के लिए 30 सितंबर 2021 से प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है। हल्के वजन वाले प्लास्टिक कैरी बैग की वजह से फैलने वाले कचरे को रोकने के लिए 30 सितंबर 2021 से प्लास्टिक कैरी बैग की मोटाई 50 माइक्रोन से बढ़ाकर 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर 2022 से 120 माइक्रोन कर दी गई है। 1 जुलाई 2022 से पॉलीस्टिरीन और विस्तारित पॉलीस्टिरीन समेत निम्नलिखित एकल उपयोग वाले प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, विवरण, बिक्री और उपयोग को प्रतिबंधित किया जाएगा।

प्लास्टिक की छड़ियों से लैस ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की छड़ियां, प्लास्टिक के झंडे कैडी की छड़ियां, आइसक्रीम की छड़ियां, सजावट के लिए पॉलीस्टिरीन (थर्माकोल)।

प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रेन जैसी कटलरी, मिठाई के डिब्बों के चारों या लपेटी जाने या पैकिंग करने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट के पैकेट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक यूपीवीसी बैनर, स्टिटर।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका महिदपुर**

## सार्वजनिक सूचना/आमंत्रण आपत्तियां फौती नामांतरण हेतु

सर्वसाधारण को इस लोक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अचल संपत्ति भवन मकान क्रमांक 3/873 (19 का भाग नया क्रमांक 19/1), का उत्तर-पूर्व भाग, कुल भूखंड क्षेत्रफल 57.56 वर्ग मीटर, जो कि कुम्हारवाडा, महादजी मार्ग, गली क्रमांक 1. कार्तिक चौक, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, के मूल पंजीकृत स्वामी स्व. वासुदेवराव पिता स्व. बलवंतराव जी जावडेकर थे. उनकी मृत्यु दिनांक 18/08/2004 को हो चुकी है. उनके पश्चात उनके एकमात्र पुत्र स्व. गोपाल जावडेकर का भी स्वर्गवास दिनांक 19/10/2018 को हो चुका है.

उक्त स्वर्गीय व्यक्तियों के एकमात्र वैध प्रथम श्रेणी के कानूनी वारिसान (Legal Heirs) क्रमशः: श्रीमती कुमुद जावडेकर (पत्नी स्व. गोपाल जावडेकर), श्रीकांत जाबडेकर (पुत्र स्व. गोपाल जावडेकर), निवासीः मकान नंबर 19/7, कुम्हारवाडा, कार्तिक चौक, उज्जैन (म.प्र.) हैं, जो वर्तमान में उक्त संपूर्ण संपत्ति पर शांतिपूर्ण रूप से काबिज हैं। तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति पर नगर पालिक निगम, उज्जैन के राजस्व विभाग में इस संपत्ति का फौती नामांतरण (Mutation) अपने संयुक्त नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में उत्तराधिकार या वंशावली के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, या अन्य वैधानिक उत्तराधिकारी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, दावा या स्वत्व (Objection/Claim) हो, अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्रायवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात (07) दिवस की अवधि के अन्दर अपने वैध दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ में लिखित रूप से अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर नगर पालिक निगम, उज्जैन के राजस्व विभाग में इस संपत्ति का फौती नामांतरण (Mutation) अपने संयुक्त नाम पर दर्ज कराने हेतु आगामी कार्यवाही किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर नामांतरण (Mutation)अपने संयुक्त नाम पर दर्ज करवाया जा सकें।

उक्त निश्चित समयावधि सात (07 दिवस) समाप्त होने के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जावेगा तथा यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है। तदुपरान्त नगर पालिक निगम, उज्जैन के राजस्व विभाग तथा अन्य सासकिय विभाग में इस संपत्ति का फौती नामांतरण (Mutation) अपने संयुक्त नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदकों के पक्ष में नामांतरण की वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर दी जावेगी।

स्थानः उज्जैन दिनांकः 27/07/2026

**शैलेश परमार हाईकोर्ट एडवोकेट एवं भारत सरकार द्वारा अधिकृत नोटरी**
**निवास/कार्यालयः MIG-F-2/9, जवाहर नगर,**
**नानाखेडा, उज्जैन (म.प्र.) मो.: 98934-43124**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीनी श्रीमती लीलाबाई पति श्री जोरावर सिंह, जाति-राजपूत, निवासी-742, भवानी नगर, इन्दौर (म.प्र.) व कृषक ग्राम ढाबला रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन के एकमेंव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 201/1 रकबा 1.00 हेक्टर स्थित ग्राम ढाबला रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं।

उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा । इति दिनांक 27.07.2026, उज्जैन

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. बी-9, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स,**
**आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर 94250-94349**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मधु सेन पति प्रकाशचंद्र अशोक कुमार सेन पिता भेरुलाल वैभव सेन पिता प्रकाशचंद्र विशाखा सेन पिता प्रकाशचंद सचिन झाला पिता भेरुलाल जी मधुबाई पति अशोक कुमार सर्वगण जाति नाई निवासीगण विक्रम रोड मोहनपुरा बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. एवं सविता वर्मा पति सुनिल जाति नाई निवासी बाघेश्वरी धाम कॉलोनी उज्जैन जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का पक्का आर.सी.सी. दो मंजिला मकान वार्ड क. 13 स्थित कस्बा बडनगर के पंचोटी पथ मोहल्ला मोहनपुरा विकम रोड गली न. 01 में स्थित है उपरोक्त मकान नगर पालिका बड़नगर में गृह क. 25/3 पर दर्ज है, जो की पुर्व पश्चिम 12 फिट तथा उत्तर दक्षिण 60 फिट का होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 720 वर्गफिट है। उपरोक्त मकान की चतुर्सीमा निम्नानुसार है पुर्व दिशा में संजय फडनीस का मकान, पश्चिम दिशा में शांतिलाल सविता का मकान, उत्तर दिशा में -रास्ता आम विकम पथ गली नं. 05 दक्षिण दिशा में संजय फडनीस का मकान स्थित है। उपरोक्त विवरण एवं चतुर्सीमा वाले मकान को मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण से क्रय करने का सौदा तय किया होकर मेरे पक्षकार ने उपरोक्त सौदे पेटे आशिक बयाना राशि भी विकेतागण / मकान स्वामी को अदा कर दी है। मेरे पक्षकार से भूमि स्वामी ने उपरोक्त भूमि का विक्रय सौदा तय कर उपरोक्त सौदे पेटे विक्रय सौदा चिट्ठी भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा उपरोक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित हो चुका है तथा शिघ्र ही उक्त मकान का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त मकान के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस मकान से सम्बंधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामीयों के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यत्तित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित मकान का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा । सुचित हो। दिनांक 27.07.2026

**अंसार पटेल एडव्होकेट**
**बडनगर जिला उज्जैन म.प्र**
**मो. 9770281664**

In The Court Of Civil Judge Class-I, Tehsil Khachroud District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती शैफाली सिंह**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000005/2025)
**श्रीमती निर्मला पांचाल -----आवेदक**
**Vs**
**सर्वसाधारण -------अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 14/08/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती निर्मला पत्नी स्व रमेशजी पांचाल निवासी 79 गोपाल मार्ग के द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 के अंतर्गत उनके ससुर मृतक कृश्णदासजी पिता खेमराज जी पांचाल को वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल कार्यालय उज्जैन से अनुज्ञप्ति क्रमाक 58/1984 के माध्यम से प्राप्त आरामशीन अनुज्ञप्ति की निरंतरता में आरा मशीन के संचालन और उनके नामातंरण के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14 अगस्त 2026 को नियत है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जा रहा है कि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, विभाग या अन्य किसी को भी आवेदिका श्रमती निर्मला पत्नी स्व रमेशजी पांचाल द्वारा प्रस्तुत किये गये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु उक्त प्रकरण क्रमांक एम जे सी सक्शेसन 5/2025 श्रमती निर्मला पांचाल विरुद्ध सर्वसाधारण आदि में उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14 अगस्त 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 24 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**(श्रीमती शेफाली सिंह)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जाहिर सूचना में त्रुटि सुधार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 25/07/2026 को दैनिक अवंतिका सामाचार पत्र में जाहिर सूचना मेरे माध्यम से भूखण्ड क्रमांक ए-9/19. एम. आई. जी. वसंत विहार, उज्जैन क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर के संबंध में प्रकाशित करवाई गई थी। इस जाहिर सूचना में विक्रय पत्र का निष्पादन कर दिया गया है। ऐसा भूल से लिखा गया है जबकि विक्रय पत्र का निष्पादन अर्चना काले के हित में किया जाना बाकी है। ऐसी स्थिति में यह त्रुटी सुधार जाहिर सूचना के माध्यम से प्रकाशित कराई जा रही है।

इति दिनांकः 25/07/2026 ई., स्थान उज्जैन

**(मानमल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक,**
**उज्जैन मो. नंबर 94253-80339**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार. दशरथ पिता अनोप जी जाति कलोता निवासी पालिया बाबा चौक 199/3, कनाडिया जिला इंदौर ने कचनबाई पति भेरुलाल जी जाति नायक निवासी ग्राम दोत्रु तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नं. 286/1 रकबा 1.53 हे० भूमि स्थित ग्राम गाजीखेडी पटवारी हलका दोत्रु तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा तय किया होकर मेरे पक्षकार ने उपरोक्त सौदे पेटे आंशिक बयाना राशि भी विक्रेता/भूमि स्वामी को अदा कर दी है। मेरे पक्षकार से भूमि स्वामी ने उपरोक्त भूमि का विक्रय सौदा तय कर उपरोक्त सौदे पेटे विक्रेता ने विक्रय सौदा चिट्ठी भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित कर दी है तथा शिघ्र ही उपरोक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित होना है एवं उसके पश्चात उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध-पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सुचित हो।

दिनांक 27.07.2026

**अंसार पटेल एडव्होकेट न्यायालय परिसर**
**बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. -9165688220 8719995652**

In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री राघवेन्द्र पटेल**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियन सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000014/2026)
**श्रीमती वंदना महाकाले ----आवेदक**
**Vs**
**सर्वसाधारण------अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 13/08/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण पता- सर्व साधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती वंदना महाकाले पत्नि श्री महेश महाकाले, पिता स्व. श्री रमेश हरि टिपले, आयु-55 वर्ष, निवासी-196/2 वल्लभ नगर उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन पेश किया है कि आवेदिका एवं अनावेदकगण क्रं.3 श्री सुधीर टिपले पिता स्व.श्री रमेश हरि टिपले, क्रं. 4 श्रीमती अर्चना सोडावले पति सुनील सोंडावले पिता स्व. श्री रमेश हरि टिपले, आयु-52 वर्ष, निवासी-487 शीलनाथ कैंप कुलकर्णी का भट्टा इंदौर म प्र, क्रं.5 श्रीमती रंजना महेश्वरी पति योगेश महेश्वरी, पिता स्व. श्री रमेश हरि टिपले, आयु-50 वर्ष, निवासी वार्ड क्रं.24 बेरखेड रुठियाई तहसील राघोगढ जिला गुना म प्र, क्रं. 6 श्रीमती साधना काम्बले पति अशोक काम्बले पिता स्व. श्री रमेश हरि टिपले, आयु-59 वर्ष, निवासी-38/3 गणेशपुरा हरदेनीय कॉम्पलेक्स मक्सी रोड उज्जैन म प्र एवं क्रं. 7 श्रीमती मंगलाबाई पति भरत महाकाले पिता स्व. श्री रमेश हरि टिपले, आयु-58 वर्ष, निवासी-232 ईडब्ल्यूएस बैंकुंठधाम कॉलोनी उज्जैन म प्र, स्व.श्री रमेश हरि टिपले के पुत्र-पुत्रियां है। स्व. श्री रमेश हरि टिपले द्वारा अपने जीवनकाल में अनावेदक क्रं.2 यूको बैंक, फ्रीगंज शाखा उज्जैन म प्र द्वारा शाखा प्रबंधक यूको बैंक फ्रीगंज शाखा उज्जैन में बचत खाता क्रमांक 08570100008418 संचालित था। श्री रमेश हरि टिपले निवासी गणेशपुरा उज्जैन का दिनांक 13/02/2024 को निधन हो चुका है। स्व.श्री रमेश हरि टिपले की पत्नी श्रीमती सीताबाई उपरोक्त बचते खाते में नॉमिनी थी जिनकी मृत्यु स्व.श्री रमेश हरि टिपले के पूर्व दिनांक 07/02/2021 को हो चुकी है। अनावेदकगण क्रं. 3 लगायत क्रं.7 को आवेदिका के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी होने पर कोई आपत्ति नहीं है तथा उपरोक्त खाते में जमा राशि में से कोई हिस्सा नहीं चाहिये। आवेदिका पता ने मृतक स्व. श्री रमेश हरि टिपले, निवासी गणेशपुरा उज्जैन की अनावेदक क्रं.2 बैंक में जमा उपरोक्त खाता क्रमांक में राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 अगस्त 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 21 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राघवेन्द्र पटेल)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## सीजीपी की दोबारा आंदोलन की चेतावनी

**दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP)ने सोमवार को चेतावनी दी कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं रुकी और गिरफ्तार छात्रों को राहत नहीं मिली, तो वह फिर से आंदोलन शुरू करेगी।पार्टी प्रवक्ता सौरव दास ने आरोप लगाया कि सरकार ने समझौता तोड़ा है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार कर झूठे मुकदमों में फंसाया गया है।दिल्ली में हुई इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता आशुतोष रांका, सौरव दास के साथ एडवोकेट कपिल सिब्बल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा- मेरा रोल इस पार्टी के कानूनी मसलों में मदद करना है। CJP ने कहा कि हमने एक पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके जरिए पीड़ित छात्र अपनी परेशानी शेयर कर सकते हैं। वे केस इन्फॉर्मेशन और वीडियो भी शेयर कर सकते हैं।

## मिडिल ईस्ट में शुरू हो सकती है एक नई जंग

**सना/रियाद।** 28 फरवरी को जब अमेरिका और ईरान के बीच जंग शुरू हुई थी, तभी माना जा रहा था कि इसमें ईरान के सहयोगी हूती विद्रोही भी कूद सकते हैं। करीब पांच महीने बाद वही आशंका सच साबित होती दिख रही है। पिछले एक हफ्ते में हूतियों ने सऊदी अरब और रेड सी में जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए हैं। जवाब में सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने भी हूती ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। हूतियों ने सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है, जबकि दोनों तरफ से हमले लगातार बढ़ रहे हैं।

## अमेरिका में फूड फेस्टिवल में फायरिंग, 3 की मौत

**सिएटल।** अमेरिका के सिएटल में एक फूड फेस्टिवल के दौरान फायरिंग में 3 लोगों की मौत हो गई। बच्चे समेत 5 लोग घायल हो गए। घटना सिएटल के स्पेस नीडल के पास आयोजित 'बाइट ऑफ सिएटल' फेस्टिवल के आखिरी घंटों में हुई। सिएटल फायर डिपार्टमेंट की प्रवक्ता ग्रेस नुनेज ने इसकी जानकारी दी।फायरिंग रविवार शाम करीब 6 बजे हुई। पुलिस ने इलाके की जांच शुरू कर दी और लोगों से शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित घटनास्थल के पास नहीं जाने की अपील की।

## हमारी मूंग खरीद लो... रोते किसान ने एसपी के पैर पकड़े

**नर्मदापुरम।** मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी और खाद वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था की मांग को लेकर भोपाल कूच कर रहे किसानों ने सोमवार को नर्मदापुरम में पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। नर्मदा ब्रिज पर पुलिस से आमना-सामना के बीच एक किसान रोते हुए एसपी के पैरों में गिर पड़ा। एसपी साईं कृष्णा एस. थोटा ने उसे उठाकर गले लगाया। किसान बार-बार कहता रहा- हमारी बात मान लो... मूंग खरीद लो। इस बीच क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर सिंह राजपूत को रिहा कर दिया गया, जबकि 40 किसान नेता अब भी हिरासत या नजरबंद हैं।

## धर्मनगरी चित्रकूट में बीच सड़क हुक्का-शराब पार्टी

**सतना।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में रविवार रात बीच सड़क पर जन्मदिन के नाम पर हुक्का पार्टी, शराबखोरी और हुड़दंग का मामला सामने आया है। दिल्ली नंबर की कार से आए करीब आधा दर्जन युवकों ने नगर परिषद कार्यालय के सामने सड़क पर हुक्का रखकर तेज संगीत पर डांस किया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवकों ने मौके पर शराब का सेवन भी किया। इस घटना से वहां मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई। विरोध शुरू होते ही सभी युवक अपनी कार में सवार होकर मौके से फरार हो गए।

## पानी निकासी विवाद में किसान को कुचलने की कोशिश

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र में पानी निकासी को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि इस दौरान एक किसान पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना रविवार को परेवा गांव में हुई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी निर्मल सिंह अपने खेत पर पहुंचे थे। पड़ोसी खेत के बटाईदार सतवंत उर्फ काकू से खेत में डाली गई। यह कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई।

## राहुल गांधी ने लिखा- सत्य और सत्याग्रह से डरती है सरकार

**भोपाल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना में आदिवासियों की जमीन तो ले ली गई, लेकिन उन्हें न न्यायपूर्ण मुआवजा मिला और न ही सम्मानजनक पुनर्वास। राहुल ने सोमवार को 'एक्स' पर प्रभावित किसानों और आदिवासियों के आंदोलन का वीडियो साझा किया। इसके साथ लिखा- मोदी सरकार सत्य और सत्याग्रह, दोनों से डरती है। शांतिपूर्ण आंदोलन पुलिस बल से कुचला जा रहा है। सत्य यह है कि आदिवासी देश के पहले मालिक हैं। जल, जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार उन्हीं का है और उनका सत्याग्रह इसी अधिकार की रक्षा के लिए है।

## गडकरी बोले -पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में मेरा कोई रोल नहीं

**बॉम्बे।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर एक याचिका में कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में उनका कोई रोल नहीं है। ये दोनों प्रोजेक्ट पूरी तरह से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं। दरअसल मेटा प्लेटफॉर्म्स, एक्स और गूगल पर एथेनॉल मामले में गडकरी के कई सारे एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो वायरल हो रहे हैं।

# राशन दुकान संचालक महिलाओं ने खोला मोर्चा

### कमीशन में कटौती से आक्रोशित, 25 हजार रुपए मानदेय की मांग

**शाजापुर।** कोरोना महामारी जैसी विकट परिस्थितियों में भी बिना रुके पात्र हितग्राहियों तक राशन पहुंचाने वाली महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य अब अपने ही हक के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का संचालन कर रही इन महिलाओं ने कमीशन में अचानक की गई भारी कटौती के विरोध में सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 1 बजे बड़ी संख्या में एकत्रित हुई महिलाओं ने प्रधानमंत्री और कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा को ज्ञापन सौंपकर कमीशन बढ़ाने सहित अपनी अन्य लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की गुहार लगाई है।

ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने जून 2018 में महिला स्व-सहायता समूहों को राशन दुकानों के संचालन का जिम्मा सौंपा था। तब से वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर रही हैं। शुरुआत में उनका मासिक कमीशन 8,400 रुपए तय था, जिसे बाद में बढ़ाकर 10,500 रुपए किया गया था। महिलाओं का आरोप है कि हाल ही में, बिना किसी पूर्व सूचना के उनके कमीशन में भारी कटौती कर दी गई है। कुछ दुकानों का कमीशन घटाकर 8,000 रुपए और वर्ष 2023 के बाद शुरू हुई दुकानों का कमीशन महज 5,500 रुपए कर दिया गया है। महिलाओं का कहना है कि महंगाई के इस दौर में इतनी कम राशि में दुकान का किराया, बिजली का बिल, इंटरनेट, परिवहन और अन्य खर्चे उठाना पूरी तरह से असंभव हो गया है।

**ज्ञापन में रखी गई प्रमुख मांगें**

ज्ञापन में मांग की गई कि दुकान संचालकों का मासिक कमीशन बढ़ाकर न्यूनतम 25,000 रुपए किया जाए और हाल ही में काटी गई कमीशन राशि वापस लौटाई जाए, साथ ही भुगतान नियमित समय पर हो, पंचायत स्तर पर राशन दुकान के लिए स्थायी शासकीय भवन उपलब्ध कराया जाए, इसके अलावा सर्वर और पीओएस मशीन की तकनीकी खामियों का स्थायी समाधान किया जाए, तुलावटी का मानदेय और सेल्समैन का वेतन निर्धारित किया जाए। कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा जैसी अनिवार्य सुविधाएं प्रदान की जाएं, खाद्यान्न परिवहन और तुलाई व्यवस्था में पूरी तरह से पारदर्शिता लाई जाए।

## समाज के जिम्मेदार लोगों ने ली नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ

**शाजापुर।** नशे के खिलाफ अब सामाजिक जागरूकता बढ़ती जा रही है लोग आगे आकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। मध्य प्रदेश पुलिस का नशे से दूरी है जरूरी अभियान अंतर्गत सोमवार को समाज के विभिन्न वर्ग समुदाय के लोग मां राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए और नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को अपना समर्थन दिया। इसके तहत कोतवाली थाना प्रभारी ने लोगों से ड्रग्स के कारोबार और सप्लाई पर रोक लगाने में योगदान हेतु सामाजिक सहभागिता की अपील करते हुए स्वयं के नशा मुक्त रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने में योगदान देने हेतु शपथ दिलवाई।


## जाहिर सूचना

### सावधान सावधान सावधान

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण मेंसर्स आनन्द ट्रेडर्स द्वारा प्रोप्रायटर गिरधारीलाल बजाज, मेंसर्स ओमप्रकाश श्रीनिवास लाठी द्वारा प्रोप्रायटर दीपक लाठी, मेसर्स बंसल एण्ड कम्पनी द्वारा प्रोप्रायटर मुकेश बंसल, मेसर्स भैरूलाल इन्दरमल मारू द्वारा प्रोप्रायटर दिलीप मारू, सुनिल गादिया, अशोक कुमार काबरा, गौरव खण्डेलवाल व्यापारीगण कृषि उपजमंडी उज्जैन के द्वारा यह जाहिर सूचना प्राकाशित की जाती है कि कृषि उपजमंडी में कार्यरत फर्म रामप्रसाद गजानन्द ट्रेडर्स के प्रोप्रायटर रामप्रसाद पाटीदार पिता स्व. मुंशीलाल जी पाटीदार ने मेरे उक्त पक्षकारगणों से कुल राशि लगभग 1,00,00,000/- रू बतौर ऋण प्राप्त कि थी उक्त रामप्रसाद जी पाटीदार की मृत्यु दिनांक 10.06.2026 को हो चुकी है। स्व. रामप्रसाद जी अनाजमंडी मे अनाज का व्यापार करते थे जिसमें उनका पुरा परिवार उनका सहयोग करता था। हमारे पक्षकारगणो से लिये गये ऋण कि जानकारी भी रामप्रसाद जी के विधिक वारिसान पत्नी श्रीमतीसुमित्रा पाटीदार, पुत्र रविन्द्र पाटीदार निवासीगण 89 ग्रेटर रतन ऐवेन्यु, एम.आर.-5 रोड उज्जैन को है। मृतक स्व. रामप्रसाद पाटीदार की अचल सम्पत्तियों में भवन कं. 89 ग्रेटर रतन ऐवेन्यु एम.आर.-5 रोड उज्जैन म.प्र., कृषि उपजमंडी स्थित दूकान सह-गोदाम कं. 26 व कृषि भूमि सर्वे कं. 109 रकबा 0.28 हे., सर्वे कं. 76 रकबा 0.94 हे., सर्वे कं. 73 रकबा 0.32 हे0 कुल किता तीन कुल रकबा 1..54 हे. स्थित ग्राम विजयगंज मंडी पटवारी हल्का ग्राम भैसुनी तह. व जिला देवास में स्थित है तथा चल सम्पत्ति के रूप में एन.सी.एम.एल. वेयर हाउस उज्जैन में कृषि उपज का स्टॉक है। स्व. रामप्रसाद जी की उक्त समस्त सम्पत्तियों पर उनके द्वारा लिये गये ऋण का भार बोझ है यह जानते हुए स्व. रामप्रसाद जी के उक्त विधिक वारिसान उक्त सम्पत्तियों का विक्रय व अंतरण करना चाहते है ताकि उन्हें भविष्य में रामप्रसाद जी के द्वारा लिये गये ऋण कि अदायगी नही करना पडे। मेरे पक्षकारगण उक्त अचल सम्पत्तियों के संबंध में शीघ्र ही न्यायालयिन कार्यवाही प्रारंभ कर उक्त सम्पत्ति के अंतरण पर रोक लगाने हेतु कार्यवाही प्रचलित कर रहे है। अतः सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति, संस्था, सूचना पत्र में वर्णित उक्त अचल सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार उक्त स्व. रामप्रसाद जी के वारिसानो से नही करे अन्यथा ऐसा समस्त प्रकार का संव्यहार हमारे पक्षकारगणो पर बंधनकारक नहीं होकर शुन्य होगा। सूचित हो। इति दिनांक 27/11/26

**गणेश कुमावत, दीपक कुमावत अधिवक्तागण**
**कार्यालय - भार्गव काम्पलेक्स तीन बत्ती**
**चौराहा फीगंज उज्जैन मो.9827381808, 9425987419**



## The Court Of VII Civil Judge Class-1. District Court, Ujjain

**Presiding Officer:- श्री राघवेन्द्र पटेल**
**( आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक ) (UNCIV/0000118/2026)**
**गजानंद भट्ट.......... आवेदक**
**विरूद्ध**
**भू अर्जन अधिकारी ...... अनावेदक**
**Process 10-2026**
**पेशी दिनांक 27/08/2025**

**प्रेषिति-( 1 ) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण**
**( 2 ) आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजानंद भट्ट पिता श्री गड्डूलाल, आयु-70 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी-गली नं.2 गोला मण्डी उडौन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पर अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन प्रस्तुत किया है जिसमें उसकी पत्नि सूर्यकांता भटट की मृत्यु दिनांक 16/05/2022 को हो चुकी है मृतिका सूर्यकांता के दिधिक वारिसान उसके पति आवेदक तथा इनके तीन पुत्र मिथुन भटट, अभिषेक भटट, विजय भटट है। मृतिका सूर्यकांता भटट के नाम से शाजापुर में भूमि को शासन के द्वारा भू-अर्जन के माध्यम से अधिग्रहित किया था मुआवजा राशि माननीय उब न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अधिनिर्णय अनुसार प्रवर्तन प्रकरण क्रमांक 19/2022 में शासन/निर्णित ऋणि द्वारा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जना राशि रुपये 5475824/- में से स्व. बद्रीप्रसाद के हिस्से में आई राशि 2737812/- रुपये में से सूर्यकांता मटट के हिस्से में आई राशि 1/7 भाग का 391116/- रुपये है। उत् राशि को आवेदक को दिये जाने में जनके उक्त तीनों पुत्रो को कोई आपत्ति नहीं है और उनकी ओर से पूर्ण सहमति है। आवेदक पता ने मृतिका सूर्यकांता भटट पत्नि गजानंद भटट, निवासी-गली नं.2 गोला मण्डी उजैन की उक्त 1/7 भाग का रुपये 391116/- राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 अगस्त 2026 को नियत है। संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में यह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनाक 27 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे ही प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदी किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने यह आज तारीख 22 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** — **न्यायाधीश**
**राघवेन्द्र पटेल**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ**
**खण्ड उज्जैन म.प्र.**



## The Court Of Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain

**Presiding Officer:-श्री शिरीष शुक्ला**
**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु ) (MJC/0000027/2025)**
**राजेन्द्र सिंह......... वादी**
**विरूद्ध**
**रतनसिंह ....... ..प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांक 17/08/2026**

प्रेषिती-
(1) रञ्जनसिंह पिता रतनसिह निगम पता-सी 9 एल.आई.जी सरस्वती स्कूल के पास उज्जैन
(2) अजयसिंह पिता विजयसिंह पता-60 ए वैशाली नगर इंदौर
(3) मोनू पिता श्रीकांत पता- 277 मोती बंगला देवास
(4) विमना पति गोकुलचंद्र पता- जेएम 94/3 सेक्टर बी संकेत नगर भोपाल
(5) वीणा पति रंजित निगम पता 23 शिवालय इंदौर रोड उज्जैन
(6) संदीप सिंह पिता विजय सिंह पता- 60 ए वैशाली नगर इंदौर
(7) सोनू पिता श्रीकांत पता - 277 मोती बंगला देवास

यह कि प्रार्थी राजेन्द्र सिंह ने आपके विरूद्ध एमजेसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या भूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख 20 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दे-यदि किती कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** — **न्यायाधीश**
**( शिरीष शुक्ला )**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड तराना**
**जिला उज्जैन ( म.प्र. )**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अजय पाटीदार पिता श्री राधेश्याम पाटीदार जाति कुलमी निवासी माकड़ोन तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 251/3 एस रकबा 1.1300 हेक्टर में से 0.4000 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 245 एस रकबा 0.1800 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 246 एस रकबा 0.1700 हेक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 1.4800 हेक्टर मे से 0.75000 हेक्टर ग्राम माकड़ोन तहसील माकडोन जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है और अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है अनुबंध पत्र के पश्चात शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमियों में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक:- 27/07/2026

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट ) एम.ए.एल.एल.बी.**
**डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ.**
**ऑफिस के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002**



## जाहिर सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे दल ने उज्जैन निवासी श्री सिद्धाजी के पुत्र भूमि स्वामी पीरूलाल से, जिनके पास अराज़ी सर्वे संख्या 306/2 (क्षेत्रफल 0.570 हेक्टेयर) और सर्वे संख्या 306/3 (क्षेत्रफल 0.010 हेक्टेयर) का पूर्ण स्वामित्व और अधिकार था, तथा श्री सिद्धाजी के पिता स्वामी राम सिंह (निवासी उज्जैन निवासी) से, जिनके पास अराज़ी सर्वे संख्या 303/2/1 (क्षेत्रफल 0.350 हेक्टेयर) का पूर्ण स्वामित्व और अधिकार था, कुल 1.500 हेक्टेयर भूमि निपाण्यसुनार को बेच दी है। यह भूमि तहसील घटिया, जिला उज्जैन के पटवारी हलका संख्या 15 में स्थित है और इस पर मेरा पूर्ण स्वामित्व है। मेरे दल ने खरीद का सौदा किया, आंशिक बयाना राशि का भुगतान किया और विक्रय विलेख निष्पादित किया तथा शेष राशि का भुगतान करने के बाद विक्रय विलेख को पंजीकृत कराया। यदि उक्त भूमि में किसी व्यक्ति या संस्था का कोई हित या हिस्सा हो, या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, सरकार, साहूकार, किसी विभाग, वित्तीय संस्था या समाज का कोई ऋण, प्रभार, या लेनदार का कोई भार हो, प्रकाशन की अवधि समाप्त होने के बाद, विक्रय विलेख मेरे द्वारा विधिवत निष्पादित किया जाएगा और कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक-27/07/2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या-बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 99930 79516-94250 94349**



## कार्यालय नगर परिषद पोलायकलां, जिला शाजापुर ( म.प्र. )

### अधिसूचना / सार्वजनिक सूचना

निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (C&D Waste) प्रबंधन एवं धूल नियंत्रण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

पोलायकलां, 27 जुलाई 2026। नगर परिषद पोलायकलां द्वारा नगरीय क्षेत्र के समस्त नागरिकों, भवन निर्माताओं, ठेकेदारों, विकासकर्ताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं के लिए निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (Construction & Demolition Waste) के वैज्ञानिक प्रबंधन तथा धूल नियंत्रण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि निर्माण एवं विध्वंस कार्यों के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए Construction & Demolition Waste Management Rules, 2025 के प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा। निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल एवं मलबे के कारण प्रदूषण, यातायात बाधा एवं आमजन को होने वाली असुविधा को रोकने के उद्देश्य से यह अधिसूचना जारी की गई है। जारी निर्देशों के अनुसार निर्माण स्थल को चारों ओर से टीन शीट, ग्रीन नेट अथवा अन्य उपयुक्त सामग्री से ढंकना, रेत, सीमेंट, मिट्टी एवं मलबे को खुले में नहीं रखना तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को सड़क, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फैलाना होगा। धूल नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार नियमित रूप से पानी का छिड़काव करना तथा निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबे का पृथक संग्रहण कर अधिकृत स्थान पर ही निस्तारण करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा मलबे का परिवहन ढंककर किया जाएगा, जिससे सड़क पर धूल एवं कचरा न फैले। निर्माण स्थल के आसपास स्वच्छता एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना भी संबंधित एजेंसी एवं ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। नगर परिषद ने सभी नागरिकों एवं निर्माण एजेंसियों से स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रदूषणमुक्त शहरी वातावरण बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। साथ ही निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध प्रचलित नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पोलायकलां, जिला शाजापुर ( म.प्र. )**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. नीरज पिता स्व.श्री गोपाल हरभजनका निवासी डी-26, पार्श्वनाथ सिटी देवास रोड़ उज्जैन (म.प्र.) 2. राहुल पिता श्री मनोहर आहुजा निवासी 150, महाश्वेता नगर उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 7 एस रकबा 1.0400 हेक्टर,, सर्वे क्रमांक 10/1/1/2 एस रकबा 0.2200 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 8/1/2 एस रकबा 0.0800 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 10/1/2/2 एस रकबा 0.0400 हेक्टर, कुल किता 4 कुल रकबा 1.3800 हेक्टर ग्राम मंगरौला प.ह.न. 0001 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में देवास टु बदनावर फोनलेन पर स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है और अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है अनुबंध पत्र के पश्चात शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमियों में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक:- 27/07/2026

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट )**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002**



## / जाहिर-सूचना/-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवनस्वामी- श्रीमती राजामणी उर्फ राजू बाई पति श्री शिवनारायण जी निवासी-52, टिंगरिया बादशाह इंदौर के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन जो भूमि सर्वे क्रमांक-1231 का भाग होकर श्री कृष्ण कालोनी की गली उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन दो मंजिला गार्डर फर्शी का निर्मित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 31.00 वर्गमीटर है। उक्त भवन फ्रीहोल्ड है। उक्त भवन की चर्तु:सीमा निम्नानुसार है-पूर्व में - गली / नाली 5.00 फीट की, पश्चिम में-रास्ता कालोनी का, उत्तर में - मकान जीवन ठाकुर का, दक्षिण में मकान गुप्ता जी का है। मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय का अनुबंध किया होकर विक्रय मुल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भवन स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। दिनांक-28/07/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या-सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 89891-45770**



## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### // जाहिर सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाकाल वाणिज्यिक सह आवासीय सेक्टर ए योजना में भूखण्ड/भवन कंमाक ए-5/23 श्रेणी एम.आई. जी. (1) श्री भेरूलाल मालवीय पिता श्री दयाराम मालवीय एवं (2) श्रीमती गोदावरीबाई मालवीय पति श्री भेरूलाल मालवीय के संयुक्त नाम पर दर्ज है। श्री भेरूलाल मालवीय की मृत्यु दिनांक 08.12.2025 को एवं श्रीमती गोदावरीबाई मालवीय की मृत्यु दिनांक 04.07.2015 को हो जाने के कारण उक्त सम्पत्ति पर इनके वारिसानो पुत्र (1) श्री ललित कुमार मालवीय पिता स्व. भेरूलाल मालवीय एवं पौत्र (2) श्री रोनक मालवीय पिता श्री ललित कुमार मालवीय निवासीगण ए-5/23 महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र नानाखेडा उज्जैन के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, क्षतिपुर्ति लेख, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण आदि दस्तावेज प्रस्तुत कर उपरोक्त सम्पत्ति संयुक्त नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अत: आवंटियों द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसों के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा उक्तानुसार नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## न्यूज-कॉलम

### हरिहर महाकाल मंदिर में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व

**मंदसौर।** समीपस्थ ग्राम डिगांवमाली स्थित संत शिरोमणि श्रीश्री भूतगिरीजी महाराज की तपोस्थली हरिहर महाकाल मंदिर पर गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पं. शिवम गुरु तथा गोपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 जुलाई को प्रातः 7 बजे से गुरुचरण अभिषेक तथा महाकाल महादेव का रुद्र अभिषेक पं. मनीष कुमार शास्त्री के आचार्यत्व में संपन्न होगा। प्रातः 10 बजे महाआरती के पश्चात 11 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उत्सव की पूर्व संध्या पर महाकाल मंडल के कलाकारों द्वारा संगीतमय भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है।

### मंदिर में निर्माण के दौरान ऊंचाई से गिरे मजदूर की मौत

**मंदसौर।** शहर के अफीम गोदाम रोड स्थित अमलेश्वर महादेव मंदिर में निर्माण कार्य के दौरान दीवार तोड़ते समय एक मजदूर की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। 25 वर्षीय मृतक की पहचान साबिर पिता कालू खां मेवाती के रूप में हुई है, जो मूल रूप से अचेरी का रहने वाला था और वर्तमान में नाहरसैय्यद मेला ग्राउंड में रह रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार साबिर सोमवार दोपहर मंदिर में दीवार तोड़ने का काम कर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह लगभग 15 फीट नीचे पड़े पत्थरों पर जा गिरा। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम किया जांच शुरू कर दी है।

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रवेश के लिये अंतिम तारीख 31 जुलाई

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया का अंतिम चरण आयोजित किया जा रहा है। प्रवेश से वंचित रह गए १२वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए यह प्रवेश पाने का अंतिम अवसर है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, पात्र छात्र प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने सभी इच्छुक विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से पूर्व अपनी प्रवेश प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें, ताकि वे शैक्षणिक सत्र 2026-27 में उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहें।

### फोरलेन सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण ग्रामीणों ने हटाए

**नीमच।** शहर से लगे जिले के महू रोड हाईवे स्थित ग्राम जमुनिया कला में एक ट्रॉली पलटने जैसे हादसे से सबक लेकर आगे और कोई बड़ी घटना की आशंका को रोकने की सोच रख ग्रामवासियो को सुरक्षा उपाय करने के लिए मजबूर कर दिया। जमुनिया कला के युवाओं,ग्रामीणों और पंचायत ने मिलकर एक दूरगामी फैसला लिया। उन्होंने संभावित सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में चल रहे फोरलेन निर्माण परियोजना को गति प्रदान करने के उद्देश्य से चौराहे पर हुए अतिक्रमण को स्वेच्छा से हटाने का निर्णय लिया। यह अपने आप में विकास की एक नई पहल और मिसाल पेश की है द्य सही समझ रखने वाले युवाओं के मार्गदर्शन से लोगो ने स्वयं आगे आकर विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है।

### 3 आरोपी जिला बदर

**खण्डवा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने विभिन्न अपराधों में शामिल आरोपी नवाब पिता शकील कुरैशी निवासी रामेश्वर टेकड़ा, थाना मोघट रोड खंडवा को 1 वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा उन्होंने आरोपी कलीम उर्फ मस्तान निवासी इमलीपुरा खंडवा तथा आरोपी फैजल उर्फ फैजूल निवासी रामेश्वर टेकड़ा खंडवा को भी एक-एक वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार इस अवधि में यह तीनों आरोपी न केवल खण्डवा जिले की सीमा में, बल्कि साथ ही पड़ोसी जिलों बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा एवं इंदौर जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# पौधारोपण एवं उनका संरक्षण करना हम सब की जिम्मेदारी-डॉ. द्विवेदी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम



पौधारोपण एवं उनका संरक्षण करना हम सब की अहम जिम्मेदारी है प्रकृति से प्रेम करना चाहिए, वन्य संरक्षण से ही मानव जीवन है । पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, वन्य जीव संरक्षण तथा वन्य प्राणियों के प्रति प्रेम एवं संवेदनशीलता के महत्व को समझना होगा ।

उक्त विचार वनमंडलाधिकारी डॉ. अनुभा द्विवेदी द्वारा श्री राम मंदिर रामगढ़ पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मणों महिला मंडल द्वारा आयोजित गरिमामय समारोह में व्यक्त किए।

उन्होंने सभी से अधिकाधिक से वृक्षारोपण करना, उनका संरक्षण करने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया। आपने बताया कि वन मंडल द्वारा भी वर्षा काल के प्रारम्भ से ही बड़ी संख्या में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है जो कि निरंतर जारी है । साथ ही उन्होने महिला मंडल द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं पर्यावणीय कार्यो की सराहना की और सभी सदस्यों को शुभकामना दी तथा सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनके संरक्षण का आग्रह किया ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ मे श्रीमती रश्मि व्यास द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महिला मंडल की संस्थापक श्रीमती निर्मला उपाध्याय, अध्यक्ष श्रीमती सविता तिवारी, सचिव श्रीमती पदमा चाष्टा, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुनन्दा पंडित तथा संरक्षक डॉ. सुलोचना शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती नीता उपाध्याय, उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती अनामिका जोशी एवं श्रीमती पूजा उपाध्याय द्वारा वनमंडलाधिकारी डॉ. अनुभा द्विवेदी का शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

संस्था का परिचय अध्यक्ष श्रीमती सविता तिवारी द्वारा दिया गया । सचिव श्रीमती पदमा चाष्टा संस्था द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा अतिथि परिचय श्रीमती निर्मला उपाध्याय ने कराया । अंत में स्वल्पाहार पश्चात कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर श्रीमती राजेश्वरी जोशी, श्रीमती अनिता जोशी, श्रीमती साधना शर्मा, श्रीमती उर्मिला शर्मा, श्रीमती रंजना तिवारी, श्रीमती रीता तिवारी, श्रीमती निशा पौराणिक, श्रीमती गुंजन पंडित, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती सुनिता साखी सहित बड़ी संख्या महिला मंडल की सदस्या उपस्थित रही । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निर्मला उपाध्याय एवं आभार श्रीमती नीता उपाध्याय ने माना ।

## कारगिल विजय दिवस पर युवा मोर्चा ने निकाली मशाल यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम




कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा रतलाम द्वारा भाजपा जिला कार्यालय से शहीद चौक शहर सराय तक मशाल यात्रा निकाली गई । कारगिल युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मशाल यात्रा में शामिल कार्यकताओं ने भारत माता की जय, शहीदों के सम्मान में युवा मोर्चा मैदान में, वंदे मातरम के नारे लगाए गए । इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना व कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण करना था। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री विप्लव जैन, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, जिलाध्यक्ष अनुकूल सोनी ने संबोधित किया । उन्होंने कहा कि भारतीय सेना निस्वार्थ भाव से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देती हे ।कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है और युवा मोर्चा का हर एक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध हे ।

शहीद चौक पर यात्रा के समापन अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई । देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प भी लिया गया ।

इस अवसर पर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी, गोविंद काकानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार, आदित्य डागा सहित युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधि कारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा महामंत्री कृष्णा डिंडोर ने किया व आभार प्रदेश आई.टी. प्रभारी शुभम गुर्जर ने माना।



## कारगिल विजय दिवस पर विधायक ने शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

शहर में कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न आयोजन हुए द्य जिसमे मनासा नाका स्थित शहीद पार्क में रविवार को पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार और पुलिस लाइन आरआई विक्रम सिंह भदौरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । अतिथियों और पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया ।

इसके परिसर में स्थित उस ऐतिहासिक वट वृक्ष पर भी पुष्पचक्र अर्पित किए गए, जहाँ पर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सेनानियों को फांसी दी गई थी। उपस्थित वक्ताओं ने कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी देते हूए बताया कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने घुसपैठियों और आतंकवादियों को खदेडकर तिरंगा फहराया था। इसी विजय की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' मनाया जाता है।



## मैरिज प्रमाण पत्र के नगर परिषद वसूल रही है एक हजार रुपये

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलीयामंडी

नगर परिषद नारायणगढ़ द्वारा मैरिज सर्टिफिकेट बनाने की शुल्क लोगो से एक हजार रुपये वसूली जारही है। सोमवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाबुखा मेवाती, रामचन्द्र करुण अजित कुमठ, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवन्त पाटीदार,नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष पाटीदार, मंडलम के पूर्व अध्यक्ष कैलाश बंगारिया आदि को अफसर मंसूरी ने बताया कि मेरी पुत्री की शादी 27 जुलाई 2025 में हुई थी। आवश्यकता होने से मैरिज सर्टिफिकेट के लिए मैने शपथ पत्र के साथ ही आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये जिस पर लगभग 1700 रुपये का खर्चा हुवा।उसके बाद नगर पंचायत द्वारा मुझे बताया गया कि मैरिज सर्टिफिकेट की नप की शुल्क एक हजार रुपये है। इस पर कांग्रेसजनों ने नगर पंचायत मल्हारगढ़ एवं पिपलीया से मैरिज सर्टिफिकेट के शुल्क की जानकारी प्राप्त की वहां से बताया गया कि मैरिज सर्टिफिकेट की शुल्क 140 रुपये ही है,इस पर से शाखा प्रभारी अरविंद ओसले से भी चर्चा की। कांग्रेसनेताओ ने कहा कि नप यह जजिया कर वसूलना तत्काल बंद करे।

## न.पा. ने शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों, गुमटी वालों व ठेले वालों का अतिक्रमण हटाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच





शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों, गुमटी वालों व ठेले वालों द्वारा सड़क तक सामान फैलाकर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यवसाईयों का अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर निरंतर जारी है।

शुक्रवार व शनिवार को अंबेडकर मार्ग पर कार्यवाही के बाद सोमवार को भी नगर पालिका ने अंबेडकर रोड सांई मंदिर से भगवानपुरा चौराहा तक दुकानों के बाहर से अतिक्रमण हटवाते हुए अनेक दुकानों के सामने से सड़क तक फैलाया हुआ सामान के साथ ही अतिक्रमण के उद्देश्य से सड़क किनारे बंद अवस्था में रखें गये ठेले व गुमटिया सहित 7 ट्राली सामान भी जप्त किया गया तथा 20 अतिक्रमण कर्ताओ के चालान बनाकर 10500 रुपये जुर्माना भी वसूला। सोमवार 27 जुलाई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर नगर पालिका के राजस्व अधिकारी श्री खेमचंद मुसले व श्री टेकचंद बुनकर के नेतृत्व में सहायक राजस्व निरीक्षक श्री महावीर जैन, श्री तेज प्रकाश चोपड़ा,श्री हेमंत सिसोदिया,श्री महेंद्र साहू,श्री योगेश टांकवाल,श्री रवि खरे व स्वच्छता गेंग प्रभारी श्री दीपक गोहर आदि ने नपा कर्मचारियों व जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली आदि संसाधनों के साथ दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सड़क तक फैला कर रखे गए सामान को हटवाने की कार्रवाई अंबेडकर रोड सांई मंदिर के सामने से प्रारंभ की और यहां से शिवाजी सर्कल, डाक बंगला रोड होते हुए भगवानपुरा चौराहा तक दुकानदारों को समझाइश देकर दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया और कुछ दुकानदारों द्वारा बार-बार कहने के बावजूद दुकान के बाहर रखा सामान नहीं हटाने पर सामान जप्त किया। साथ ही अतिक्रमण की नीयत से सड़क किनारे रखी गई बंद गुमटियों व ठेलो को भी जप्त कर पुरानी नगर पालिका भिजवाया गया।

## दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग अब कवच प्रणाली से सुसज्जित

**रतलाम।** भारतीय रेल द्वारा यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली कवच के विस्तार में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में 20 जुलाई को पंच पिपलिया मंगल महुडी के लगभग 78 रूट किलोमीटर रेलखंड पर कवच प्रणाली की सफल कमीशनिंग के साथ ही नागदा गोधरा रेलखंड के अंतर्गत संपूर्ण 302 रूट किलोमीटर मार्ग अब कवच प्रणाली से पूर्णतः सुसज्जित एवं कार्यशील हो गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 30 मार्च को नागदाझगोधरा रेलखंड के प्रथम चरण में 224 रूट किलोमीटर पर च्कवचज् प्रणाली लागू की गई थी। अब शेष 78 रूट किलोमीटर पर सफल कमीशनिंग के साथ दिल्ली मुंबई उच्च घनत्व रेल मार्ग पर रतलाम मंडल का संपूर्ण नागदाझगोधरा खंड इस अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली के दायरे में आ गया है।

नागदाझगोधरा रेलखंड पर कवच प्रणाली के पूर्ण क्रियान्वयन से दिल्लीझमुंबई उच्च घनत्व रेल मार्ग पर ट्रेनों का संचालन अब और अधिक सुरक्षित होगा।

## सीआरपीएफ की जन्मस्थली नीमच में गरिमामय रूप से मनाया स्थापना दिवस

**नीमच।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 88वां स्थापना दिवस उसकी जन्मस्थली नीमच स्थित ग्रुप केंद्र में उत्साह, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। वर्ष 1939 में तत्कालीन क्राउन रिप्रेजेंटेटिव्स पुलिस के रूप में नीमच से प्रारंभ हुई सीआरपीएफ आज देश की आंतरिक सुरक्षा की सबसे सशक्त एवं विश्वसनीय सुरक्षा बलों में अग्रणी है। समारोह का आयोजन श्रीमती नीतू डी. भट्टाचार्य, महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, मध्य प्रदेश सेक्टर मुख्यालय, भोपाल के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महानिरीक्षक श्रीमती नीतू डी. भट्टाचार्य द्वारा शहीद पार्क में अमर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ।

## देश की वर्तमान परिस्थिति पर गूँजे कवियों के आक्रोश व नसीहत के स्वर

### कृति संस्था की जिला स्तरीय कवि गोष्ठी सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच




नीमच की प्रमुख साहित्यिक संस्था कृति की पावस कवि गोष्ठी का प्रारम्भ गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे पारस जैन,अध्यक्ष आरोग्य भारती नीमच और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुलोचना जैन द्वारा सरस्वतीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ ।पारस जी का स्वागत और उपस्थित कवियों तथा श्रोताओं का शब्दों से अभिन्दन संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने किया ।

कवि गोष्ठी का केन्द्रीय स्वर था देश की वर्तमान स्थिति और वर्षा ऋतु ।बरसात और उससे जुड़े प्रेम गीत हमारे साहित्य साधकों और फिल्मों का हमेशा से प्रिय विषय रहे हैं इनसे यह कवि गोष्ठी भी अछूती कैसे रहती । गोष्ठी का प्रारम्भ करते हुए सत्येन्द्र सक्सेना ने अपनी कविता के माध्यम से रिमी झिम बरसात और उसमें प्रेयसी की मनःस्थिति का सुंदर शब्द चित्र प्रस्तुत किया ।मनासा के श्याम चौहान ने बीते समय को याद करते हुए कहा कि समय महाबली है जो असम्भव दिखने वाले काम भी करवा लेता है। शिक्षक कवि राधेश्याम शर्मा ने अपनी कविता में कलम और सत्ता के बीच जारी सनातन संघर्ष पर अपनी बात रखते हुए कहा कि कलम सत्ता का जयघोष तभी करती है जब वह जन-जन के प्रति समर्पित हो । श्रीमती रेणुका व्यास ने नेताओं को पद मिल जाने पर उनके बदले हुए व्यवहार पर सुंदर व्यंग किया अपनी कविता के माध्यम से । किशोर जेवरिया ने भी सत्ता के लिए आस्था बदलते नेताओं की खबर ली अपनी कविता में ।अपनी दूसरी रचना में किशोर जी ने वर्षा के मौसम में प्रकृति में बिखरे रंगों और मोर की गूँजती आवाज की तुलना प्रेमिका से की ।मनासा के नाटक कार और कवि विजय बैरागी ने कविता लिखने को सबसे मुश्किल साहित्यिक कार्य बताते हुए व्यवस्था में बैठे लोगों द्वारा धमकी और प्रलोभन मिश्रित कार्यों को अपनी कविता का विषय बनाया। और जीवन के हर क्षेत्र में परीक्षा की कठिनता को परिभाषित किया द्य नीमच के स्थापित गीतकार धर्मेन्द्र शर्मा ने अपनी कविता में भरे हुए जख्मों और उनके छूटे हुए निशान तथा बढती उम्र के साथ पीछे छूटे यौवन के पद चिन्हों को अपने गीत में उकेरा ।इसके बाद उन्होंने जीवन के सफर में अपने भूतकाल और उनमें पीछे छूटे रिश्तों को कविता के माध्यम से याद करते हुए इस शाश्वत सत्य को रेखांकित किया कि जो वक्त बीत गया वह कभी लौट कर नही आता । दर्शन शास्त्र के प्राध्यापक व कवि निरंजन गुप्त राही ने अपने विद्रोही स्वर को बरकरार रखते हुए अपनी गजल प्रस्तुत की।

## न्यूज कालम



### कारगिल विजय दिवस पर परिचर्चा एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**मन्दसौर।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मंदसौर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय चेतना को समर्पित परिचर्चा एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, वीर सैनिकों के प्रति सम्मान तथा कारगिल युद्ध के शौर्यपूर्ण इतिहास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी.सी. गुप्ता ने बताया कि कारगिल विजय दिवस भारत के वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. उषा अग्रवाल, भूगर्भ विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ एवं जिला संगठक डॉ. अनिल कुमार आर्य ने अपने संबोधनों में सैनिकों के शौर्य और राष्ट्र सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में एनएसएस स्वयंसेवक विनय शर्मा ने प्रथम, विशाल कुमार ने द्वितीय एवं प्रखर दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में विद्यार्थियों को प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई और देश सेवा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिखा ओझा ने किया तथा आभार संयोजक डॉ. यशस्वी सोनी ने माना।

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित



**मन्दसौर।** पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश के तत्वावधान में स्थानीय गांधी चौराहा पर नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एएसपी टीएस बघेल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी. सिंह परिहार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों जैसे दशपुर जागृति संगठन, ब्रह्म परिषद, नगर गरबा समिति, और राजपूत सिंह सभा की सक्रिय सहभागिता रही। शिविर के दौरान गीतों और स्लोगन लिखे पंपलेटों के माध्यम से जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी. सिंह परिहार ने स्वयं रचित गीत गाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पुलिस पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी ने नशे को जड़ से समाप्त करने की शपथ ली। यह अभियान एक साथ प्रदेश के 27 से अधिक जिलों में सफलतापूर्वक चलाया गया।

### नागर ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान एवं साधारण सभा संपन्न



**मन्दसौर।** नागर ब्राह्मण समाज के मंदसौर, नीमच और प्रतापगढ़ जिलों का साधारण सभा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हाटकेश्वर मंदिर परिसर में गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज/न्यास अध्यक्ष बाबूलाल नागर ने की तथा विभिन्न अंचलों से आए मुख्य अतिथियों एवं समाज जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हाटकेश्वर की पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक वंदना के साथ हुआ। समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में बोर्ड परीक्षाओं, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अन्य उच्च कक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बच्चों की चित्रकला और महिलाओं की भजन-गीत प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार दिए गए। कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र नागर, सचिव सतीश नागर एवं संयुक्त सचिव संजय नागर ने समाज की वर्षभर की गतिविधियों और आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश नागर, संजय नागर व दीपिका मेहता ने किया एवं आभार अलका नागर ने माना।

### सरस्वती विद्या मंदिर मे आयोजित हुई बस्ता सज्जा प्रतियोगिता



**पिपलियामंडी।** विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग अंतर्गत नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज प्रथम कालाश में बस्ता सच्चा प्रतियोगिता आयोजित हुई! जिसमें अलग-अलग कक्षाओं के आचार्य दीदी तय किए गए! सभी आचार्य दीदियों ने भैया बहिनो का बस्ता, भैया बहिनो की किताबें कवर, आदर्श कॉपियां, बस्ते की स्वच्छता, एवं अधिकतम गुड जिन भैया ने प्राप्त किया उनका मूल्यांकन किया! एवं हर कक्षा से आदर्श बस्ते का चयन किया गया! प्रथम द्वितीय स्थान जिन भैया बहिनों ने प्राप्त किया उन्हें सम्मानित किया जायेगा!विजेता भैया बहिनो को प्राचार्य प्रधानाचार्य एवं आचार्य परिवार द्वारा बधाई एवं शुभकामना दी गई।

### दादाजी धूनीवाले धाम में किए दर्शन-पूजन

**खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खंडवा के सुप्रसिद्ध धूनीवाले दादाजी का स्वभाव जनकल्याणकारी भावनाओं से ओत-प्रोत था। उन्होंने अपने जीवनकाल में सर्वधर्म सद्भाव, भूखों को अन्न खिलाने और श्रद्धा-भाव से सभी भक्तों के कष्टों के निवारण को प्राथमिकता दी।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जन जागरूकता

**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश पुलिस का अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत बोडा थाना पुलिस ने कड़िया, गुलखेड़ी एवं हुलखेड़ी के नागरिकों की नशा मुक्ति के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें गांव के नागरिकों की नशा मुक्ति सहयोग हेतु एक समिति का गठन किया गया और नशा न करने की संबंध में शपथ दिलाई गई इस मौके पर ग्राम कड़िया गुलखेड़ी एवं हुलखेड़ी के नागरिकों को रस्सा कस्सी खेल के माध्यम से नशा मुक्ति हेतु जागृत किया गया।

### 150 जरूरतमंदों को वितरित किए नए सैंडल



**ब्यावरा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला के द्वारा 150 जरूरतमंद बच्चों, बेटियों एवं महिलाओं को निःशुल्क नए सैंडल वितरित किए गए। यह सहयोग इंदौर की एमडी इंडस्ट्रीज द्वारा उपलब्ध कराया गया। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बच्चों को कारगिल विजय दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि वर्ष 1999 में कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था, जिसमें भारतीय सेना ने अदम्य साहस और बलिदान का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की थी।

### गिरी सेवा कर लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत



**सारंगपुर।** शाश्वत सिद्ध क्षेत्र पालिताणा की पवित्र गिरी सेवा और दर्शन-वंदन कर जैन समाज के श्रद्धालुओं का जत्था आज सकुशल सारंगपुर लौट आया। दल के वापस लौटने पर जैन समाज के सदस्यों ने उनका आत्मीय और भावपूर्ण स्वागत किया। इस धार्मिक यात्रा में मनीष श्रीमाल, यश बरडिया, अंश बरडिया, गौतम श्रीमाल, मंथन जैन एवं कल्प श्रीमाल शामिल थे। सभी यात्रियों ने प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की पावन तपोभूमि पर पहुंचकर न केवल दर्शन-पूजन किया, बल्कि पूर्ण निष्ठा के साथ गिरी सेवा का लाभ भी लिया।

### एक शाम सगीत के नाम कार्यक्रम आयोजन आज

**तराना।** माहेश्वरी भवन में मंगलवार शाम को स्वर्गीय शांति देवी पलोड़ की स्मृति में स्वर्गीय गायक मुकेश जी की स्मृति में एक शाम सगीत के नाम कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसमें उज्जैन इंदौर और तराना के गायक डॉ अनिल पलोड़, ताज मोहम्मद, साकेत बसल महेश खत्री,आदि अपनी प्रस्तुति देंगे। जानकारी कार्यक्रम के आयोजक डॉ अनिल पलोड़ के द्वारा की गई है। नागरिकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनावे। श्रोताओं के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा।

### सेवादल मुख्य संगठक को दी गतिविधियों की जानकारी

**जगोटी।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के नवनियुक्त मुख्य संगठक बी वी श्रीनिवास से दिल्ली स्थित कार्यालय में उज्जैन जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण के पदाधिकारियों ने गत दिवस ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी की अगुवाई में स्वागत करते हुए विगत दो वर्षों से सेवादल की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया एवं उज्जैन आगमन का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर यंग ब्रिगेड अध्यक्ष डा विजय बोडाना, बड़नगर ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नीलेश शर्मा, तराना ब्लाक अध्यक्ष विनोद जायसवाल,, शहर अध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर,, सेवादल नेत्री सीमा पटेल, लीला बाई चौहान, हेमंत पंवार, सोहिल खान,, हुकुम सिंह आंजना, विजय कसाना, शेर खान ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

#### वायरल का कहर, मरीजों की कतार:

# अस्पताल में समय पर 13 में से 11 डॉक्टर नदारद लेट आने वाले डॉक्टरों को जारी होंगे नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



बारिश के साथ शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में वायरल बुखार, सर्दी-खांसी और मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढता जा रहा है। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है और लोग बीमारी से राहत की उम्मीद लेकर सिविल अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन सोमवार सुबह यहां मरीजों को इलाज से पहले डॉक्टरों का इंतजार करना पडा।

सुबह करीब 9:30 बजे तक अस्पताल की ओपीडी में पदस्थ 13 चिकित्सकों में से महज एक चिकित्सक डॉ. गोपाल परमार ही मरीजों को देखते नजर आए। वही शिशु रोग विशेषज्ञ डा. अंकित यादव भर्ती मरीजों की जांच के लिए वार्ड में राउंड पर रहे। इस अलावा 11 डॉक्टर तय समय पर चिकित्सालय में मौजूद नहीं थे। इस दौरान बीमारी से परेशान मरीज अस्पताल में बैठकर डॉक्टरों के आने का इंतजार करते रहे।

वायरल संक्रमण के बढते दौर में जब अस्पताल की ओपीडी पर मरीजों का दबाव बढा हुआ है, ऐसे समय में चिकित्सकों की समय पर अनुपस्थिति ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं। दूर-दराज के गांवों से सुबह ही अस्पताल पहुंचे मरीजों को उम्मीद थी कि निर्धारित समय पर डॉक्टर मिलेंगे और उनका उपचार शुरू हो जाएगा, लेकिन कई बीमारी की हालत में अस्पताल पहुंचे मरीजों के लिए यह इंतजार और भी परेशानी भरा रहा।

मरीजों का कहना था कि बीमारी की हालत में अस्पताल तक पहुंचने के बाद भी यदि डॉक्टर का इंतजार करना पडे तो सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था का उद्देश्य ही सवालों के घेरे में आ जाता है। मरीजों ने कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा से मांग की कि ओपीडी में चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार न करना पडे।

इधर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित यादव अस्पताल में राउंड पर नजर आए। वे भर्ती बच्चों की स्थिति का जायजा लेते हुए उनका उपचार करते दिखाई दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बच्चों की जांच की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। हालांकि ओपीडी में अन्य चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण बाहरी मरीजों को परेशानी का सामना करना पडा।

#### एक डॉक्टर पर मरीजों का दबाव, बाकी का इंतजार

सुबह 9:30 बजे तक ओपीडी में डॉ. गोपाल परमार मरीजों को देखते रहे। वायरल और मौसमी बीमारियों के कारण मरीजों की संख्या बढी हुई थी। ऐसे में एक ही डॉक्टर के सामने मरीजों की भीड दिखाई दी। दूसरी ओर ओपीडी में आने वाले मरीज अन्य चिकित्सकों के पहुंचने का इंतजार करते रहे। सवाल यह है कि जब अस्पताल में 13 चिकित्सक पदस्थ हैं तो मरीजों को निर्धारित समय पर उपचार देने के लिए पूरी व्यवस्था क्यों नहीं दिखाई दी।

#### लेट आने वाले डॉक्टरों को जारी होंगे नोटिस

मामले में सीएमएचओ शोभा पटेल ने कहा कि निर्धारित समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने वाले चिकित्सकों को नोटिस जारी किए जाएंगे। चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएंगे और लापरवाही मिलने पर संबंधित डॉक्टरों से जवाब मांगा जाएगा। अब सवाल यह है कि नोटिस की कार्रवाई के बाद अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था में कितना सुधार आता है और क्या वायरल से परेशान मरीजों को समय पर डॉक्टर और उपचार मिल पाएगा, या फिर उन्हें आगे भी अस्पताल में बैठकर डॉक्टरों का इंतजार करना पडेगा।



### वर्धमान स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**खाचरोद।** द वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, खाचरौद में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी कक्षाओं में मॉनसून एक्टिविटीआयोजित की गई, जिसमें बच्चों को वर्षा ऋतु के महत्व, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने पेड़ बचाओ, सुंदर बगीचा, प्राकृतिक दृश्य, सूर्य एवं पृथ्वी जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, आत्मविश्वास एवं प्रभावी अभिव्यक्ति का विकास किया गया। विद्यालय की प्राचार्य येशा भंसाली एवं उप प्राचार्य राजकुमार सेजवार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन के ललित कांकरिया, श्रुति बुपक्या एवं बालेश बुपक्या ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### भाजपा महिला जिलाध्यक्ष नीलम सक्सेना का कायस्थ सभा ने किया स्वागत व सम्मान



**ब्यावरा।** अपने कठिन संघर्ष और लोकसेवा से समाज को नई दिशा प्रदान करने वाली भारतीय जनता पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलम सक्सेना का श्री गायत्री मंदिर परिसर नरसिंहगढ़ में कायस्थ सभा के द्वारा साफा बांधकर शाल श्रीफल से भव्य स्वागत व सम्मान किया, वे यहां पर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी जहा पर आपने कहा कि संगठन की मजबूती सबसे बड़ी शक्ति है, उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह हमेशा समाज के बीच रहकर संगठन और समाज को सशक्त बनाने का कार्य करेंगी, सामाजिक संगठन की जनहितकारी नीतियों और विचारधारा को घर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया, इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना, प्रदीप सक्सेना उमा इलेक्ट्रिक नरसिंहगढ़, ललित सक्सेना, योगेंद्र सक्सेना नाना, राजीव सक्सेना, हेमंत सक्सेना, अंकित सक्सेना, अर्पण सक्सेना, शिवांश सक्सेना, ऋषि राज सक्सेना, राघव सक्सेना, माधव सक्सेना, प्रकाश सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना, विनोद सक्सेना मोयलीकला एवं महिला सदस्य के रूप में श्रीमती चंपादेवी सक्सेना, हेमलता सक्सेना,ममता सक्सेना, दिव्या सक्सेना, शिवांगी सक्सेना, मानसी सक्सेना, प्रांजल, किंजल, कामाक्षी सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## जन शिक्षकों के क्षमता वर्धन और नेतृत्व विकास के लिए प्रशिक्षण आयोजित

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़ ।



राजगढ़ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पिछले दो चरणों में पांच दिवसीय जन शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जन शिक्षकों की भूमिका विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों को सतत शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे।

प्रशिक्षण में राज्य से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स सुरेश दांगी, कमल बासोदिया, योगेश शुक्ला, देवी लाल मालवीय, अशोक दांगी, एपीसी प्रवीण सक्सेना द्वारा 21 वीं सदी के कौशल एनईपी और एनसीएफ विषय, टीम बिल्डिंग एवं संघर्ष प्रबंधन, साइबर सेफ्टी एंड पोक्सो एक्ट, एसएमसी का सुदृढ़ीकरण, शैक्षणिक मेंटरिंग एवं ऑन साइट सपोर्ट जोयफुल लर्निंग पाठ सहगामी क्रियाएं आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया और आईसीटी विद्यालय के परिप्रेक्ष्य में एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर गजेंद्र सिंह खींची ने प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस पर सीमेंट भोपाल से श्रीमती सीमा महाजन द्वारा प्रशिक्षकों को मार्गदर्शन के लिए प्रश्नोत्तरी के माध्यम से फीडबैक प्राप्त करके कहां की आप अपने कर्तव्य निर्वहन के साथ शिक्षा की गुणवत्ता के विकास में सार्थक सिद्ध होंगे।

प्राचार्य श्रीमती शीला पाटोदिया, डीपीसी आर.के. यादव, डाइट व्याख्याता कमलेश शर्मा एपीसी ओ.पी. नामदेव द्वारा जन शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण कर प्रशिक्षण का समापन किया।

## अघोषित लोड शेडिंग से ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था चरमराई ग्रामीण बेहाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

मप्रमक्षेविवि कंपनी वितरण पाडल्यामाता व आसपास के करीब 42 गांवो में मानसून की बारिश के बीच अघोषित लोड शेडिंग और बार-बार होने वाली ट्रिपिंग के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। एक तरफ जहां बारिश से मौसम खुशनुमा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ घंटों बिजली गुल रहने से ग्रामीणों की मुश्किलें दोगुनी हो गई हैं। उमस और अंधेरे के बीच ग्रामीण रातें काटने को मजबूर हैं।आंधी-बारिश का बहाना, घंटों बिजली गुल ग्रामीणों का आरोप है कि हल्की सी बूंदाबांदी या तेज हवा चलते ही बिजली विभाग द्वारा घंटों के लिए बिजली काट दी जाती है। फॉल्ट सुधारने के नाम पर पूरा-पूरा दिन और रात बिजली गायब रहती है। बिजली न रहने से इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप बढ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात में 5 बार लोड शेडिंग के नाम पर बिजली कटौती की गई। रातभर बिजली बाधित होने से और बारिश का मौसम होने से रात्रि में मच्छर और मौसमी कीडों से बच्चों और बुजर्गो को काफी परेशानियां झेलनी पडी। कुछ दिनों से लोड शेडिंग के नाम से हो रही बिजली कटौती ने लोगों की नींद छीन ली है। रात के समय बिजली न रहने से जहरीले सांप-बिच्छू और अन्य कीडे-मकोडों का खतरा बेहद बढ गया है। इस चरमराई बिजली व्यवस्था के कारण किसानों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। अचानक बिजली जाने और देर तक सप्लाई बहाल नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ रहा है।



## वीर दुगार्दास राठौर जयंती, जन्माष्टमी व डोल ग्यारस की तैयारियों को लेकर बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

राधा-कृष्ण राठौर समाज मंदिर में राठौर समाज की आवश्यक बैठक समाज अध्यक्ष सतीश राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में आगामी वीर दुगार्दास जी राठौर की 388वीं जयंती, जन्माष्टमी एवं डोल ग्यारस पर्व को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को वीर दुगार्दास जी राठौर की 388वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती के अवसर पर भव्य भगवा-तिरंगा वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली सुबह 9:30 बजे राधा-कृष्ण राठौर समाज मंदिर, पंडितवाडी से प्रारंभ होगी, जो गांधी चौक, महाकाल चौराहा, मुखर्जी चौक, भेरू दरवाजा रोड, बस स्टैंड, एसडीएम चौराहा होते हुए सिविल अस्पताल रोड स्थित वीर दुगार्दास राठौर चौराहा पहुंचेगी। यहां वीर दुगार्दास जी राठौर की प्रतिमा पर विधिवत पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। वहीं, जन्माष्टमी के अवसर पर राधा-कृष्ण राठौर समाज मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाने तथा महाप्रसादी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

### सड़कों पर निराश्रित गोवंश नहीं दिखना चाहिए- कलेक्टर

**राजगढ़-ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निराश्रित गोवंश को गौशालाओं में शिफ्टिंग एवं गोवंश की जिओ-टैगिंग के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की सभी शासकीय गौशालाएं अपनी निर्धारित क्षमता के अनुरूप शत-प्रतिशत संचालित हों तथा कोई भी निराश्रित गोवंश राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग अथवा अन्य सड़कों पर बैठा हुआ दिखाई नहीं देना चाहिए।

## 100 से ज्यादा गांवो में रात में दूसरे दिन भी रहा ब्लैक आउट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भोपाल सिस्टम मूवमेंट एंड ऑपरेशन कार्यालय से जारी लोड मैनेजमेंट के आदेशों के चलते ग्रामीण इलाकों के घरेलू और मिक्स फीडरों की बिजली रातभर आंख-मिचौली खेलती रही। आलम यह रहा कि पिछले दो दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित ब्लैक आउट जैसी स्थिति बनी हुई है और पिछले रात के 12 घंटों में ही 6 घंटे से ज्यादा समय तक बिजली बंद रही।


भोपाल कार्यालय से डिवीजन एनडीसीसी को रातभर हर एक-डेढ घंटे के अंतराल पर फीडर बंद करने और चालू करने के फरमान आते रहे। बिजली कंपनी के इस किश्तों में कटौती वाले फॉमूर्ले ने ग्रामीणों की रात की नींद हराम कर दी। 26 जुलाई की शाम 7 बजे से शुरू हुआ कटौती का यह दौर 27 जुलाई की सुबह 7:15 बजे तक लगातार चलता रहा।

#### कटौती से ग्रामीण इलाकों में भारी आक्रोश

विद्युत कंपनी द्वारा उमस के इस दौर में लोड मैनेजमेंट के नाम पर कुल 6 घंटे 15 मिनट तक आपूर्ति बाधित रखी गई। उमस और गर्मी के इस मौसम में बार-बार हो रही इस कटौती से ग्रामीण इलाकों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ रात के समय हर एक घंटे में बिजली गुल की जा रही है।

### 8 ग्राम अवैध स्मैक कीमती 80 हजार रु.जप्तकर आरोपी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ जिले में अवैध मादक पदार्थ स्मेक, गांजा, शराब आदि पर कार्रवाई करने हेतु ऑपरेशन शुद्धि अभियान चलाया जा रहा



जिसके तहत बोडा थाना प्रभारी देवेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक तस्कर पर कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 8 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक जिसकी अनुमानित कीमत 80 हजार रुपये की जप्त की, पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति मंडी प्रागण महुआर पर अवैध मादक पदार्थ बेच रहा है पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश देखकर आरोपी कन्हैयालाल पिता रणधीर सिसोदिया 34 साल ग्राम गुलखेडी को पकड़ लिया आरोपी की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मेक मिली आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जप्त किया पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया और गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

### पाडल्यामाता में निजी टेलीकॉम कंपनी का नेटवर्क ठप, उपभोक्ता परेशान

**सारंगपुर।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से निजी टेलीकाम कंपनी की नेटवर्क सेवा पूरी तरह से ठप पडी है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। नेटवर्क न होने से ग्रामीणों का संपर्क बाहरी दुनिया से कट गया है और दैनिक कामकाज के साथ-साथ जरूरी सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अधिकतर समय नेटवर्क गायब रहने से कॉलिंग सेवा बंद रहती है। उपभोक्ता न तो किसी को फोन कर पा रहे हैं और न ही जरूरी कॉल आ पा रहे हैं।

### विधायक जैन ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान कर सायिकल वितरित की



**जगोटी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगोटी में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करते हुए सायकिल वितरण किया व परिसर में वानस्पतिक उघान का लोकार्पण कर पौधारोपण किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक बोस ने कहा कि कठोर परिश्रम व शिक्षा के माध्यम से हर सपने पूरे किए जा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत उन्हें उचित अवसर व मार्गदर्शन की है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य गंगाराम बमनावत ने शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, शाला प्रबंधन समिति सदस्य अनंत शर्मा, सरपंच राहुल मुकाती, जनपद सदस्य जगदीश पंवार , गिरधारी लाल चौहान ने भी संबोधित करते हुए जीवन में शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महेश पांचाल, राहुल चौधरी, रवि बोडाना, गोपाल कासरोटिया, निर्भयसिंह पटेल, राहुल मालवीय, मोहनलाल परमार, सुनील पंवार, संदीप आंजना सहित गणमान्य नागरिक गण मौजूद थे।

#### गौवंश संरक्षण में लापरवाही पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

## गलत गौवंश सत्यापन करने वाले पांच पशु चिकित्सकों की वेतनवृद्धि रोकने दिए निर्देश

अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।



जिले में गौवंश संरक्षण एवं गौशालाओं के प्रभावी संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गौशालाओं में गौवंश के सत्यापन में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पशु चिकित्सकों के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गलत सत्यापन के लिए उत्तरदायी पाए गए पांच पशु चिकित्सा अधिकारियों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की अनुशंसा आयुक्त, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश को प्रेषित की है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की गौशालाओं में संरक्षित गौवंश का भौतिक सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान पशु चिकित्सकों द्वारा प्रमाणित गौवंश की संख्या एवं प्रशासन द्वारा कराए गए पुनः सत्यापन में कई गौशालाओं में गौवंश की वास्तविक संख्या कम पाई गई। इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

जांच में डॉ. तीरथराज कुलस्ते, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, जीरापुर द्वारा सत्यापित 7 गौशालाओं, डॉ. अमित शाक्य, सारंगपुर द्वारा सत्यापित 3 गौशालाओं, डॉ. अनीता पंवार, सुठालिया द्वारा सत्यापित 3 गौशालाओं, डॉ. विनोद यादव, माचलपुर मलावर क्षेत्र द्वारा सत्यापित 12 गौशालाओं तथा डॉ. मधुसूदन शाक्य, खिलचीपुर द्वारा सत्यापित 1 गौशाला में गौवंश की संख्या में अंतर पाया गया।

कलेक्टर ने कहा कि गौवंश संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। गौशालाओं में संरक्षित प्रत्येक गौवंश की सुरक्षा, समुचित देखभाल एवं सही अभिलेख संधारण सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों का दायित्व है। गौवंश की संख्या के सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, तथ्य छिपाने अथवा गलत जानकारी प्रस्तुत करने को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

#### गौवंश हमारी सांस्कृतिक आस्था

कलेक्टर ने कहा कि गौवंश केवल संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आस्था, संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। निराश्रित गौवंश की सुरक्षा, पोषण एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




# आपके चलने की स्पीड भी बताती है आपकी सेहत से जुड़ी कई बातें




यह बात तो आप जानते ही हैं कि वॉक करना समग्र स्वास्थ्य के लिए सही होता है। इससे फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है और हड्डियों से जुड़ी कई तरह की समस्याओं से भी राहत मिलती है। बहरहाल, क्या आप जानते हैं कि आपके चलने की स्पीड भी आपकी सेहत से जुड़ी कई बातों का खुलासा करती है? जी, हां! यह पूरी तरह सच है। अगर आप जानना चाहते हैं कि चलने की स्पीड से स्वास्थ्य के बारे में क्या पता चलता है, तो इस लेख को पूरा पढ़ें।

तेज गति से चलना आपके दिल और फेफड़े के स्वस्थ होने की निशानी है। अगर आप बिना हांफें या थके तेज चल पाते हैं, तो इसका साफ-साफ मतलब यह है कि आपका कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम बहुत अच्छी तरह से काम कर रहा है। वहीं अगर आप धीमी गति से चलने पर भी थकान महसूस करते हैं या हांफ रहे हैं, तो इसका अर्थ है कि आपका दिल कमजोर है या आर्टरीज ब्लॉक हैं।



## कॉग्निटिव फंक्शन

सामान्यतः लोगों को यही लगता है कि चलने का मतलब पैरों को अधिक मजबूत बनाना है। जबकि, हकीकत यह है कि वॉक करने के लिए मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के बीच सही तालमेल होना चाहिए। विशेषज्ञ बताते हैं कि उम्र बढ़ने के साथ लोगों में अचानक चलने की गति धीमी हो जाती है। ऐसा डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) या अल्जाइमर की वजह से हो सकता है। धीमी गति से चलना डिमेंशिया या अल्जाइमर का शुरूआती संकेत हो सकता है।

## मांसपेशियों की ताकत

आपकी चलने की गति मांसपेशियों की ताकत और हड्डियों की डेंसिटी की ओर भी इशारा करती है। विशेषज्ञों की मानें, तो जो लोग अधिक उम्र में भी तेज गति से चलते हैं, उनमें गिरने या फ्रैक्चर होने का खतरा बहुत कम होता है। इसके विपरीत अगर कोई कम उम्र में धीमी गति से चलता है, तो संभव है कि उनकी मांसपेशियां स्टिफ हो चुकी हों या हड्डियां कमजोर हो चुकी हों।

चलने की स्पीड आपके स्वास्थ्य से जुड़ी कई बातों का खुलासा करने लगती है। आप भी यह नोटिस करें कि कहीं आपकी स्पीड धीमी तो नहीं है? अगर हां, तो अपनी इस स्थिति को इग्नोर न करें। रोजाना वॉक करें और अपनी ओवरऑल हेल्थ में सुधार करें। खासकर, वॉक करके ब्लॉक की फ्लेक्सिबिलिटी को काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

# हमेशा ठंडे रहते हैं हाथ-पैर? जानें इसके पीछे छिपे कारण

सर्दियों के मौसम में हाथ-पैर ठंडे होना आम बात मानी जाती है, लेकिन अगर गर्म मौसम में भी आपके हाथ और पैर लगातार ठंडे रहते हैं, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

कई लोगों के हाथ और पैर हमेशा ठंडे रहते हैं, चाहे मौसम सर्दी का हो या गर्मी का। आमतौर पर लोग इसे सामान्य समस्या मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन बार-बार या लगातार ठंडे हाथ-पैर शरीर में किसी अंदरूनी बीमारी का संकेत भी हो सकते हैं। शरीर का ब्लड सकुर्लेशन, मेटाबॉलिज्म और नसों का फंक्शन सही तरीके से काम न करे तो हाथ और पैरों तक पर्याप्त गर्माहट नहीं पहुंच पाती। यही कारण है कि व्यक्ति को हर समय ठंडापन महसूस होता है।

## हाथ-पैर हमेशा ठंडे रहने के कारण

लगातार ठंडे हाथ-पैर शरीर में ब्लड सकुर्लेशन या मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं की ओर इशारा कर सकते हैं।

1. **एनीमिया और थायराइड की समस्या-** एनीमिया यानी शरीर में खून की कमी होने पर टिश्यू तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती। इससे शरीर में कमजोरी, थकान और हाथ-पैरों में ठंडापन महसूस हो सकता है। वहीं हाइपोथायरायडिज्म यानी थायराइड हार्मोन कम होने पर शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ जाता है। इससे शरीर कम गर्मी पैदा करता है और व्यक्ति को सामान्य तापमान में भी ज्यादा ठंड लग सकती है।
2. **डायबिटीज और नसों की समस्या-** डायबिटीज से पीड़ित लोगों में नसों को नुकसान पहुंचने और ब्लड सकुर्लेशन खराब होने का खतरा ज्यादा होता है। इसी कारण कई मरीजों को पैरों में लगातार ठंडापन महसूस होता है। कुछ मामलों में झनझनाहट, सुन्नपन और जलन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसके अलावा तनाव और एंग्जायटी भी ब्लड वेसल्स को संकुचित कर देते हैं, जिससे हाथ-पैरों तक ब्लड का फ्लो कम हो सकता है।

## नैनो न्यूज

- योग से तंबाकू छोड़ने में मदद - एक अध्ययन के अनुसार, योग करने वालों में तंबाकू छोड़ने की संभावना लगभग 50 प्रतिशत अधिक पाई गई।
- शिशु आहार में चीनी पर सख्ती की मांग -संसदीय समिति ने बच्चों के खाद्य पदार्थों में चीनी की मात्रा पर कड़े नियम लागू करने की सिफारिश की है।
- मानसून में बुखार को हल्के में न लें -डॉक्टरों ने सलाह दी है कि 3 दिन से अधिक बुखार रहने पर डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों की जांच करानी चाहिए।



# क्या ज्यादा मात्रा में हेल्दी फूड्स खाने से वजन बढ़ता है?

ज्यादा मात्रा में कोई भी चीज बुरी होती है, फिर चाहे आप स्वस्थ आहार का ही सेवन क्यों नहीं कर रहे हैं। इसको स्पष्ट करते हुए दिव्या गांधी समझाती हैं, हेल्दी फूड्स को भी सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए। असल में, हेल्दी फूड्स में भी सीमित मात्रा में कैलोरी होती है। अगर आप ओवर ईटिंग कर बैठते हैं, तो शरीर में कैलोरी की मात्रा बढ़ सकती है। यह वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार स्थिति मानी जाती है दिव्या गांधी आगे कहती हैं, अधिक मात्रा में पौष्टिक आहार का सेवन करने से शरीर उसे फैट की तरह स्टोर करता है। यह भी मोटापा बढ़ाने का कारण बन सकता है।

## हेल्दी फूड खाते हुए वजन को नियंत्रित कैसे रखें?

हालांकि, यह सच है कि ज्यादा मात्रा में हेल्दी फूड खाने से मेटाबॉलिज्म पर उतना नेगेटिव असर नहीं पड़ता है, जितना जंक या प्रोसेस्ड फूड खाने से होता है। इसके बावजूद, ज्यादा मात्रा में हेल्दी फूड खाना भी सही नहीं है। हेल्दी फूड खाते हुए वजन को नियंत्रित करने के लिए इन टिप्स को अपनाएं-

**पोर्शन कंट्रोल:** हेल्दी फूड को भी सीमित मात्रा में ही खाया जाना चाहिए। खासकर, स्नैक्स और नट्स आदि की मात्रा कम रखें।

**माइंडफुल ईटिंग करें:** हेल्दी फूड न सिर्फ सीमित मात्रा में खाएं, बल्कि चबा-चबाकर खाएं। जैसे ही पेट भर जाएगा, बॉडी को सिग्नल मिलेगा कि अब खाना बंद कर दें।




# मीराबाई चानू ने भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स का पहला गोल्ड पदक दिलाया

एजेंसी ▸▸ ग्लासगो




मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है। उन्होंने विमेंस वेटलिफ्टिंग की 48 ˚ वेट कैटेगरी में कुल 190 किलो वजन उठाया। भारतीय वेटलिफ्टर ने स्नैच में 85 किलो और क्लीन एंड जर्क में 105 किलो वजन उठाया।

मीराबाई का यह लगातार तीसरा कॉमनवेल्थ गोल्ड है। उन्होंने 2018 के गोल्डकोस्ट और 2022 के बर्मिंघम गेम्स में भी गोल्ड जीता था। वे ग्लासगो गेम्स 2014 में सिल्वर भी जीत चुकी हैं। रविवार को ही ऋषिकांत सिंह ने मेंस 60 किलोग्राम और राजा मुथुपांडी ने मेंस 65 किलोग्राम वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल अपने नाम किए। ऋषिकांत ने 264 किलोग्राम (121+143) और राजा ने 286 किलोग्राम (126+160) वजन उठाया। झंडू कुमार ने शुक्रवार को पैरा पावरलिफ्टिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

ग्लासगो गेम्स में भारत के अब 4 मेडल (1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज) हो गए हैं। भारत मेडल टैली में आठवें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 17 गोल्ड सहित 39 मेडल के साथ टॉप पर बना हुआ है। टोक्यो ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई स्नैच के पहले प्रयास में 82 किलो वजन नहीं उठा पाई। इसके बाद उन्होंने दूसरे में 82 और तीसरे में 85 किलो उठाकर कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड बना दिया। चानू क्लीन एंड जर्क में भी पहला प्रयास चूक गईं। उन्होंने दूसरे प्रयास में 105 किलो उठाकर गोल्ड अपने नाम किया।

यह ऋषिकांत का दूसरा कॉमनवेल्थ गेम्स था। उन्होंने ग्लासगो में पुरुषों के 60˚ वेट में सिल्वर मेडल जीता। गोल्ड मलेशिया के अनीक कसदान के नाम रहा। इससे पहले वह बर्मिंघम 2022 में 55˚ वेट में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। ऋषिकांत मौजूदा कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के चैंपियन भी हैं।

## भारत ने जिम्बाब्वे को 35 रन से हराया, 3-0 से टी-20 सीरीज जीती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी-20 में 35 रन से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। हरारे में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी।

भारत की जीत के हीरो वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने 49 गेंदों पर 81 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में मयंक यादव ने 3 विकेट लिए। यश ठाकुर को 2 विकेट मिले। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा 2 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और ईशान किशन (29) ने दूसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर पारी संभाली। ईशान के आउट होने के बाद वैभव ने कप्तान श्रेयस अय्यर (27) के साथ 50 रन की साझेदारी की। 193 रन का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे ने पहली बॉल पर विकेट गंवा दिया। टीम के लिए रयान बर्ल ने सबसे ज्यादा नाबाद 54 रन बनाए।

वैभव सूर्यवंशी को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने तीन मैचों में 151 रन बनाए। मैच के बाद वैभव ने कहा कि हरारे पहुंचने के बाद टीम ने दो-तीन दिन अच्छी तैयारी की थी और उन्हें यहां खेलना हमेशा पसंद है।

वैभव ने कहा, मेरा लक्ष्य हर मैच में टीम को तेज शुरूआत दिलाना था। अगर अच्छी शुरूआत मिल जाए तो पारी को बड़ा बनाने की कोशिश करता हूं। दोनों अवॉर्ड को वैभव ने सपना सच होने जैसा पल बताया। 193 रन का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। रयान बर्ल ने 43 गेंदों में 54 रन बनाए।

## पहले टेस्ट में पाकिस्तान 199/3, वेस्टइंडीज पहली पारी में 311 पर ऑलआउट

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन का खेल पाकिस्तान के नाम रहा। वेस्टइंडीज को पहली पारी में 311 रन पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 199 रन बना लिए। शान मसूद 88 रन बनाकर नाबाद हैं और अपने शतक से सिर्फ 12 रन दूर हैं। पाकिस्तान अभी पहली पारी के आधार पर 112 रन पीछे है, जबकि उसके 7 विकेट बाकी हैं। दूसरे दिन की शुरूआत में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने पुरानी गेंद से शानदार स्विंग कराई।

## प्रतिष्ठा सामंत वॉल्ट फाइनल में पहुंचीं, प्रणति नायक चूकीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कॉमनवेल्थ गेम्स की महिला जिम्नास्टिक स्पर्धा में भारत की 22 साल की प्रतिष्ठा सामंत ने वॉल्ट इवेंट के फाइनल में जगह बना ली। क्वालिफिकेशन में पश्चिम बंगाल की प्रतिष्ठा ने 13.025 अंक के साथ 5वां स्थान हासिल कर टॉप-8 में जगह बनाई। वहीं, भारत की अनुभवी जिम्नास्ट प्रणति नायक 12.555 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहीं और तीसरी रिजर्व खिलाड़ी बनीं। ईशिता रेवाले (11.725) 15वें तथा निष्का अग्रवाल (11.075) 19वें स्थान पर रहीं। ऑल-अराउंड में प्रतिष्ठा (42.250) 27वें और ईशिता (41.700) 28वें स्थान पर रहीं। दोनों फाइनल में नहीं पहुंच सकीं।

# सचिन का रिकॉर्ड टूटा: वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द सीरीज जीतने वाले यंगेस्ट प्लेयर

एजेंसी ▸▸ हरारे

भारत ने तीसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 35 रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। सबसे ज्यादा 151 रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वे इंटरनेशनल क्रिकेट में यह अवॉर्ड जीतने वाले दुनिया के यंगेस्ट खिलाड़ी बन गए।

हरारे में सूर्यवंशी ने 49 गेंद पर 81 रन बनाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में ऐसा करने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। सूर्यवंशी इस साल टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा 86 छक्के लगा चुके हैं। सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 15 साल 121 दिन की उम्र में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। सूर्यवंशी ने अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान का रिकॉर्ड तोड़ा। मुजीब 16 साल 328 दिन की उम्र में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे। सूर्यवंशी 15 साल 121 दिन की उम्र में प्लेयर ऑफ द मैच बने। वे इंटरनेशनल में यह अवॉर्ड जीतने वाले यंगेस्ट भारतीय बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन ने 17 साल 112 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। सूर्यवंशी ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी भी बने। सिएरा लिओन के एलुसिन तुरे इंटरनेशनल में प्लेयर ऑफ द मैच जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं।




**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### वकील के सूने मकान में लाखों की चोरी जेवर-नकदी और जमीन के दस्तावेज ले गए

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में चोरों ने एक वकील के सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, नकदी तथा जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर ले गए। वारदात के दौरान आरोपियों ने घर में जमकर तोड़फोड़ भी की। पुलिस को संदेह है कि घटना में बाग-टांडा गिरोह के चोरों का हाथ हो सकता है। पुलिस के अनुसार सिल्वर पार्क, बाल्याखेड़ा निवासी सौरभ पाटोदिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सौरभ पेशे से वकील हैं। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई की शाम 7 बजे से 26 जुलाई की दोपहर के बीच किसी समय बदमाश मकान के ताले तोड़कर घर में घुसे। सौरभ ने बताया कि वह परिवार के साथ एक उद्यापन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लौटते समय शिप्रा क्षेत्र में उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके कारण उन्हें देवास में रुकना पड़ा। अगले दिन घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले और अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था।

### अतिजर्जर मकान पर चली निगम की पोकलेन-जेसीबी 100 साल से ज्यादा पुराने मकान को किया जमींदोज

**इंदौर।** एमजी रोड (जेल रोड के समीप) पर नगर निगम ने सोमवार को अतिजर्जर मकान को जमींदोज करने की कार्रवाई की। इसके पहले भी निगम कार्रवाई करने पहुंची थी, लेकिन उस समय कार्रवाई नहीं कर पाई थी। सोमवार को नगर निगम का अमला दलबल के साथ पोकलेन और जेसीबी मशीन लेकर पहुंचा। मेन रोड के बजाए टीम ने मकान के पिछले हिस्से से मशीन लगाकर मकान को धराशाही करने की कार्रवाई की। हालांकि इस दौरान रोड चालू था। जर्जर स्थिति में होने के चलते चंद ही मिनट में मकान जमींदोज हो गया। भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने बताया कि झोन नंबर 3 में जेल रोड पर एक मकान पर रिमूवल की कार्रवाई की गई। ये मकान 100 से 125 साल पुराना था और अति जर्जर स्थिति में था। पूर्व में मकान मालिक को नोटिस भी दिए हुए है। यहां कोई रह नहीं रहा था। मगर नीचे दो दुकानें थी। जिन्हें खाली करा लिया गया था। पिछले सोमवार को भी रिमूवल की कार्रवाई के लिए टीम पहुंची थी, लेकिन कोर्ट की केस की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई नहीं की।

### इंदौर में बदमाशों पर पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में, एसीपी ने दिए जांच के आदेश

**इंदौर।** इंदौर पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाशों के हाथ-पैर में पट्टी बंधी थी। लेकिन जब उनको जेल भेजा जा रहा था, तब उनके हाथ-पैर में पट्टी नहीं थी। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। मामला हीरानगर थाना इलाके का है, जहां 23 जुलाई को कार और बाइक की टक्कर के बाद दो गुटों में विवाद हो गया था। मामले में पुलिस ने शोभित साक्यवार, निक्की अहिरवार, ओम उर्फ देवाय और एक अन्य आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। रविवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला गया। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजने के आदेश हुए। देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें जेल गेट के बाहर खड़े आरोपियों को पट्टियां बंधी नहीं दिखीं। वे पास ही दीवार किनारे पड़ी थीं। वीडियो सामने आने के बाद आरोप लग रहे हैं कि पुलिसकर्मियों ने रिश्वत लेकर केवल दिखावे के लिए आरोपियों के हाथ में पट्टियां बांधी थीं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### महाराष्ट्र के भायंदर में चातुर्मास प्रवेश, मुनि निपुणरत्नविजयजी ने धर्मसभा में संदेश दिया

**झाबुआ।** जैन साधु मुनिराज निपुणरत्नविजयजी महाराज साहब का चातुर्मास प्रवेश रविवार को महाराष्ट्र के भायंदर में हुआ। इस मौके पर जापान से 81 श्रद्धालु भी पहुंचे। श्री थराद त्रिस्तुतिक जैन संघ, मुंबई ने 'मग्गदयाणं' नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. प्रदीप संघवी ने बताया कि जापान से आए सभी श्रद्धालु गुरुदेव पुण्य सम्राट श्रीमद् जयंतसेन सूरीश्वरजी से प्रभावित हैं। वे उनके शिष्य मुनिराज निपुणरत्नविजयजी महाराज से जुड़े हुए हैं। किसी जैन मुनि के चातुर्मास प्रवेश में विदेश से इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना खास माना जा रहा है। चातुर्मास प्रवेश से पहले शोभायात्रा निकाली गई। यह नवकार पार्श्वनाथ जिनालय और गुरुमंदिर से होकर नूतन थराद भवन, जयंतगिरि स्थित चातुर्मास स्थल पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने नवकार मंत्र, गुरु वंदना, भजन और जयघोष के साथ मुनिश्री का स्वागत किया। झाबुआ जिले से भी 100 से ज्यादा श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए।

### थांदला में पीएम आवास योजना के 495 नाम पढ़े गए, हितग्राहियों ने नाम सुनकर खुशी जताई

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के थांदला की ग्राम पंचायत उदयपुरिया में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के 495 पात्र हितग्राहियों की सूची पढ़कर सुनाई गई। ग्राम सभा की अध्यक्षता सरपंच भारत कटारा ने की। ग्राम सभा का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत हितग्राहियों की सूची को पारदर्शी तरीके से ग्रामीणों के सामने प्रस्तुत करना था। सरपंच भारत कटारा ने बताया कि पंचायत को कुल 495 आवास स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। पंचायत सचिव मसुल वसुनिया ने ग्राम सभा में सभी 495 हितग्राहियों की सूची का विस्तार से वाचन किया। प्रशासन के निर्देशानुसार यह सूची पंचायत भवन के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की जाएगी, ताकि ग्रामीण आसानी से उसका अवलोकन कर सकें। सूची में अपना नाम आने पर कई हितग्राहियों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने सरकार और ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना के तहत अब उन्हें पक्का घर मिलने की उम्मीद है।

### नारखेड़ी रोड एक साल से जर्जर गड्ढों में पानी भरने से हादसे भी बढ़े

**धार।** धार शहर का सुनारखेड़ी मार्ग पिछले एक साल से अधिक समय से खराब हालत में है। इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के तहत नागदा-गुजरी रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के कारण इस सड़क का उपयोग वैकल्पिक मार्ग के रूप में किया जा रहा है। रोजाना हजारों वाहन इस रास्ते से गुजरते हैं, जिससे सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान इनमें पानी भर जाता है। इससे वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को होती है। कई बार वाहन फिसल जाते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की हालत पिछले एक साल से ऐसी ही है, लेकिन अब तक इसकी स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई। इसी मार्ग से रोजाना हजारों लोग स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और अपने कार्यस्थल तक पहुंचते हैं। स्थानीय निवासी राजेश ने बताया कि नागदा-गुजरी रेलवे ओवरब्रिज बंद होने के बाद सुनारखेड़ी मार्ग पर यातायात कई गुना बढ़ गया है।

## नैनो न्यूज

- **व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए फायर सेफ्टी सख्ती-** इंदौर नगर निगम ने होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए हैं।
- **मानसून से बाजारों में बढ़ी रौनक-** इंदौर में बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है, जिससे रौनक बढ़ने की उम्मीद है। कपड़ा, खाद्य पदार्थ और रिटेल कारोबार में कारोबारियों को बिक्री बढ़ने की संभावना दिख रही है।
- **शेयर बाजार पर नजर-** सप्ताह की शुरूआत में भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ खुले। रुपये में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों का रुझान बेहतर रहा।
- **औद्योगिक गतिविधियां सामान्य-** पीथमपुर और इंदौर औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन सामान्य रूप से जारी है। ऑटोमोबाइल, फार्मा और इंजीनियरिंग इकाइयों में नियमित व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं।

### नीट पेपर लीक विरोध में गिरफ्तार छात्रों के गंभीर आरोप: अपशब्द कहे-मानसिक रूप से प्रताड़ित किया

# बातचीत के बहाने बुलाकर जेल भेजा, अपराधियों जैसा व्यवहार किया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

नीट पेपर लीक के विरोध में 23 जुलाई को इंदौर में प्रस्तावित 'न्याय यात्रा' से पहले गिरफ्तार किए गए छह छात्र नेताओं ने रिहाई के बाद पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि उन्हें डीसीपी से बातचीत के बहाने ले जाकर धारा 151 के तहत जेल भेज दिया गया। उनसे अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया।

पुलिसकर्मियों ने अपशब्द कहे और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उनका यह भी कहना है कि मोबाइल छीन लिए गए और चार दिनों तक उनके परिवारों को उनकी जानकारी तक नहीं दी गई। जिससे परिजन परेशान रहे।

नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के राधे जाट ने बताया कि पुलिस ने उन्हें यह कहकर बुलाया था कि डीसीपी से न्याय यात्रा को लेकर चर्चा कराई जाएगी। इसी भरोसे पर वे पुलिस के साथ चले गए। उनका आरोप है कि रास्ते में उनके मोबाइल फोन बंद करवा दिए गए। इसके बाद पहले जिला अस्पताल चौकी और फिर चंदन नगर थाने ले जाया गया। अगले दिन मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एसीपी जूनी इंदौर के समक्ष पेश किया गया और फिर जेल भेज दिया गया।

**'पुलिस को पहले ही दी थी यात्रा की जानकारी'-** राधे जाट ने कहा कि उन्होंने हमेशा पुलिस का सहयोग किया। न्याय यात्रा के लिए एक दिन पहले पुलिस कमिश्नर कार्यालय जाकर अनुमति भी मांगी थी और एसीपी को यात्रा की पूरी रूपरेखा बताई थी। उनके अनुसार रैली में करीब 10 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना थी।





#### कमिश्नरी व्यवस्था और धारा 151 की समीक्षा की मांग

छात्र नेताओं ने इंदौर में लागू कमिश्नरी व्यवस्था और धारा 151 के कथित दुरुपयोग की समीक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी नाराजगी जताई कि गिरफ्तारी के बाद किसी भी राजनीतिक दल के नेता ने उनका हालचाल तक नहीं पूछा।

#### न्याय यात्रा के पहले किया गिरफ्तार

छात्र नेताओं का आरोप है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे सुरेंद्र यादव के साथ पुलिस ने अपशब्द कहे और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उनका कहना है कि उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया। इस मामले में विजय चौधरी, चंद्रशेखर गुर्जर, गौरव परिहार और हरिप्रपन्न गोस्वामी को न्याय यात्रा के पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

#### चार दिन तक परिवार को नहीं दी जानकारी

रिहा हुए छात्र नेताओं का कहना है कि चार दिनों तक उनके परिवारों को यह तक नहीं बताया गया कि वे कहां हैं। रिहाई के समय उनसे बॉन्ड ओवर भी भरवाया गया। उनका कहना है कि उन्होंने पहले भी एमपीपीएससी, पटवारी भर्ती घोटाले और अन्य छात्र आंदोलनों में प्रदर्शन किए हैं, लेकिन पहले कभी इस तरह की कार्रवाई नहीं हुई।

### ब्रेन डेड आर्टिस्ट की किडनियां और लिवर इंदौर में ट्रांसप्लांट, आई बैंक को दीं आंखें

# अहमदाबाद के युवक के सीने में धड़केगा गौरव का दिल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

खजूरी बाजार निवासी सतीश दवे और कविता दवे के 25 वर्षीय बेटे गौरव को 13 जुलाई को अचानक ब्रेन हेमरेज हुआ। उन्हें राजश्री अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन गौरव की हालत नहीं सुधरी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत दो बार मेडिकल चेकअप के बाद स्पेशलिस्ट टीम ने गौरव को रविवार रात ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

जवान बेटे को खोने के दर्द के बीच ही दवे परिवार ने ऐसा फैसला लिया, जिसने कई लोगों की जिंदगी में नई उम्मीद जगा दी। परिवार की सहमति से गौरव का हार्ट, लिवर, किडनियां और आंखें दान की गई हैं। इसके लिए सोमवार को इंदौर में 68वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। परिवार का इकलौता बेटा गौरव फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग डायरेक्टर का काम करते थे। वे एक्टर भी बनना चाहते थे। पिता सतीश दवे सरकारी नौकरी से रिटायर्ड हैं। मां गृहिणी हैं। छोटी बहन वैदेही की शादी हो चुकी है। ब्रेन डेथ की पुष्टि होने के बाद गौरव की बहन वैदेही राठी, बहनोई पल्केश राठी और भाई रितिक चावरे ने माता-पिता को संभाला। उनसे गौरव के अंग दान करने को लेकर बातचीत की। माता-पिता ने इसके लिए सहमति दे दी। अंगदान की प्रक्रिया में मुस्कान पारमार्थिक ट्रस्ट के सेवादार जीतू बगानी, संदीपन आर्य और लकी खत्री ने दवे परिवार का सहयोग किया। आर्य ने बताया कि डॉक्टरों ने परिवार को ब्रेन डेथ और अंगदान के बारे में समझाया। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू की गई। गौरव के साथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली ड्रीम वर्ल्ड मूवीज एंड प्रोडक्शन की एचओडी महक राज ने कहा- करीब 4 साल पहले बी.कॉम करने के बाद गौरव इंडस्ट्री से जुड़ गए थे। इंदौर में रहकर ही काम करते थे।



#### लिवर-किडनी, आंखें इंदौर में प्रत्यारोपित

सोमवार सुबह गौरव का लिवर राजश्री अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती 42 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपित किया गया। हार्ट ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अहमदाबाद स्थित यूएन मेहता हॉस्पिटल भेजा गया, जहां 28 वर्षीय युवक को लगाया जाएगा।

# श्री सुधासागर जी महाराज संसघ का ऐतिहासिक भव्य मंगल प्रवेश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



सर सेठ हुकुमचंद जी की धर्म नगरी इंदौर में तीर्थ चक्रवृती परम पूज्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज संसघ का ऐतिहासिक भव्य मंगल प्रवेश हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि भव्य मंगल प्रवेश शोभा यात्रा में हाथी-घोड़े, बग्गी-बैंडबाजे के साथ इंदौर के जनप्रिय सांसद शंकर लालवानी ने राजवाड़ा पर गुरु देव की मंगल आगवानी कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जय जय गुरुदेव के जयकारों से गूंजा शहर। सकल दिगंबर जैन समाज धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में आयोजित निर्यापक मुनिपुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज संसघ का मंगल प्रवेश शनिवार को इंदौर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। हाथी, घोड़े, बग्गी, ढोल-नगाड़े, बैंडबाजे और भक्ति के जयकारों के साथ निकली भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा में पूरा शहर धर्ममय हो गया। दद्दू ने कहा कि आकर्षण का केंद्र रहे पारंपरिक दल शोभायात्रा में उज्जैन से आए भस्म रमैया ग्रुप के डमरू वादक दल, झांझ मंजरी वादक दल, पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे युवक-युवतियों के नृत्य दल और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भक्तों का मन मोह लिया। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष सपना मनीष गोधा, नवीन आनंद गोधा हर्ष जैन ने कहा कि शोभायात्रा मार्ग पर विभिन्न संगठनों के मंच से पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का अभिनंदन किया।

# ऑटो ड्राइवर को कुचलने वाला हाथी गायब

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

हाथी के हमले में ऑटो ड्राइवर की मौत मामले में महावत उमेश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। पशु को नियंत्रित करने में लापरवाही बरतने की धारा भी लगाई गई है। पूछताछ के बाद रविवार रात उमेश को थाने से छोड़ दिया गया। दूसरी तरफ, हाथी को भी संचालक गौ आश्रम से ले गए। ये कहां गए हैं, इसका पता नहीं चल सका है।

दरअसल, रविवार को राजनगर पुलिस चौकी के पास एक हाथी ने ऑटो ड्राइवर विजय होलकर को सूंड से उठाकर पटक दिया और पैर से कुचल दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल विजय को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। टीआई तिलक करोले ने कहा- महावत उमेश उज्जैन के मंगलनाथ रोड स्थित निर्मोही अखाड़ा के पास रहता है। पूछताछ में उमेश ने बताया कि वह हाथी के साथ एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने इंदौर आया था। उसके अनुसार हाथी पहले कभी इस तरह आक्रामक नहीं हुआ था। घटना के बाद हाथी को पंचकुईया मंदिर के पास बने गौ आश्रम में बांधा गया था। सोमवार को पता चला कि हाथी को उसके संचालक अपने साथ ले गए हैं। फिलहाल हाथी कहां है, इसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं, चंदन नगर पुलिस और संबंधित विभाग भी हाथी को रखने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं ले पाए हैं।

### महापौर ने कहा- समय सीमा में पूरा करें काम, क्वालिटी से समझौता नहीं किया जाएगा

# 15 अगस्त तक चालू होगी मास्टर प्लान की रोड

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के किला मैदान तिराहे से जिंसी होते हुए नेमीनाथ चौराहे तक मास्टर प्लान की रोड बनाई जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम के जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर और निगम के अधिकारियों ने जमीनी हकीकत देखी। महापौर ने अधिकारियों को काम की क्वालिटी को लेकर चेताया।

उन्होंने अधिकारियों से रोड बनाने के काम की डिटेल जानकारी ली और कहा कि किला मैदान तिराहा से जिंसी चौराहा होते हुए नेमीनाथ चौराहे तक बनने वाली यह रोड शहर के प्रमुख और अत्यधिक व्यस्त रास्तों में से एक है। इस रोड के पूरा होने से इलाके के लोगों को बेहतर ट्रैफिक सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि टाइम पर काम पूरा करें और क्वालिटी के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। महापौर ने विशेष रूप से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहा से जिंसी चौराहे तक एक लेन का काम तेजी से पूरा करने को कहा और कहा कि बाकी जरूरी काम भी 15 अगस्त तक हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि इस रोड पर एक लेन का ट्रैफिक शुरू किया जा सके। इससे इलाके में आवागमन सुचारू होगा और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

#### सभी विभागों से करें बेहतर समन्वय

महापौर ने यहां रहवासियों से बातचीत की। लोगों ने रोड के काम की प्रोग्रेस पर संतोष जताया। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि रोड बनाने के दौरान लोगों को कम से कम असुविधा हो और ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू रूप से चलती रहे। महापौर ने रोड बनाने के साथ-साथ स्टॉम वॉटर ड्रेनेज लाइन, पानी की सप्लाई की लाइन और सीवरेज लाइन बनाने के कामों का भी रिव्यू किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विभिन्न कामों की वर्तमान स्थिति, टेक्निकल प्रोग्रेस और बचे हुए कामों की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर समय पर काम पूरा करने को कहा।

# युवक ने छात्रा को मिलने बुलाया, दोस्त को सौंप दिया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

एमआईजी थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद एक युवक ने छात्रा को मिलने बुलाया और फिर अपने दोस्त के पास छोड़ दिया। वहां दूसरे युवक ने छात्रा को घर ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एमआईजी पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर हितेंद्र और उसके साथी प्रियांशु के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब एक माह पहले उसकी पहचान सोशल मीडिया पर प्रियांशु से हुई थी। दोनों के बीच मैसेज और मोबाइल पर बातचीत होने लगी। इसके बाद प्रियांशु ने उसकी बहन के मोबाइल नंबर पर कॉल कर उसे मिलने के लिए बुलाया। पीड़िता घर पर बिना बताए प्रियांशु से मिलने पहुंची। आरोप है कि पहले प्रियांशु उसे बाइक पर घुमाता रहा। बाद में उसने अपने दोस्त हितेंद्र को बुलाया और छात्रा को घर छोड़ने की बात कहकर उसके साथ भेज दिया। पीड़िता का आरोप है कि हितेंद्र उसे अपने घर ले गया, जहां उसने उसके साथ जबरदस्ती करने और अश्लील हरकतें करने का प्रयास किया।

# आरआर केट के इलेक्ट्रॉनिक बूम बैरियर तोड़कर परिसर में घुसी कार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित आरआर कैट के मुख्य प्रवेश द्वार पर रविवार देर रात एक कार चालक ने इलेक्ट्रॉनिक बूम बैरियर तोड़कर जबरन परिसर में प्रवेश कर लिया। घटना में शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका उपचार चल रहा है।

राजेंद्र नगर पुलिस ने आरआर कैट निवासी वसंत कुमार कुमरे की शिकायत पर कार के चालक सारिम जफर मंसूरी निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी के खिलाफ शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 12.30 बजे कैट चौराहे पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस जांच से बचने के प्रयास में सारिम अपनी कार लेकर सीधे आरआर कैट परिसर की ओर पहुंचा और मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे इलेक्ट्रॉनिक बूम बैरियर को तोड़ते हुए अंदर घुस गया। बैरियर टूटने से शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद आरआर कैट के सुरक्षा गार्ड कार के पीछे दौड़े। कुछ दूरी पर चालक ने वाहन रोक दिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। थाने में पूछताछ के दौरान सारिम पुलिस के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस ने उसके मोबाइल से परिवार से संपर्क किया।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com